सूर्योदय 5:42 सूर्यास्त 7:11

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 19.0 न्यू | 25.5 अधि |
| धर्मशाला | 22.1 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81741.34 |
| निफ्टी | 24951.15 |
| सोना 69,820 | चांदी 85,430 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




तृप्ति डिमरी आईएमडीबी की लिस्ट में टॉप पर

पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 1 अगस्त 2024 | 17 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 225, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### प्रीति सूदन यूपीएससी की अध्यक्ष नियुक्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व स्वास्थ्य सचिव प्रीति सूदन को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की अध्यक्ष नियुक्त किया है। इससे पहले मनोज सोनी ने इस महीने के प्रारंभ में यूपीएससी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। सूदन वीरवार को यूपीएससी अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगी।

### केजरीवाल, सिसोदिया व कविता की हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** मनी लांड्रिंग मामले में सीबीआई की ओर से दर्ज केस मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ा दी है। सुनवाई के दौरान तीनों आरोपियों को कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया

### यूपीएससी ने खेडकर की रद्द की सिलेक्शन



**नई दिल्ली।** यूपीएससी ने आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर की उम्मीदवारी रद्द कर दी है और भविष्य में किसी भी परीक्षा में उनके शामिल होने पर रोक लगा दी है। वहीं, दिल्ली की एक अदालत धोखाधड़ी और जालसाजी के एक मामले में आरोपी आईएएस प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर की अग्रिम जमानत अर्जी पर एक अगस्त को फैसला सुनाएगी।

### साधना आर्मी मेडिकल सर्विस की डीजी बनीं



**नई दिल्ली।** लेफ्टिनेंट जनरल साधना सक्सेना नायर को बुधवार को आर्मी की मेडिकल सर्विस का डायरेक्टर जनरल बनाया गया है। साधना पहली अगस्त से पदभार संभालते ही इस पद पर काम करने वाली पहली महिला बन जाएंगी। पिछले साल अक्तूबर में वायुसेना में एयर मार्शल पद पर प्रमोट किए जाने के बाद साधना को हॉस्पिटल सर्विसेस की डायरेक्टर जनरल बनाया गया था।

### बिभव कुमार की जमानत याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट का मामले में बिभव कुमार की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में वीरवार को सुनवाई होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 12 जुलाई को जमानत याचिका को खारिज किया था।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- हिमाचल में 18 वर्ष से कम 250 से अधिक बच्चों में एड्स -पेज 3
- खां का सीना छलनी कर रहा खनन माफिया -पेज 4
- टेंपो-थ्री व्हीलर की टक्कर में थ्री व्हीलर चालक की मौत -पेज 7
- अग्निवीर योजना राष्ट्रीय हित में : निर्मला सीतारमण -पेज 13
- स्वियातेक ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में -पेज 14


### आयुष्मान भारत योजना के मनी लांड्रिंग केस जांच मामले में छापेमारी

# हिमाचल में दो कांग्रेस नेताओं के ठिकानों पर ईडी की दबिश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने आयुष्मान भारत योजना में कथित धोखाधड़ी से जुड़े मनी लांड्रिंग के केस की जांच को आगे बढ़ाते हुए बुधवार को हिमाचल प्रदेश के पांच जिलों में कांगड़ा, ऊना, शिमला, मंडी, कुल्लू, भुंतर व हाथीथान में दबिश दी। ईडी ने सुबह ही कांगड़ा जिले के दो बड़े कांग्रेस नेताओं आरएस बाली और डॉ. राजेश शर्मा के ठिकानों पर छापेमारी कर रिकॉर्ड खंगाले।

ईडी ने कांगड़ा के फोर्टिस और बालाजी अस्पताल में दबिश दी। वहीं, ऊना जिले के रक्कड़ कॉलोनी स्थित बांके बिहारी अस्पताल में भी दबिश दी। उक्त अस्पताल में साल जनवरी 2023 में आयुष्मान कार्ड को लेकर घोटाले के आरोप लगे, जिसमें थाना विजिलेंस ऊना में मामला दर्ज किया गया। ऊना जिले में सुबह एक साथ तीन जगह पर दबिश दी, जहां देर शाम तक दस्तावेजों को छानबीन की गई। यह तीनों स्थान ऊना के एक ही अस्पताल से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। ऊना जिला मुख्यालय में ऊना-चंडीगढ़ नेशनल हाईवे पर स्थित निजी अस्पताल संचालक के घर और अस्पताल के एक कर्मचारी के पंजाब के नंगल स्थित निवास पर दबिश दी। अस्पताल के प्रबंध निदेशक के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची और शाम तक कार्रवाई जारी रही। आयुष्मान योजना से जुड़े कई दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। ईडी के लगभग 200 सदस्यों की टीमें 40 गाड़ियों में हिमाचल पहुंची थीं।



### देशभर में 19 स्थानों पर छापेमारी

**हिमाचल** प्रदेश के अलावा ईडी ने दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, उत्तर प्रदेश और जम्मू-कश्मीर समेत कुल 19 स्थानों पर छापेमारी की। ईडी की कार्रवाई देर रात तक चलती रही। यह छापामारी फर्जी आयुष्मान भारत आईडी कार्ड बनाने और अस्पतालों के खिलाफ योजना के उल्लंघन से संबंधित मामले में की गई है। ऐसे फर्जी कार्डों पर कई मेडिकल बिल बनाए गए हैं, जिससे सरकारी खजाने और जनता को नुकसान हुआ है।

### घबराने की कोई जरूरत नहीं : बाली

**ईडी** की दबिश पर आरएस बाली ने अपने समर्थकों के लिए अपने फेसबुक अकाउंट पर संदेश जारी किया है। बाली ने लिखा कि मैं आपको सूचित करना चाहता हूं कि 29 जुलाई को मैं अपने परिवार-सहित बेटे रियान की छुट्टियों के दौरान दो दिन के लिए बाहर आया था, अभी मुझे पता चला कि मेरे निवास मजदूर कुटिया पर कुछ अधिकारी आए हैं। मैं अपने परिवार सहित वापस आ रहा हूं। हम जांच एजेंसियों की इज्जत करते हैं और उन्हें अपना पूरा सहयोग देंगे। घबराने की कोई जरूरत नहीं है। जब आप एक पॉलिटिकल जिंदगी जीते हैं तो कई बार इस तरह की चीजों का सामना करना पड़ता है।



**आयुष्मान** भारत योजना को लेकर की गई शिकायत पर 2023 में विजिलेंस थाना ऊना में निजी अस्पताल के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। ईडी की छापेमारी पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता, क्योंकि यह ईडी के अधिकार क्षेत्र का मामला है।

**-बलवीर सिंह, एसपी, नॉर्दर्न रेंज विजिलेंस विभाग धर्मशाला।**

# वायनाड में अपनों के शव देख फफक पड़े लोग, नम आंखों से अंतिम संस्कार

### मरने वालों की संख्या 167 से ज्यादा हुई, सैकड़ों अब भी लापता



**एजेंसी, वायनाड (केरल)**

**केरल** के वायनाड जिले में हुए भू-स्खलन से मृतकों की संख्या 167 से ज्यादा पहुंच गई है और अभी भी 191 से अधिक लोग लापता हैं। 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बुधवार को वायनाड में अपनों के शव देख लोग फफक फफक कर रो पड़े। वहीं, नम आंखों से अपनों का अंतिम संस्कार किया। जिला प्रशासन ने बताया कि बचावकर्मी मलबे में दबे लोगों की तलाश में जुटे हैं, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। जान गंवाने वाले 167 लोगों में 18 बच्चे हैं। 86 शवों की शिनाख्त कर ली गई है और 147 का पोस्टमार्टम किया जा चुका है। जिला प्रशासन ने कहा कि 52 अंग भी मिले हैं, जिनमें से 42 का पोस्टमार्टम करवा लिया है। 213 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेना, नौसेना और (एनडीआरएफ) के बचाव दल मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं। यह भू-स्खलन की घटनाएं मंगलवार को तड़के दो बजे और चार बजकर 10 मिनट के बीच हुई, जिससे घरों में सो रहे लोगों को बचने का मौका भी नहीं मिल पाया। ओडिशा के दो चिकित्सक बिष्णुप्रसाद चिनारा और स्वाधीन पांडा लापता थे। ओडिशा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कहा कि डॉक्टर चिनारा का शव बरामद कर लिया है।

### 5,592 को बचाया और 8,017 लोगों को शिवरों में भेजा : मुख्यमंत्री विजयन

**केरल** के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने कहा कि वायनाड जिले के भू-स्खलन प्रभावित इलाकों से 167 शव बरामद किए गए हैं और सैकड़ों लोग अभी भी लापता हैं। 5,592 लोगों को बचाया गया है, जबकि 8,017 लोगों को 82 शिविरों में स्थानांतरित किया गया है। जिला प्रशासन के अनुसार, सैकड़ों लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है, जिससे मृतक संख्या बढ़ सकती है। सीएम ने कहा कि हमने अपनी धरती पर पहले कभी ऐसे भयानक दृश्य नहीं देखे हैं।

# शिक्षकों के तबादलों पर रोक 99 स्कूल तत्काल होंगे बंद

### शैक्षणिक सत्र के समापन पर ही होगी ट्रांसफर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश सरकार ने जारी की अधिसूचना**

**हिमाचल** सरकार ने राज्य में शून्य विद्यार्थी संख्या वाले 99 स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। वहीं, अध्यापकों के तबादलों पर रोक लगा दी है।

तबादले साल में केवल एक बार शैक्षणिक सत्र के समापन पर ही होंगे। सरकार ने कम विद्यार्थी संख्या वाले स्कूलों के पुनर्गठन व शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई बड़े फैसले लिए हैं। इस संबंध में सरकार की ओर से अधिसूचना जारी कर दी है। बीते दिनों हुई कैबिनेट बैठक के फैसले के बाद सरकार ने राज्य में शून्य विद्यार्थी संख्या वाले 99 स्कूलों को तत्काल बंद करने के निर्देश जारी किए हैं। 89 प्राथमिक व 10 माध्यमिक स्कूल शामिल हैं।

### पांच या पांच से कम विद्यार्थी संख्या वाले प्राथमिक स्कूल होंगे मर्ज

**पांच** या पांच से कम विद्यार्थी संख्या वाले प्राथमिक स्कूलों को उनके दो किलोमीटर की परिधि में स्थित दूसरे प्राथमिक या माध्यमिक स्कूल (जहां पांच से अधिक बच्चे हों) में मर्ज करने के निर्देश दिए हैं। पांच या पांच से कम विद्यार्थी संख्या वाले माध्यमिक स्कूलों को उनके तीन किलोमीटर की परिधि में स्थित दूसरे स्कूल जहां पांच से अधिक बच्चे हैं में मर्ज करने को कहा है।

# कोचिंग हादसे के लिए सरकारी सिस्टम जिम्मेदार : हाईकोर्ट

### प्राधिकारियों को फटकार, 'मुफ्तखोरी संस्कृति' के लिए दिल्ली सरकार की आलोचना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने राउ आईएएस कोचिंग सेंटर की इमारत के बेसमेंट में पानी भरने से तीन सिविल सेवा अभ्यर्थियों की मौत के मामले में प्राधिकारियों को बुधवार को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि जब मुफ्त की सौगातें बांटने की संस्कृति के कारण कर संग्रह नहीं होता है, तब ऐसी त्रासदियां होना स्वाभाविक है।



कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेदेला की पीठ ने कहा कि एक अजीब जांच चल रही है, जिसमें कोचिंग सेंटर के पास से गुजरने वाले कार चालक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गई, लेकिन दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों के खिलाफ नहीं। इस हादसे के लिए सरकारी सिस्टम जिम्मेदार है। यह सब मिलीभगत से हुआ है। एमसीडी अधिकारियों से पूछो कि नाली कहां है, तो नहीं बता पाएंगे, क्योंकि वे अपने एसी ऑफिस से बाहर ही नहीं निकलते। सिर्फ जूनियर अधिकारियों को सस्पेंड करके मामले का हल नहीं निकलेगा। वहीं, हाईकोर्ट ने दिल्ली सरकार की 'मुफ्तखोरी संस्कृति' की आलोचना की और तीन अभ्यर्थियों की मौत के लिए जिम्मेदारी मांगी। कोर्ट ने वीरवार तक कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है और 2 अगस्त को सुनवाई होगी।

### पांचों आरोपियों की जमानत की खारिज

**दिल्ली** कोचिंग हादसे मामले में तीस हजारी कोर्ट ने बुधवार को सभी पांचों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। इस मामले में बेसमेंट के मालिक और कार ड्राइवर जेल में बंद हैं।

### कोचिंग संस्थानों के 29 बेसमेंट सील

**दिल्ली** के ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर में हुए हादसे में बाद एमसीडी ने 29 बेसमेंट को सील कर दिया है। एमसीडी ने मंगलवार को मध्य दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में कोचिंग सेंटर के सात और बेसमेंट सील कर दिए, जबकि उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के राजधानी एन्क्लेव और पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार में एक-एक बेसमेंट सील किया गया है। वहीं, प्रीत विहार और राजधानी एन्क्लेव में स्थित क्रमशः संस्कृति अकादमी और प्रथम इंस्टीट्यूट के बेसमेंट पर भी कार्रवाई की है।

# शिमला सहित कई क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**तीन दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट**

**हिमाचल** प्रदेश के शिमला सहित कई क्षेत्रों में बुधवार को झमाझम बारिश हुई। मौसम विभाग शिमला ने कई भागों के लिए तीन दिन तक भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में 6 अगस्त तक बारिश का दौर जारी रहने का पूर्वानुमान है। वहीं, दो अगस्त तक कुछ भागों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 3 से 6 अगस्त के लिए येलो अलर्ट है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 36 घंटों में बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सिरमौर, सोलन, ऊना में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

# कंगना रनौत ने राहुल गांधी पर लगाया ड्रग्स लेने का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सांसद** कंगना रनौत के बयान से सियासी गलियारों में बवाल मच गया है। मंडी से सांसद बनी कंगना ने राहुल गांधी पर ड्रग्स लेने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि राहुल गांधी को अपना ड्रग टेस्ट करवाना चाहिए। जिस तरह से वो सदन में ऊट-पटांग बाते करते हैं, उससे लगता है कि वो ड्रग्स लेते हैं। दरअसल राहुल गांधी के 'चक्रव्यूह' वाले बयान पर पलटवार करते हुए कंगना ने यह तंज कसा है।



कंगना का कहना है कि बेशक मैं नई सांसद हूं, लेकिन राहुल गांधी जैसे संसद में आते हैं और जिस तरह के तर्क पेश करते हैं। उसे देख कर ऐसा लगता है कि वो हमेशा नशे में रहते होंगे। उनकी जांच की जानी चाहिए कि वो ड्रग्स लेते हैं या नहीं। कंगना के इस बयान के बाद सियासी गलियारों में बवाल मच गया है। कई विपक्षी नेताओं ने कंगना के इस बयान पर आपत्ति दर्ज करवाई है। सदन में भाषण के दौरान राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ दल बीजेपी पर निशाना साधा था। राहुल ने महाभारत के युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि अभिमन्यु को 'चक्रव्यूह' में घेर कर मारा गया था। 21वीं सदी में कमल (बीजेपी का चुनाव चिन्ह) का 'चक्रव्यूह' भी भारत को फंसा रहा है।







## न्यूज ब्रीफ

### मंडियों में सेब बागवानों के साथ धोखाधड़ी : अंकुश



**अनंत ज्ञान, कोटखाई।** अंकुश चौहान का कहना है कि हिमाचल की मंडियों में सेब बागवानों के साथ बहुत बड़ी धोखाधड़ी हो रही है। आज से पहले हिमाचल प्रदेश की सभी सेब मडियों में सेब गढ़ के भाव से बिकता रहा, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के साथ सेब की मंडियों का भी व्यवस्था परिवर्तन हो गया। कांग्रेस सरकार ने जनता से यह वादा किया था कि बागवान अपने सेबों के दाम खुद तय करेंगे। दाम तय करने की बात तो छोड़िए यहां तो जो किसानों का माल है, वह भी अब दर में बेचा जा रहा है। मुख्यमंत्री और बागवानी मंत्री से मांग है कि इन मंडियों में जो गोरखधंधा चल रहा है, वह तुरंत प्रभाव से बंद होना चाहिए।सरकार इसे तुरंत प्रभाव से रोके नहीं तो मजबूर हो कर फिर किस बागवानों को आंदोलन का रुख पकड़ना पड़ेगा।

### डिग्री कॉलेज चायल कोटी में हुआ इंडक्शन कार्यक्रम



**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में बीए, बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. दीपशिखा भारद्वाज ने विद्यार्थियों के वर्तमान और भविष्य को बेहतर और सफल बनाने के टिप्स दिए। इसके अलावा कॉलेज के माध्यम से दिए जाने वाले कोर्सेज, सुविधाएं एवं मूल्यों की जानकारी दी। मंच संचालन प्रो0 बोबिजा शर्मा ने किया। डॉ. अमृत मेहता ने विभिन्न संकायों एवं क्रेडिट की जानकारी दी। इसी प्रकार एनएसएस बारे जानकारी एनएसएस प्रभारी सुशील मेहता ने दी। डॉ. हरिंदर ठाकु ने खेल एवं रोवर रेंजर की तथा युवा महोत्सव की जानकारी डॉ हेमंत शर्मा ने दी। विद्यार्थियो ने इस कार्यक्रम में महाविद्यालय और उच्च शिक्षा के हर पहलू पर गहन जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में डॉ सुभाष कापटा, डॉ. अजय कायथ, प्रो. इंद्र प्रकाश नेगी, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. सुरेश कुमार, नरेश शर्मा एवं यमुना दत्त शर्मा ने शिरकत ली।

### किसान सभा शिमला में आज करेगी धरना-प्रदर्शन

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** किसान सभा अपनी मांगों को लेकर 1 अगस्त को शिमला में धरना-प्रदर्शन करेगी। सीपीआईएम नेता राकेश सिंघा की अध्यक्षता में आयोजित इस धरने में पर्यावरण अहम मुद्दा रहेगा। सतलुज जल विद्युत निगम के 382 मेगावाट सुन्नी जल विद्युत परियोजना के निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे को नदी में डाले जाने को लेकर प्रभावित पंचायतों के लोगों ने एक ओर जहां मोर्चा खोल रखा है तो दूसरी ओर परियोजना प्रबंधन इसके उचित निष्पादन का दावा कर रहा है। प्रभावित पंचायतों द्वारा गठित किसान सभा इकाई का कहना है कि जब से परियोजना का निर्माण कार्य आरंभ हुआ है निर्माण कार्य मे लगी कंपनियां एवं ठेकेदार मलबा सीधे नदी में डाल रहे हैं, जिससे नदी में खैरा से आगे सुन्नी तत्तापानी तक भारी सिल्ट जमा हो गई है। उनका कहना है कि इस बारे कई बार कंपनी अधिकारियों एवं परियोजना प्रबंधन के साथ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी इस बारे अवगत करवाया गया, परंतु कोई भी समाधान नहीं हो पाया।

### दुकान का ताला तोड़कर ज्वेलरी और नकदी चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी के बाबा मार्केट में चोरी की वारदात सामने आई है। यहां पर दुकान का ताला तोड़कर शातिर ज्वेलरी और नकदी चोरी कर ले गए हैं। थाना बालूगंज में वीरेंद्र कुमार निवासी मनसा कॉटेज लोयर कैंथू शिमला हाल ज्वेलर,ज्वेलरी शॉप बाबा मार्केट शिमला ने चारी का मामला दर्ज करवाया है कि रात को उसकी दुकान का ताला तोड़कर चारे सोने की एक अंगूठी, तीन चांदी की अंगूठियां तथा करीब 3200 रुपए की नकदी चुराकर ले गए हैं।

### पर्यावरण संरक्षण समिति घयाल खनेटी क्यारी ने रोपे पौधे



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** पर्यावरण संरक्षण समिति घयाल खनेटी क्यारी एवं स्थानीय जनता बदरूनी, शरगाल व आसपास के गांव के 250 से 300 लोगों ने वन क्षेत्र एकांत वन बंदरूनी में समिति के वरिष्ठ और सामान्य उपाध्यक्ष राजेंद्र बीकटा की स्मृति में 500 पौधे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और समाज को संदेश दिया कि आप सभी भी इस तरह की शुरुआत करें, जिससे हम पर्यावरण को संरक्षण कर सके क्योंकि आज के बदलते परिवेश में दिनों दिन भयानक संकेत देखने को मिल रहे हैं बरसात में वर्षा नहीं होती और सर्दियों में बर्फ नहीं पड़ती यह पर्यावरण की दृष्टि से बहुत घातक संकेत लग रहे हैं इसलिए हम सबको समय रहते इस तरह की शुरुआत कर हमें जंगलों को बचाना होगा। (अनंत ज्ञान)

### झंडूता के डिपुओं पर नहीं मिल रहा सरसों का तेल

**गोपाल कपिल, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के सभी राशन डिपुओं में लगभग दो महीनों से सरसों के तेल की आपूर्ति नहीं हो पाई है। इसके चलते उपभोक्ताओं की परेशानियां बढ़ गई हैं। उपभोक्ता सरसों का तेल बाजार से महंगे दामों पर खरीदने को मजबूर हैं, जिसका सीधा असर उनकी जेब पर पड़ रहा है। झंडूता के उपभोक्ताओं का कहना है कि इस बार डिपुओं में बाकी सामान तो मिल गया है, लेकिन सरसों तेल की आपूर्ति नहीं हो पाई है। उपभोक्ताओं ने कहा कि हर बार डिपुओं से कोई न कोई वस्तु गायब रहती है। इस माह भी डिपुओं में सरसों तेल नहीं पहुंचा है। इस कारण हम महंगें दामों में सरसों का तेल खरीदने को मजबूर हैं। लोगों ने मांग उठाई है कि जल्दी से जल्दी डिपुओं में सरसों का तेल उपलब्ध करवाया जाए। (अनंत ज्ञान)

### श्रावण अष्टमी मेले को लेकर सजने लगा मां का दरबार

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी।** श्रावण अष्टमी मेला के दृष्टिगत शक्तिपीठ श्री



नैना देवी जी मंदिर को पंजाब की समाजसेवी संस्थाओं के द्वारा रंग बिरंगी लाइटों व फूलों से सजाने का कार्य शुरू कर दिया है। इस बार भी मंदिर को सजाने का कार्य बखूबी किया जा रहा है। जहां पर श्रवण के इस महीने में पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से भारी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इसी माह में श्रवण मेला आयोजित किया जाता हैं तथा श्रवण मेल 5 अगस्त से 15 अगस्त तक चलेगा। इसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचेंगे। जहां पर मेले को लेकर जिला प्रशासन ने मंदिर न्यास में तैयारी शुरू कर दी है। वहीं पर मंदिर की सजावट का कार्य भी शुरू कर दिया गया हैं और अगले दो-तीन दिन में यह सजावट पूर्ण हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### घुमारवीं में झमाझम बारिश ने गर्मी से दिलाई राहत

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। घुमारवीं में बुधवार की दोपहर को अचानक आसमान से बरसी



राहत की बूंदों से लोगों को बढ़ती गर्मी से राहत मिली। करीब आधे घंटे तक हुई इस राहत की बारिश से मौसम सुहाना हो गया। भीषण गर्मी से परेशान लोगों ने इस बारिश से राहत की सांस ली। पिछले कई दिनों से घुमारवीं तथा आसपास के क्षेत्रो के लोग भीषण गर्मी से तप रहे थे। लेकिन बुधवार दोपहर बारिश के साथ मौसम एकदम से खुशगवार हो गया। फिर थोड़ी देर बाद बारिश में तेजी पकड़ी तो मौसम काफी सुहावना हो गया। जमकर हुई इस बारिश से शहर की गलियों में पानी तक इकट्ठा हो गया। शहर की सड़कों पर बारिश का पानी बहने लगा। जिसे देखकर लोगों ने राहत की सांस ली। बारिश होने के साथ ही तापमान में भी गिरावट देखी गई। अचानक हुई इस तेज बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं किसानों के चेहरों पर भी मुस्कुराहट आ गई। इस झमाझम बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है।

# सीटू ने मजदूरों के पक्ष में डीसी ऑफिस के बाहर किया प्रदर्शन

## 60 दिन से आंदोलनरत मजदूरों की मांगों को तुरंत हल करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड, रामपुर हाइड्रो पावर स्टेशन 412 मेगावाट के चार सौ आंदोलनरत मजदूरों के पिछले साठ दिन से चल रहे आंदोलन के समर्थन में सीटू से संबद्ध शिमला शहर की यूनियनों ने डीसी ऑफिस शिमला के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन में विजेंद्र मेहरा, जगत राम, बालक राम, रमाकांत मिश्रा, हिमी देवी, रंजीव कुठियाला, विवेक कश्यप, राम प्रकाश, दलीप, विनोद बिरसांटा, पूर्ण चंद, कपिल नेगी, वीरेंद्र, नोख राम, निशा, राकेश सल्लू, पवन, भरत, दलविंद्र, शिवराम, नरेश, अशोक, संजय सामटा आदि मौजूद रहे। सीटू ने मांग की है कि




आंदोलनरत मजदूरों की मांगों को तुरंत हल किया जाए। सीटू ने एलान किया है कि अगर शिमला स्थित एसजेवीएनएल मुख्यालय में बैठे अधिकारियों ने इन मांगों के समाधान के लिए तुरंत हस्तक्षेप न किया तो जल्द ही सीटू शिमला में मुख्य प्रबंध निदेशक कार्यालय का घेराव करेगा। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, उपाध्यक्ष जगत राम, जिला कोषाध्यक्ष बालक राम व जिला सचिव रमाकांत मिश्रा ने कहा कि 412 मेगावाट बिजली परियोजना में सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा श्रम कानूनों का घोर उल्लंघन किया जा रहा है। परियोजना में कार्यरत मज़दूरों को न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है। न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के प्रावधानों के अनुसार कार्य की प्रकृति के अनुसार मजदूरों को अलग अलग श्रेणी में रखा जाता है, ताकि उनके श्रेणी के अनुसार निर्धारित न्यूनतम वेतन दिया जाए।

412 मेगावाट परियोजना में सतलुज जल विद्युत निगम द्वारा मजदूरों से कुशल श्रेणी का काम करवाया जाता है परंतु अर्धकुशल मजदूर का कम वेतन दिया जाता है। परियोजना मजदूरों को एंप्लोयमेंट कार्ड व वेतन पर्ची नहीं दी जा रही है। मजदूरों को ग्रेच्युटी की सुविधा से वंचित रखा जा रहा है। एसजेवीएनएल 412 मेगावाट प्रबंधन के द्वारा ठेकेदारों पर दबाव बनाकर गैर कानूनी हथकंडे अपना कर मजदूरों को डराने धमकाने का काम कर रहा है।

# यूनिवर्सिटी के हॉस्टलों में बेसहारा बच्चों के लिए रिजर्व होंगी 8 सीटें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- दो सीटें पीएचडी, 6 सीटें पीजी करने वालों के लिए

पहली बार प्रदेश विश्वविद्यालय में बेसहारा बच्चों के लिए सीटों को रिजर्व किया जा रहा है। इनमें बेसहारा बच्चों के लिए 8 सीटों को रिजर्व किया है। विश्वविद्यालय में 2024-25 के लिए दाखिले शुरू हो चुके हैं। ऐसे में हॉस्टल में रहने वाले छात्र भी आवेदन कर रहे है।

ये बच्चे प्रदेश सरकार की सुख आश्रय योजना के तहत एचपीयू के हॉस्टलों के लिए आवेदन कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने बेसहारा बच्चों को सुख आश्रय योजना के तहत गोद लिया है और उन्हें चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया गया है।इसी कड़ी में चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट को यह सुविधा भी दी जा रही है. वे निशुल्क हॉस्टल का लाभ उठा पाएंगे। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के चीफ वार्डन डॉ. रोशन लाल जिंटा ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय ने एक नई पहल शुरू की है। सुख आश्रय योजना के तहत विश्वविद्यालय के हॉस्टलों में 8 सीटों को रिजर्व रखा गया है। इनमें दो सीटें पीएचडी और 6 सीटें मास्टर्स की पढ़ाई करने वाले तीन लड़कों और तीन लड़कियों के लिए रिजर्व रखी गई है। सुख आश्रय योजना के तहत चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट इस सुविधा का लाभ उठा पाएंगे।

### नप रोहड़ू ने परिवार रजिस्टर बनाने का सर्वे किया शुरू

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** नगर परिषद रोहड़ू के अध्यक्ष अशोक चौहान ने बयान में बताया है कि परिवार रजिस्टर बनाने का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करने के लिए रोहड़ू के सभी निवासियों से अपील करते हैं कि जब सर्वे टीम आपके घर या व्यवसायिक स्थल पर पहुंचे तो उन्हें अपनी पूरी जानकारी प्रदान करें। यह जानकारी हमारे भविष्य के प्रशासनिक कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## निष्क्रिय पदाधिकारियों की होगी छुट्टी कांग्रेस में बड़े फेरबदल की संभावना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस में जल्द बड़े फेरबदल की संभावना है। बताया जा रहा है कि सैकड़ों निष्क्रिय पदाधिकारियों की छुट्टी करने की तैयारी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह की रिपोर्ट के बाद संगठन की मजबूती को कड़े फैसले लेने की हाईकमान ने तैयारी शुरू कर दी है। ब्लॉक, जिला और राज्य कार्यकारिणी का नए सिरे से गठन होगा। सक्रिय कार्यकर्ताओं की संगठन में ताजपोशी होगी।

नई दिल्ली के दो दिवसीय दौरे के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल से मुलाकात कर उन्हें लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव को लेकर विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है। रिपोर्ट में रखी गई बातों का असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। बुधवार को प्रतिभा सिंह का सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से मुलाकात करना प्रस्तावित है। प्रदेश में संगठन की मजबूती के लिए कड़े फैसले लेने के संकेत बीते दिनों शिमला आए प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ल ने भी दिए थे। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जो पदाधिकारी पूरी निष्ठा से काम नहीं करेगा, उन्हें हटाया जाएगा। अब लोकसभा चुनाव में चारों सीटों पर हार के बाद निष्क्रिय पदाधिकारियों को बाहर करने की तैयारी है। ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर तक के पदाधिकारियों के कामकाज की प्रदेश अध्यक्ष ने समीक्षा करवाई है। कई ऐसे पदाधिकारी चिन्हित किए गए हैं जिन्होंने चुनाव के दौरान संगठन की गतिविधियों में भाग नहीं लिया। चुनाव प्रचार भी पूरी ताकत के साथ नहीं किया। ऐसे पदाधिकारियों की जगह अब नए कार्यकर्ताओं को संगठन में तवज्जो दी जाएगी।

## विधानसभा अध्यक्ष 3 को समितियों के सभापति के साथ करेंगे बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां 3 अगस्त 2024 को अपराह्न 2:30 बजे हिमाचल प्रदेश विधानसभा की समितियों के सभापति के साथ विधानसभा सचिवालय के मुख्य समिति कक्ष में बैठक करेंगे। पठानियां ने कहा कि बैठक का उद्देश्य समितियों की कार्य प्रणाली को कैसे सुदृढ़ किया जाए तथा उनके कार्य में कैसे दक्षता लाई जाए इत्यादि शामिल है। पठानियां ने कहा कि वह समितियों के सभापति के साथ बैठक के दौरान समितियों के गत वर्ष के कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा इसमें आवश्यक सुधार हेतु अपने सुझाव भी देंगे। उन्होने कहा कि वह स्वयं भी कई मर्तवा समितियों के सभापति रहें हैं। इस अवसर पर श्री पठानियां समितियों के सभापति के साथ अपना अनुभव भी साझा करेंगे। उन्होने कहा कि समितियां कार्यपालिका की जबावदेही को सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है।

### शिक्षा मंत्री ने मेघालय के सीएम सीके संगमा के साथ की बैठक

# शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तलाशने में मिलेगी मदद : रोहित ठाकुर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

असम के बाद हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग का दल मेघालय पहुंचा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अगुवाई में इस दल ने मेघालय के शिलांग में मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा के साथ एक बैठक की। इस बैठक में मेघालय के शिक्षा मंत्री आर ए. संगमा, आयुक्त एवं सचिव शिक्षा विजय कुमार मंत्री, शिक्षा सचिव एंब्रोज सी. मारक, निदेशक स्कूली शिक्षा स्वपनिल टेंबे सहित हिमाचल की ओर से शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, सीपीएस आशीष बुटेल, समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत शर्मा, प्रारंभिक शिक्षा निदेशक आशीष कोहली सहित अन्य अधिकारी शामिल



रहे। इस बैठक में हिमाचल और मेघालय की ओर से अपने अपने राज्यों के शिक्षा क्षेत्र की बेस्ट प्रैक्टिस और अन्य कार्यों का ब्यौरा दिया गया।

हिमाचल के इस दल ने एशियाई विकास बैंक की मदद से मेघालय में तैयार स्कूलों का भी दौरा किया है। हिमाचल सरकार राज्य में छात्रों को बेहतरीन स्कूली शिक्षा प्रदान करने के लिए राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल की महत्वाकांक्षी योजना लागू कर रही है, इसके तहत बनने वाले स्कूलों को मेघालय में एशियाई बैंक की मदद से बने स्कूलों की तर्ज बनाया जा सकता है। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि इस बैठक से दोनों राज्यों को शिक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग की संभावनाएं तलाश करने में मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है कि उत्तर पूर्वी भारत राज्यों में से सबसे ज्यादा स्कूल और शिक्षक मेघालय में हैं। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर पुलिस के जवान लेंगे आईपीडीआर की ट्रेनिंग : धवल

## एसपी संदीप धवल ने कहा, साइबर सेल के तहत जवान होंगे ट्रेंड

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर पुलिस के साइबर सेल के जवान अब आईपीडीआर यानि इंटरनेट प्रोटोकॉल डिटेल रिकॉर्ड की बारिकियों को जानेंगे। साइबर सेल के जवानों को इस संदर्भ में विशेष रूप से बिलासपुर नवनियुक्त एसपी संदीप कुमार धवल स्वयं ट्रेंड करेंगे। ताकि साइबर क्राइम के मामलों में पुलिस की सतर्कता अधिक बढ़े और इन मामलों में जल्द से जल्द आरोपियों तक बिलासपुर पुलिस पहुंच सके।



- नशा माफियाओं पर रहेगा फोकस, पकड़े जाने पर संपत्ति भी की जाएगी सीज

बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए एसपी संदीप कुमार धवल ने बताया कि बिलासपुर पुलिस जिला में शांतिप्रिय माहौल बनाए रखने के लिए कार्यरत रहेगी। किसी भी तरह से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि उनका साइबर सेल को लेकर काफी अनुभव है, ऐसे में वह अपने अनुभव के आधार पर बिलासपुर पुलिस के साइबर सेल को और अधिक मजबूत करेंगे। एसपी का मानना है कि अभी तक भी पुलिस इंटरनेट कॉल को ट्रेस नहीं कर पाती है, जिससे कई बार कई मामलों की जड़ तक पहुंचना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में बिलासपुर पुलिस को इस संदर्भ में पूरी तरह से ट्रेंड किया जाएगा।

प्रेसवार्ता करते हुए एसपी संदीप धवल ने कहा कि बिलासपुर नशा माफियों की संख्या अधिक है। ऐसे में इस बार पुलिस प्रशासन कुछ सख्त कदम भी उठाने जा रही है। इसमें अगर कोई बड़ा नशा माफिया पुलिस की गिरफत में आता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आरोपी की संपत्ति की भी जांच की जाएगी। अगर आय से ज्यादा संपत्ति पाई जाती है, तो उस संपत्ति को सीज भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में नशा माफियों को बिल्कुल भी बख्शा नहीं जाएगा।

आपको बता दें कि नए एसपी बने संदीप धवल इससे पहले टीटी एंड आर में आईजी पदस्थ थे। वह वर्ष 2016 बैच के आईपीएस हैं। उन्हें पहली बार जिले के एसपी की कमान मिली है। संदीप धवल एसपी साइबर क्राइम भी रह चुके हैं। इस पद पर बेहतरीन काम करने पर उन्हें केंद्रीय होम मंत्रालय की ओर से केंद्रीय गृहमंत्री पदक सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। इंडियन टैक्नोमैक कंपनी के बहुचर्चित 6 हजार करोड़ के घोटाले की जांच के लिए संदीप धवल को यह सम्मान मिला था। वहीं, आपको बता दें कि संदीप धवल को पहली बार किसी जिला की कमान सौंपी गई है, इससे पहले वह किसी भी जिला में बतौर एसपी नियुक्त नही थे। (अनंत ज्ञान)

# विशेष समिति की बैठक न बुलाने पर विपक्ष ने बीडीटीएस पर साधा निशाना



बैठक में मौजूद बिलासपुर ट्रक परिवहन सहकारी सभा के विपक्षी दल के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

एसीसी सीमेंट प्लांट बरमाणा से ढुलाई कार्य के लिए अधिकृत एशिया की सबसे बड़ी बिलासपुर ट्रक परिवहन सहकारी सभा के विपक्षी दल ने व्यवसाय के लेन-देन व अन्य आवश्यक कार्यों के लिए प्रतिबद्ध सदस्यों की एक विशेष समिति की बैठक न बुलाने को लेकर हमला बोला है। विपक्षी दल ने वर्तमान कार्यकारिणी पर अधिनियम और उपनियमों में निर्दिष्ट समिति सदस्यों की बैठक बुलाने में विफलता के कारण पर चर्चा करने के लिए अनुरोध पत्र भी दिया।

उन्होंने बीडीएस के अध्यक्ष जीतराम गौतम सहित कार्यकारिणी पर हर क्षेत्र में निष्क्रियता होने का आरोप लगाया। एसीसी को अडानी ग्रुप के टेकओवर दौरान कुछ एक हुए समझौते के तहत कार्य नहीं हो रहे है। सालाना हाईक फरवरी 2024 से बढ़ोतरी होनी थी। वह जुलाई माह बीत जाने तक लागू नहीं हुई और न ही वर्तमान सदस्यों की इन मुद्दों और आम ऑपरेटरों की समस्याओं पर कोई चर्चा नहीं हुई है। अनुबंध के अनुसार सीमेंट क्लिंकर और रॉ मटेरियल की डिमांड नहीं हो रही है। बरमाणा बीडीटीएस के ऑपरेशन एरिया में फैक्टरी के बाहर से हाउसहोल्ड और अन्य सामग्री चंडीगढ़ ट्रांसपोर्टर से गाड़ियां आ रही हैं, जो यहां से लोड करके मुंबई, बारी एगुजरात को जा रही है। हर काम में करप्शन की बू आ रही है और न ही ऑपरेटर को समय पर माल भाड़ा नहीं मिल रहा है, जिससे ऑपरेटर को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में लेखराम वर्मा, अनिल हैप्पी, राकेश ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, सुरेश चौधरी, विकास भार्गव, कमल किशोर व गंगा सिंह उपस्थित रहे।

## तमब्लोह में आज तक सड़क नहीं लोग अपना घर छोड़ने को मजबूर



समस्याएं बताते झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत डाहड के तमब्लोह गांव के ग्रामीण।

**गोपाल कपिल, झंडूता**

झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत डाहड के गांव तमब्लोह के लोग आजादी के 75 साल बाद भी सड़क की सुविधा से वंचित हैं। सरकारों द्वारा गावों की सड़को के लिए विशेष प्रावधान किया गया है लेकिन धरातल पर कुछ ऐसा दिखाई नहीं देता है। झंडूता का तमब्लोह गांव आज तक सड़क सुविधा से वंचित हैं। सड़क सुविधा ना होने के कारण इस गांव को छह परिवार छोड़ कर चले गए हैं। हाल ही में चौधरी राम की पत्नी गीता देवी गंभीर रूप से बीमार हो गई। जिसको डेढ़ किलोमीटर चारपाई पर जबलू पहुंचाया और वहां से गाड़ी की सहायता से अस्पताल ले गए। पत्नी की दयनीय स्थिति होने के कारण अब चैधरी राम जबलू में किराये के मकान पर रहने को मजबूर है। क्योंकि अगर पत्नी बीमार हो जाती है तो उसे चारपाई पर उठाकर ले जाना पड़ता है। इसलिए मजबूरन जबलू में किराये के मकान में रह रहे हैं। ताकि पत्नी के बीमार होने पर उन्हें तुरन्त अस्पताल ले जाया जा सके। ग्रामीणों ने बताया कि उनका भाखड़ा बांध को बनाने में योगदान होने के बावजूद भी वह पानी व सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग द्वारा उन्हें तीसरे या चैथे दिन पानी दिया जाता जो अपर्याप्त है। हमारी सरकार से मांग है कि हमारी समस्या का हल निकाला जाए। (अनंत ज्ञान)

**पौधरोपण** कार्यक्रम में लोगों को वितरित किए जाएंगे औषधीय पौधे

# संस्कार सोसायटी 4 को रोपेगी हरियाली

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

पर्यावरण संरक्षण और समाज में पौधारोपण के प्रति जागरूकता पैदा करने और अपने घर को तथा आसपास पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने के उद्देश्य से संस्कार सोसायटी 4 अगस्त रविवार को घुमारवीं उपमंडल की कोर्ट पंचायत में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है।

कार्यक्रम में संस्कार सोसायटी के सदस्य कोर्ट ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि, महिला मंडल सदस्य, युवा मंडल व छात्र सहभागी होकर औषधीय पौधे लगाएंगे। सोसायटी प्रतिवर्ष पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित करती है संस्कार सोसायटी के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि इस वर्ष देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संस्कार सोसायटी घुमारवीं उपमंडल के विभिन्न स्थानों पर समाज के विभिन्न वर्गों के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाएगी। उन्होंने कहा कि संस्कार



कार्यक्रम को लेकर बैठक करते संस्कार सोसायटी के सदस्य।

सोसायटी पिछले 10 वर्षों से निरंतर पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित करके घुमारवीं उप मंडल के विभिन्न स्थानों पर हजारों पौधे लगे चुकी है।

उन्होंने कहा कि संस्था केवल पौधे लगाने का ही काम नहीं करती बल्कि उनकी देखभाल व रखरखाव के साथ संस्था के लोग प्रतिवर्ष उन स्थानों पर पौधों की देखभाल स्थानीय लोगों के साथ मिलकर करती है। लोगों व युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करना तथा समाज का प्रत्येक वर्ग इसमें सहभागी बनकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाएं इसका प्रयास संस्कार सोसायटी द्वारा निरंतर किया जा रहा है। महेंद्र धर्मानी ने बताया कि 4 जून को कोर्ट पंचायत में आयोजित होने वाले पौधरोपण कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के 250 औषधीय पौधे रोपित व लोगों को वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा पहले लगाए गए पौधों को तकरेड़ा, भराड़ी, बाड़ी, घुमारवीं और गाहर उन स्थानों पर जाकर पौधों को सुरक्षित करने का काम संस्था करेगी। इस वर्ष संस्था छात्रों को भी पौधे वितरण करके सेल्फी विद प्लांट्स अभियान चलाएगी। (अनंत ज्ञान)

### 14 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**बिलासपुर।** सचिव, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, बिलासपुर मनीषा गोयल ने बताया कि बिलासपुर जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर बिलासपुर, घुमारवीं तथा झंडूता न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पूर्व मुकदमेबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे। इस लोक अदालत में बैंक से संबंधित मुकदमें, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के मामले लिए जाएंगे। जिन व्यक्तियों के न्यायालय में उपरोक्त श्रेणी में से लंबित मामले है, वह न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता है। कोई इच्छुक व्यक्ति जिसका उपरोक्त श्रेणी में से मामला कोर्ट में विचाराधीन नहीं है, अगर वह अपना मामला लोक अदालत में लगवा कर आपसी समझौते पर आधारित फैसला प्राप्त करना चाहता है, तो वह आवेदन कर सकता है।

# चिंताजनक : हिमाचल में 18 वर्ष से कम 250 से अधिक बच्चो में एड्स

रविंद्र जस्टा, शिमला

प्रदेश भर में भले ही एड्स पर काबू पाने के लिए सरकार और एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे है, लेकिन सोचने का विषय तो यह है कि 0 से 18 साल के बच्चे भी अब एड्स की चपेट में आ रहे हैं।

एआरटी सैंटर की अगर बात की जाए तो यहां पर 250 से अधिक बच्चों के नाम दर्ज हुए है, जिनमें एड्स की बीमारी फैली हुई है। बच्चों में एड्स का मुख्य कारण यह है कि मां अगर सुरक्षित नहीं है तो बच्चों में एड्स होना बिल्कुल तय है। अगर किसी बच्चे की मां एड्स से पीड़ित है और वह समय से अपना इलाज नहीं करवाती है तो बच्चों में एड्स होने की अधिक संभावना होती है।



- वर्तमान में 4000 से अधिक मरीज एड्स से पीड़ित
- 2010 के मुकाबले एड्स मामलों में 25 प्रतिशत कमी

इसलिए चिकित्सकों द्वारा यही तर्क दिया जा रहा है कि महिलाओं को जैसे ही एड्स के लक्षण दिखते है तो वे समय से अस्पताल जाकर अपना चैकअप करवाए। खासकर गर्भवति महिलाओं इसका ध्यान रखना होगा। हिमाचल में अभी भी 4,000 से अधिक मरीज एड्स से पीडित है, जिनके एआरटी सैंटर में नाम दर्ज है और दवाईयां खा रहे हैं। ऐसा नहीं की हिमाचल में एड्स के मामलों में बढ़ौतरी हो रही है। 2010 की अपेक्षा एड्स के मामलों में 25 प्रतिशत की कमी आई है। चिंता का विषय तो यह है कि बच्चों में भी अब एड्स फैलना शुरू हो गया है। अगर हिमाचल को एड्स फ्री बनाना है तो सबसे पहले बच्चों मां और बाप को इस बीमारी से बचना होगा।

तभी हिमाचल एड्स फ्री हो सकता है, जिस प्रकार से बच्चों में एड्स के लक्षण पाए जा रहे है इससे तो साफ जाहिर है कि आने वाली पीढ़ी भी एड्स की चपेट में आ सकती है। (अनंत ज्ञान)

## दवाइयां मुफ्त आना-जाना भी फ्री

**स्टेट** एड्स कंट्रोल सोसाईटी की तरफ से ऊना, बिलासपुर, मंडी, टांडा, शिमला, हमीरपुर में एआरटी सैंटर खोले गए है। जहां पर एड्स से पिड़ितों को नि:शुल्क दवाईयां दी जाती है। यहां सबसे बड़ी बात तो यह है कि सोसायटी की तरफ एड्स से पीड़ित मरीजों को घर से आने व जाने का खर्च भी दिया जाता है। इसलिए मरीजों के लिए यह राहत भरी खबर है।

## असुरक्षित यौन संबंध बनाने से एड्स होने का खतरा अधिक

एड्स एचआईवी मानव की रोधन क्षमता को कमजोर करने वाला वायरस से होता है जो कि शरीर की रोधन क्षमता पर प्रहार करता है, जिसका काम शरीर को छूत या संक्रामक रोगों से बचाना होता है।

इस सुरक्षा कवच के बिना एड्स वाले लोग भयानक छूत के रोगों और कैंसर आदि से पीड़ित हो जाते हैं। एक संक्रमित व्यक्ति से एचआईवी के छूत दूसरे व्यक्ति स्राव अथवा रक्त के देने-लेने से पहुंचती है। या एक इंजैक्शन की सुई का दूसरे व्यक्ति के लिए प्रयोग करने से और एक संक्रमित मां से उसके बच्चे को जन्म या उसके आसपास के समय में पहुंचाता है। हालांकि मौखिक सभोग से भी संक्रमण की संभावना रहती है परंतु औरत या पुरुष के साथ असुरक्षित यौन संबंध रखने से भी खतरा होता है वह कहीं अधिक रहता है।

### एड्स से बचने के उपाए

**अपने** साथी से वफादार रहे, ज्यादा व्यक्तियों के साथ यौन संबंध नहीं बनाने चाहिए, यौन संबंध बनाने पर निरोध का प्रयोग करना चाहिए, अगर बाहर शेब बनाते है तो हमेशा ही नए ब्लेड का प्रयोग करें, अस्पताल में इंजैक्शन लगाते नए सुई का प्रयोग करें, अगर अस्पताल में खून चढ़ाने की जरूरत पड़ जाए तो पहले पूरी तरह स्पष्ट हो जाए कि जो खून आपको चढ़ाया जा रहा है वह किसी रोग से ग्रस्त तो नहीं है।

### एड्स के लक्षण

**ऊर्जा** की कमी, वजन घटना, बार-बार बुखार और पसीना, देर तक या बार बार होने वाली फंगल की छूत, देर तक रहने वाला डॉयरिया, कुछ समय के लिए विस्मृति, मुख जननेन्द्रिय और गुर्दा में फोड़े, खांसी और श्वास फूलना।

## न्यूज ब्रीफ

### जेल वार्डर परीक्षा की आंसर-की जारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कारागार एवं सुधारात्मक सेवाएं विभाग द्वारा पुरुष एवं महिला वार्डर के 91 पदों की भर्ती को लेकर ली गई लिखित परीक्षा की उत्तर कुंजी (आंसर-की) जारी कर दी गई है। अधीक्षक कारागार धर्मशाला विकास भटनागर ने बताया कि 28 जुलाई को जेल वार्डर की परीक्षा आयोजित की गई थी। लिखित परीक्षा की उत्तर कुंजी कारागार विभाग की वेबसाइट admis.nic.in/hpprisons/ पर अपलोड कर दी गई है। अभ्यर्थी इस उत्तर कुंजी से संबंधित किसी भी प्रकार की आपत्ति या सुझाव 3 अगस्त शाम 5 बजे तक दे सकते हैं। इसके बाद इस संदर्भ में कोई भी आपत्ति/अनुरोध स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### महिला से चैटिंग करने पर कांस्टेबल सस्पेंड

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** जिला सिरमौर पुलिस के कांस्टेबल को वर्दी में विदेशी महिला से आपत्तिजनक लाइव चैटिंग करने पर सस्पेंड कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, सोशल मीडिया पर नाहन व अन्य स्थानों पर एक वीडियो वायरल हुई। इस वीडियो में सिरमौर पुलिस के कांस्टेबल को यूनिफार्म में एक विदेशी महिला के साथ आपत्तिजनक इशारों व बातचीत करते हुए स्पष्ट तौर पर देखा जा रहा है। जैसे ही वीडियो सिरमौर जिला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रमन कुमार मीणा के पास पहुंची तो उन्होंने इस मामले को पुलिस कांस्टेबल के यूनिफार्म में गंभीर बताया। उन्होंने संबंधित पुलिस कांस्टेबल की सोशल मीडिया पर वायरल हो रही वीडियो पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे सस्पेंड कर दिया।

### चार लाख पौधे लगाने का लक्ष्य : डॉ. बिंदल

**शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नरेंद्र मोदी के आहवान पर देशभर में एक पेड़ मां के नाम अभियान चला रही है। देश के



पर्यावरण एवं भावी पीढ़ी के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मोदी जी द्वारा चलाए गए इस अभियान में हिमाचल प्रदेश भाजपा 1 अगस्त से 15 अगस्त तक एक पेड़ मां के नाम (पौधारोपण अभियान) चलाएगी। भाजपा ने तय किया है कि प्रदेश के प्रत्येक बूथ पर 50 पौधे लगाए जाएं। इस प्रकार 8000 स्थानों पर 4 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश महामंत्री त्रिलोक कपूर की अध्यक्षता में टीम का गठन किया गया है जो निरंतर इस अभियान की समीक्षा करेगी। हमारा सभी प्रदेशवासियों से आग्रह है कि इस अभियान में बढ़चढ़कर भाग लें।

### मोबाइल स्नैचर गिरोह का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**बीबीएन ।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी व बरोटीवाला में मोबाइल स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह का दूसरा आरोपी गिरफ्तार हुआ। आरोपी की पहचान प्रशांत निवासी समेरी जिला संभल उत्तर प्रदेश से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। बीते दिनों पुलिस ने एक आरोपी को मोटरसाइकिल समेत गिरफ्तार किया था जिसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए थे। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने दूसरे साथी के बारे में बताया जिसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। अब पुलिस एरिया में हुए मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं के बारे में पुछताछ कर रही है। गौरतलब रहे कि पिछले काफी समय से बद्दी व बरोटीवाला एरिया में भारी संख्या में गिरोह के द्वारा मोबाइल स्नैचिंग की गई थी जिसके बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी।

### डिप ट्रे प्लेट कंपनी में हुए चोरी के आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन ।** पुलिस ने डिप ट्रे प्लेट परवाणु से लाखों के सामान के चोरी के मामले में महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। जानकारी के मुताबिक धर्म सिंह निवासी सेक्टर-1 ऊंचा परमाणु तहसील कसौली जिला सोलन ने पुलिस थाना परवाणु में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनकी सेक्टर-1 परमाणु में डिप ट्रे की कंपनी है जिसमें गैस चूल्हे की प्लेट बनाई जाती है। 29 जुलाई को वह कंपनी को बंद करके अपने घर चला गया। 30 जुलाई को कंपनी के कर्मचारी ने बताया कि कंपनी के मेन गेट के दरवाजे की कुंडी खुली है, जिस पर वह उसी समय कंपनी में आए तथा सामान चैक किया तो 3 मोटरें व 580 किलोग्राम डिप ट्रे प्लेट स्टील जो गैस चूल्हे के ऊपर फिट होती है चोरी हो गई थी। चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 2,12,000 रुपऐ आंकी गई है। पुलिस थाना परमाणु में 30 जुलाई को मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग की जांच के दौरान थाना परमाणु की पुलिस टीम द्वारा कंपनी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चैक किया तो उसमें एक व्यक्ति चोरी को अंजाम देता नजर आ रहा था जिसको शिकायतकर्ता ने हरीश उर्फ गन्जु निवासी कामली के रूप में पहचान की। पुलिस ने आरोपी हरीश को गिरफ्तार किया गया, जिसकी निशानदेही पर चोरी हुए सामान में से दो मोटरों को बरामद किया। जांच के दौरान उक्त मामले में अन्य आरोपियों की संलिप्तता भी पाई गई, जिसके आधार पर उक्त मामले में संलिप्त एक अन्य आरोपी महिला प्रोमिला पत्नी अनिल सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

# रोप-वे से हिमाचल अन्य राज्यों के लिए बनेगा मार्गदर्शक : अग्निहोत्री

## शिमला में बनेगा 1734.40 करोड़ की लागत से 13.79 किलोमीटर रेप-वे, दुनिया का दूसरा सबसे लंबा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

रोप-वे की दुनिया में हिमाचल ने अपने कदम तेजी से बढ़ाना शुरू कर दिए है। शिमला में 1734.40 करोड़ की लागत से 13.79 किलोमीटर दुनिया का दूसरा सबसे लंबा रोप-वे बनने जा रहा है। हिमाचल प्रदेश ने रोप-वे के क्षेत्र में तीव्रता से अपनी पहचान बना ली है। देश के अन्य राज्यों के लिए हिमाचल प्रदेश मार्गदर्शक के तौर पर आने वाले समय में भूमिका निभाएगा।

यह बात उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने होटल होलीडे होम में रोप-वे द्वारा नवीन शहरी परिवहन पर सिंपोजियम में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कई निवेशक रोप-वे के निर्माण कार्य कर रहे है। चिंतपूर्णी और रोहतांग में प्रस्तातिव रोप-वे का निर्माण कार्य भी हिमाचली ही कर रहा है। हमारे लिए गर्व की बात है कि हिमाचल में अंतरराष्ट्रीय स्तर के रोप-वे तैयार करने में हिमाचली अहम भूमिका निभा रहे है।

हिमाचल प्रदेश स्विट्जरलैंड और ऑस्ट्रिया की तरह रोप-वे का जाल प्रदेश में बिछाएगा। उन्होंने कहा कि यूरोप के देशों में 25,000 हजार के करीब रोप-वे प्रोजेक्ट है जबकि भारत में 20 के करीब ही अभी तक रोप-वे बन पाए हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश में रोप-वे की संख्या में इजाफा हो रहा है।

इस मौके पर मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर, स्थानीय विधायक हरीश जर्नाथा, रोप-वे एंड रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के चेयरमैन कम मैनेजिंग डायरेक्टर संजय गुप्ता, प्रधान सचिव परिवहन आरडी नजीम, ऑस्ट्रेलिया और स्विट्जरलैंड से प्रतिनिधि, आरटीडीसी निदेशक अजय शर्मा सहित कई हितधारक मौजूद रहें।



### स्थानीय और पर्यटकों के लिए भिन्न होगा किराया

उक्त रोप-वे के आंरभ होने से किराये की दरें स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए अलग अलग होंगी। इस बैठक में विस्तृत रूप से चर्चा की गई कि किराया प्रदेश सरकार तय करेगी, लेकिन आम जनता की जेबों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा

### 1 मार्च 2025 से आरंभ होगा कार्य

रोप-वे का कार्य 1 मार्च 2025 से आरंभ करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक एफसीए मंजूरी के लिए सारे दस्तावेज परिवेष पोर्टल पर 1 अप्रैल को अपलोड कर दिया गया है। इसके साथ ही रूट के लाइनों के नाम मोनाल लाईन, देवदार लाइन और एप्पल लाईन रखे गए है।

### रोप-वे पर्यावरण हितैषी : सुंदर ठाकुर

**मुख्य** संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि रोप-वे पर्यावरण हितेषी है। इससे जहां यातायात जाम की समस्या का निजात मिलेगा, वहीं पर्यटन के कारोबार को नए पंख लगेंगे। कुल्लू में प्रस्तावित बिजली महादेव रोप-वे पर्यटन क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

### ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म होगी

तारा देवी से शिमला रोप-वे के लिए प्रदेश सरकार और न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) वित्तीय सहायता करेगी। 80 फीसदी ऋण एनडीबी और 20 फीसदी प्रदेश सरकार अनुदान करेगा। 1734.40 करोड़ रुपए के प्रस्तावित रोप-वे से शिमला शहर की सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या खत्म हो जाएगी

## शिष्टाचार भेंट



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ शिष्टाचार भेंट की।

# शोंगटोंग-कड़छम जल विद्युत परियोजना चरण-2 को केंद्र सरकार से मिली मंजूरी

- मुख्यमंत्री ने कहा-राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों से मिली सफलता

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

किन्नौर जिले में शोंगटोंग-कड़छम जल विद्युत परियोजना के लिए लगभग 85 बीघा जमीन के उपयोग की स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इस परियोजना के निर्माण के लिए बेहद महत्वपूर्ण यह स्वीकृति केंद्र सरकार के पास वर्ष 2018 से लंबित थी। राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों से यह महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

उन्होंने कहा कि परियोजना का कार्य पूरा करने के लिए पुल निर्माण करने को इस भूमि की आवश्यकता थी। वन संरक्षण अधिनियम के तहत यह स्वीकृति केंद्र सरकार के पास लंबे समय से विचाराधीन थी, लेकिन वर्तमान प्रदेश सरकार ने कड़े प्रयास करते हुए स्वीकृति प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार के समक्ष अपना पक्ष मजबूती से रखा। केंद्र सरकार द्वारा प्रथम चरण की स्वीकृति 19 मार्च, 2024 को प्रदान की गई थी। इसके बाद राज्य सरकार ने आवश्यक नियमों व शर्तों की अनुपालना रिपोर्ट सैद्धांतिक मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को सौंपी और केंद्र सरकार से अंतिम स्वीकृति के लिए आग्रह किया था।

# बल्क ड्रग पार्क में भ्रष्टाचार के रास्ते तलाश रही कांग्रेस सरकार : जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार बल्क ड्रग पार्क में भी भ्रष्टाचार के रास्ते तलाश रही है। इससे प्रदेश का बहुत बड़ा नुकसान होगा। सुक्खू सरकार केंद्र सरकार द्वारा बल्क ड्रग पार्क के विकास के लिए दी गई, 30 करोड़ की धनराशि वापस करने जा रही है। अब सरकार खुद के नियम शर्ते बनाएगी, जिससे अपने लोगों को ही लाभ पहुंचा सके।



केंद्र सरकार द्वारा हिमाचल को दिए गए बल्क ड्रग पार्क प्री-बिडिंग शर्तों में बदलाव करने की बात की जा रही है। यह सब कुछ सिर्फ कुछ लोगों को लाभ पहुंचाने और इस प्रोजैक्ट में अड़ंगा लगाने किए हो रहा है। औद्योगिक परियोजनाओं को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए, लेकिन सुक्खू सरकार की प्राथमिकता ऐसे प्रोजेक्ट में अड़ंगा लगाने की रही है।

अब सरकार बल्क ड्रग पार्क के विकास को प्रभावित करने के हथकंडे अपना रही है, जिससे पूर्व की भाजपा सरकार की इस बड़ी उपलब्धि को धूमिल किया जा सके। बल्क ड्रग और मेडिकल डिवाइसेज पार्क के साथ सरकार वहीं कर रही है जो पूर्व सरकार की लोकप्रिय हिमकेयर, सहारा, स्वावलंबन, प्राकृतिक खेती जैसी योजनाओं के साथ किया।

# सड़क से जुड़ेंगे 100 से 200 आबादी वाले गांव : विक्रमादित्य

संजीव महाजन, नूरपुर

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नूरपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि 100 से 200 आबादी वाले जो गांव अभी तक सड़क सुविधा से नहीं जुड़े हैं उन्हें पीएमजीएसवाई चरण-4 में मुख्य सड़कों से जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में पीएमजीएसवाई चरण-4 की घोषणा हुई है और उसमें पीएमजीएसवाई चरण-1 में छूटी 900 किलोमीटर सड़कों को भी जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित बनाना प्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता है। लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए वे स्वयं



पत्रकारों से बातचीत करते लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह व अन्य।

फील्ड में जा कर कार्यों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ प्रदेश सरकार कोई समझौता नहीं करेगी। निर्माण कार्यों में कोताही बरतने वाले ठेकेदारों को कार्य की गुणवत्ता तय मानकों पर न होने पर पहली चेतावनी देने के बाद ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विभाग के क्वालिटी कंट्रोल विंग को मजबूत किया गया है और उन्हें जगह-जगह पर चल रहे निर्माण कार्यों की निरन्तर क्वालिटी जांचने के लिए नमूने लेने के निर्देश दिए गए हैं ताकि गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जा सके।

विक्रमादित्य ने बताया कि नूरपुर सर्कल में विधायक प्राथमिकता, नाबार्ड, आरआईडीएफ तथा पीएमजीएसवाई चरण-3 के माध्यम से 33 सड़कों के कार्य किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### डलहौजी- खज्जियार संपर्क सड़क का उन्नयन कार्य सीआरआईएफ के तहत होगा

**ओपी शर्मा, चंबा।** विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि चंबा जिला के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल डलहौजी- खज्जियार संपर्क सड़क का उन्नयन कार्य सीआरआईएफ के तहत किया जाएगा तथा ड़लहौजी कस्बे में बेहतर वाहन पार्किंग सुविधा बीओटी के तहत उपलब्ध करवाई जाएगी।

विक्रमादित्य सिंह ने यह जानकारी आज चंबा जिला के अपने प्रवास के पहले दिन डलहौजी तथा खज्जियार में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान दी । विक्रमादित्य ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को ड़लहौजी- खज्जियार संपर्क सड़क के उन्नयन कार्यों के लिए सीआरआईएफ के तहत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने को निर्देशित किया।

## गुड न्यूज

### आधुनिक तकनीक से लैस होगा प्रदेश का यह पहला अंतरराष्ट्रीय इंडोर स्वीमिंग पूल

# लुहणू मैदान में बनेगा अंतरराष्ट्रीय इंडोर स्वीमिंग पूल

शुभम राही, बिलासपुर

बिलासपुर के ऐतिहासिक कहलूर खेल परिसर में 18 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय इंडोर स्वीमिंग पूल बनने जा रहा है। इसके लिए डीपीआर भी तैयार होकर फाइनल कर दी गई है। यह माना जा रहा है कि अगले माह से यहां पर कार्य शुरू हो जाएगा, जिसके लिए बकायदा अविनाश घोसला एसोसिएट एक निजी फर्म इस इंडोर स्वीमिंग पुल को तैयार करेगी।

विभागीय सभी औपचारिकताएं पूरी हो गई है और विभाग की ओर से स्थान भी चिन्हित कर लिया गया है। यह स्वीमिंग पुल कहलूर खेल परिसर के कब्बड्डी मैदान में तैयार किया जाएगा, जिसको विभाग की ओर से फाइनल कर दिया गया है।

हिमाचल प्रदेश का यह पहला पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से लैस अंतरराष्ट्रय इंडोर स्वीमिंग पूल होगा, जिसमें महिला व पुरुष खिलाड़ियों के लिए अलग से कक्ष

**कहलूर खेल परिसर के कबड्डी मैदान में तैयार किया जाएगा स्वीमिंग पूल**



भी तैयार किए जाएंगे। यहीं नहीं, यहां पर स्वीमिंग के गुर सिखाने के लिए प्रदेश के बेस्ट तैराकों को विभाग की ओर से तैनात किया जाएगा। ताकि यहां पर स्वीमिंग की बारिकियों को बेहतर से सीखा जा सके।

गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश के काफी कम स्थानों पर इस तरह से खेल विभाग के स्वीमिंग पूल है। हालांकि बिलासपुर में इस तरह का स्वीमिंग पूल बनाने के लिए पहले भी कवायद आरंभ की थी, लेकिन स्थान को लेकर आपत्तियां आने के चलते विभाग स्थान फाइनल नहीं कर पाया था।

ऐसे में विभाग ने कहलूर खेल परिसर के अंदर ही इस अंतरराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल को बनाने का निर्णय लिया है। क्योंकि अब कबड्डी खेल के लिए इंडोर ओल्ड स्टेडियम में भी खिलाड़ी अभ्यास करते है। जहां पर विभाग की ओर से काफी सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई गई है। बता दें कि इंडोर अंतरराष्ट्रीय स्वीमिंग पूल में दर्शक दीर्घा के बैठने की बेहतर सुविधा की जाएगी। साथ ही खिलाड़ियों के चेंजिंग रूम से लेकर शौचालय तक आधुनिक तकनीक से लैस होंगे। पुल में सारे उपकरण ओलंपिक स्तर के लगाए जाएंगे। इसमें वाटर फिल्टर, टेंप्रेचर रेग्यूलेटिंग यूनिट्स और अन्य उपकरण शामिल हैं।

बता दें कि बिलासपुर के साथ प्रदेश के तैराकों को यहां पर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए भी तैयार किया जाएगा। यहां सोना बाथ एवं स्टीम बाथ की सुविधा भी महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग सुविधाएं प्रदान की जाएगीं। (अनंत ज्ञान)

### 18 करोड़ की लागत से तैयार होगा स्वीमिंग स्वीमिंग पूल में सारे उपकरण ओलंपिक स्तर के लगाए जाएंगे

बिलासपुर के कहलूर खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय इंडोर स्वीमिंग पूल बनने की कवायद आरंभ हो गई है। उपायुक्त बिलासपुर के मार्गदर्शन से यह कार्य संभव हो रहा है। डीपीआर तैयार हो गई है और



जल्द कार्य शुरू होगा। यह अंतरराष्ट्र्य इंडोर स्वीमिंग पूल पूरी तरह से आधुनिक तकनीक से लैस होगा, जिसके लिए 18 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

**-रवि शंकर, जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी बिलासपुर**

# कांग्रेस सरकार का 18 महीने का कार्यकाल निराशाजनक : रीना कश्यप

अनंत ज्ञान, राजगढ़

कांग्रेस सरकार का 18 महीने का कार्यकाल पूरी तरह से निराशाजनक रहा है। सत्ता में आते ही पहले तो सरकार ने भाजपा सरकार द्वारा खोले संस्थानों को बंद करने का करने का कार्य किया और अब दूसरा काम भाजपा सरकार द्वारा लोगों दी गई सुविधाओं को वापस लेने का काम किया जा रहा है। यह बात भाजपा विधायक रीना कश्यप ने आज यहां राजगढ़ में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं । रीना कश्यप ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हिम केयर योजना को निजी अस्पतालों में बंद करके प्रदेश की जनता के साथ भद्दा मजाक किया है और अब गरीब लोगों को अपना इलाज करना मुश्किल हो जाएगा हिमाचल के सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थिति किसी से छूटी नहीं है।

इतना ही नहीं भाजपा सरकार द्वारा गंभीर रोगों से पीड़ित लोगों के लिए सहारा योजना के तहत तीन हजार रुपए मासिक राशि प्रदान की



पत्रकारों से बातचीत करतीं भाजपा विधायक रीना कश्यप, साथ हैं अन्य।

जाती थी जिसे सरकार ने बंद करके गरीबों व बीमारी से उनका सहारा छीन लिया है।

इस समय वर्तमान सरकार के समय भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि राजगढ़ के नगर पंचायत कार्यालय सहित अनेक सरकारी कार्यालयों में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है।

रीना कश्यप ने आंकड़े देते हुए बताया कि हाब्बन स्कूल के लिए 2 करोड़ 93 लाख रुपए स्वीकृत हुए जिसमें से मात्र 78 लाख खर्च हो पाए इसी तरह नेईनेटी स्कूल में 34 लाख में से केवल 16 लाख, थैना बसौतरी स्कूल में 72 लाख में से 49 लाख कोटला मांगन स्कूल में 34 लाख में से 11 लाख राजगढ़ स्कूल में 64 लाख में से 24 लाख खर्च हो पाए हैं । इन स्कूलों के लिए स्वीकृत राशि में से बची राशि से इन 18 महीनों से एक भी पैसा नहीं खर्च हो पाया है। अगर सड़कों की बात करें तो राजगढ़ व सराहा क्षेत्रों में 9 सड़कों पर जो धनराशि खर्च हो रही है। वह भाजपा सरकार के समय विधायक प्राथमिकता व बजट में डाली गई थी और इन सभी नौ सड़कों के लिए बजट का प्रावधान किया गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राइवेट गाड़ियों में सवारी ढोने के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जसवां-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत तहसील डाडासीबा में बुधवार को देवभूमि चनोर टैक्सी मैक्सी यूनियन के तमाम पदाधिकारी एवं टैक्सी ऑपरेटर्स ने यूनियन के प्रधान राजेश कुमार के नेतृत्व में तहसीलदार डाडासीबा बीरबल के माध्यम से परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें चनोर के आसपास इलाके, जिसमें आरा चौक, चपलाह, बढ़ल ठोर, लम्मी पुखर में प्राइवेट वाहन द्वारा सवारियां ढोने को लेकर टैक्सी ऑपरेटर्स ने आपत्ति दर्ज की है। टैक्सी ऑपरेटर्स का कहना है कि निजी वाहन बहुत कम किराए पर सवारियां ढो रहे हैं, जिस कारण उनकी टैक्सियां खड़ी ही रह रही हैं। उन्होंने कई बार सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई पर कोई भी संतोषजनक कार्यवाई प्रशासन ने नहीं की। यूनियन प्रधान राजेश कुमार व सचिव संजीव चौहान ने कहा कि निजी गाड़ियां उनके कार्य को खत्म कर रही हैं साथ में सरकार को भी टैक्स न देकर करोड़ों का चूना लगा रही है। प्रशासन इन पर सख्त कार्रवाई अमल में लाए। इस दौरान सलाहकार अनुज कुमार, उपप्रधान रमन कुमार, सदस्य इशांत, पम्मू, राहुल, पुष्पिंदर, तरसेम लाल, राज कुमार, रमन कुमार, विकास कुमार, विनोद कुमार, योगराज, अमित कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

### खुंडियां में फंदा लगाकर पोस्टमास्टर ने किया सुसाइड

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** खुंडियां के जरूड़ी में एक पोस्टमास्टर ने कमरे में पंखे से रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान अजित (24) पुत्र विक्रम बाबनियां, निवासी महेंद्रगढ़ हरियाणा के रूप में हुई है, जोकि खुंडियां के तहत पड़ते गांव जरूड़ी तहसील मझींन में एक किराए के कमरें में रहता था और डाकघर में पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत था। बहरहाल पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है, साथ ही युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए देहरा अस्पताल भेज दिया है। मामले की पुष्टि डीएसपी ज्वालाजी आरपी जसवाल ने की है। बताया जा रहा है की पुलिस को मृतक के पास से किसी भी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे इस मामले पर पर्दा उठ सके। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दें कि ज्वालामुखी के बाद खुंडियां में यह तीसरा मामला पेश आया है। इससे पहले ज्वालामुखी और खुंडियां के युवक ने फंदा लगाकर अपनी इहलिला समाप्त की थी।

### ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमंडल शाहपुर के इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए अगस्त माह में आयोजित होने वाले ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। एसडीएम शाहपुर करतार चंद ने बताया कि 8 अगस्त को वाहनों की पासिंग की जाएगी और 9 अगस्त को ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से जारी किए गए आदेश के अनुसार ड्राइविंग टेस्ट के लिए पहले आओ पहले पाओ के आधार पर ऑनलाइन स्लॉट बुक करने का कार्य जारी है। ड्राइविंग टेस्ट के लिए आवेदन करने के लिए आवेदक परिवहन विभाग की व्यवस्था के लिंक के माध्यम से ड्राइविंग टेस्ट हेतु 3 अगस्त से प्रातः 10:30 से अपना स्लॉट बुक करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि मौसम व किसी अन्य कारण के चलते उक्त शेड्यूल में बदलवा संभव है।

# संजय चौहान ने फलदार-औषधीय पौधों को रोपने का किया आह्वान

## देवी गांव में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में की शिरकत, रोपी हरियाली

**राकेश डोगरा, डरोह**



हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान गांव देवी में पौधरोपण के कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस अवसर पर इसके साथ सुलह विधानसभा से आई जनता के अलावा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सदस्य तथा लगभग सभी विभागों के कर्मियों व अधिकारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

संजय सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि आज बढ़ते वैश्विक प्रदूषण के चलते यह अति अनिवार्य हो गया है कि पौधरोपण की नियमित प्रक्रिया शुरू की जाए। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि पौधरोपण विश्व में बढ़ते प्रदूषण के स्तर को रोकने के लिए लगभग 60 प्रतिशत तक लाभकारी है, क्योंकि पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने के लिए वायु की स्वच्छता और उसमें अन्य गैसों के साथ ऑक्सीजन और कार्बन जैसी मुख्य गैसों की संतुलित मात्रा का होना अनिवार्य है। संजय चौहान ने आगे कहा कि पौधरोपण के साथ-साथ यह भी आवश्यक है कि जल और मृदा की प्राकृतिक उर्वरता को बनाए रखा जाए, जिसके लिए प्राकृतिक स्त्रोतों को साफ रखना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदुषित वायु तथा रासायनिक खाद के उपयोग के कारण आज आम व्यक्ति की जीवन प्रत्याशा दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है। जो एक गंभीरता का विषय है।

अंत में प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने कहा कि आज हमें आवश्यकता है कि जितना हो सके अधिक से अधिक पौधरोपण किया जाए और ऐसे पौधे लगाए जाएं जो फलदार, औषधीय, सजावटी, इमारती या पशुओं के लिए चारा उपयोगी हों, जो कि प्रदूषण की समस्या को खत्म करने के साथ-साथ जीवनयापन में भागीदारी देने वाले हों। इनसे रोजगार की समस्या का भी किसी हद तक समाधान किया जा सके। (अनंत ज्ञान)

# परागपुर, बगली-चलाली सुकेड़ में जल्द दूर होगा पानी का संकट



धनोटू बल्ला में निर्माणाधीन पेयजल स्कीम का निरीक्षण करते सुरेंद्र मनकोटिया एवं अन्य।

**पिंकी, डाडासीबा**

### सुरेंद्र मनकोटिया ने धनोटू बल्ला में निर्माणाधीन पेयजल स्कीम का किया निरीक्षण

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता व पूर्व कामगार कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बुधवार को जसवां- परागपुर के तहत धनोटू बल्ला में बन रही पानी की स्कीम का निरीक्षण किया। जसवा-परागपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बन रही इस स्कीम से करीब दर्जन भर गांव के लोगों को इसका फायदा मिलेगा। इस स्कीम से हेरिटेज विलेज परागपुर में आसपास के लगते गांव में पानी की आपूर्ति की जाएगी। लगभग 6 करोड़ 62 लाख बन रही स्कीम से बगली-चलाली सुकेड़, लग बलियाना के कुछ भाग के लोगों को फायदा मिलेगा। वहीं एक अन्य स्कीम, जो कि लगभग 17 करोड़ रुपए से बन रही है। उस में भी जसवां परागपुर के लोगों को पानी की परेशानी से निजात मिलेगी। सुरिंद्र मनकोटिया ने अधिकारियों को जल्द से जल्द इन स्कीमों को तैयार कर जनता को समर्पित करने को कहा। वहीं, जसवां परागपुर के एक्सईएन यशपाल शर्मा ने कहा कि जल्दी ही यह स्कीम जनता को समर्पित कर दी जाएंगी। (अनंत ज्ञान)

# बंदला में ग्रामीणों ने एक चोर को पकड़ा, चार फरार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

### दुकानों व घरों के अलावा मंदिरों में भी सेंध लगा रहा चोर गिरोह



चोरी करने आए एक गिरोह के एक सदस्य को ग्रामीणों ने बहादुरी दिखाते हुए काबू कर लिया। पूछताछ में क्षेत्र में हुई अन्य चोरियों का भी खुलासा हो सकता है। चोर के मोबाइल से दो अन्य मंदिरों से चोरी करने की योजना के साथ एक मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम देने का भी पता चला है। उपमंडल पालमपुर के बंदला के समीप छिड़ चौक में चोरी की एक वारदात सामने आई है।

मंगलवार रात करीब 12 बजे चोरों के पांच सदस्यीय एक गिरोह ने मोबाइल की दुकान में लगे कैमरे से छेड़छाड़ कर चोरी की घटना को अंजाम देने की कोशिश की। मौके पर ग्रामीण पहुंचे तो चोर वहां से भाग खड़े हुए। लोगों ने हिम्मत दिखाते हुए एक चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस पांच लोगों के चोर गिरोह द्वारा दुकानों और घरों के अलावा मंदिरों को भी टारगेट बनाया जा रहा है।

चोर से प्राप्त मोबाइल से खींची गई फोटो से जानकारी मिली है कि चोर जखणी माता मंदिर तथा कामाख्या देवी मंदिर में चोरी करने की फिराक में थे। गौरतलब है कि प्राचीन शिव गौरी शंकर मंदिर राजपुर में चोर दान पत्र चुराकर ले गए, जिसकी पूरी घटना सीसीटीवी में कैद है। उक्त चोर से पुलिस द्वारा पूछताछ जारी है।

# स्वां का सीना छलनी कर रहा खनन माफिया

## क्रशर माफिया हिमाचल सरकार को लगा रहा करोड़ों रुपए का चूना

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



स्वां नदी में अवैध खनन करता क्रशर माफिया।



खनन रोको, जमीन बचाओ संघर्ष कमेटी के सदस्य।

पंजाब-हिमाचल सीमा के विवाद के चलते पंजाब के खनन माफिया के लोग स्वां नदी में अवैध माइनिंग करके हिमाचल सरकार को करोड़ों रुपए का चूना लगा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के संसारपुर टेरेस तथा पंजाब के तलवाड़ा कस्बे के बीचों बीच सवां नदी में क्रशर माफिया लगातार अवैध खनन करके पर्यावरण को तो काफी नुकसान पहुंचा ही रहा है, वहीं दूसरी ओर इस दरिया में अवैध खनन के चलते पानी भी काफी नीचे चला गया है।

पंजाब-हिमाचल सीमा को जोड़ने वाला एकमात्र पुल जो कि अभी कुछ महीने पहले ही बनकर तैयार हुआ है, अवैध खनन के चलते उसके पिल्लर भी बाहर निकल आए हैं। यदि बारिश जोर से आती है या नदी में बाढ़ आती है तो यह पुल भी धराशायी होने में देर नहीं लगाएगा।

वहीं, इस बारे में माइनिंग ऑफिसर राकेश कालिया ने बताया कि विभाग द्वारा कई बार इस पर लगाम लगाने हेतु कार्रवाई की गई है तथा आगामी भी यह कार्रवाई ऐसे ही जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं खनन रोको, जमीन बचाओ संघर्ष कमेटी के प्रधान

**खनन** रोको जमीन बचाओ संघर्ष कमेटी के प्रधान कैप्टन राजेश कुमार ने बताया कि सम्मान नदी जो के हिमाचल व पंजाब का बॉर्डर है वहां पर पंजाब की जो क्रशर लगे हैं, सरेआम सरकारी भूमि से अवैध खनन कर रहे हैं। बार-बार पुलिस प्रशासन व माइनिंग विभाग को कई सूचित किया गया है, परंतु इन खनन माफिया को पर लगाम लगाने की बजाय उनकी कमेटी के लोगों पर ही झूठे मुकदमे पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज किया जा रहे हैं।

### क्या कहते हैं संसारपुर टेरेस के चौकी प्रभारी

**इस** संबंध में संसारपुर टेरेस के चौकी प्रभारी संजय शर्मा ने बताया के उन्होंने पिछले ही दिनों पंजाब के एक क्रशर की पोकलेन मशीन को रात के समय अवैध खनन करते हुए जब्त किया था जिस पर उनके द्वारा एक लाख रुपए का जुर्माना भी वसूला गया था तथा लगातार प्रशासन इसके प्रति जागरूक है तथा किसी को भी अवैध खनन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# सिने जगत

## 77 की उम्र में भी बेहद फिट दिखती हैं मुमताज



**बॉलीवुड** में 60 और 70 के दशक में अपने नाम और काम की चमक बिखेरने वाली दिग्गज एक्ट्रेस मुमताज आज अपना 77वां जनदिन मना रही हैं। हालांकि इस उम्र में भी मुमताज काफी स्लिम और फिट दिखती हैं। मुमताज खुद को फिट रखने के लिए काफी मेहनत भी करती हैं, जिसकी झलकियां वो अक्सर अपने सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। बता दें कि मुमताज अपने जमाने में अपनी खूबसूरती से लोगों के दिलों पर राज करती हैं। अभिनेत्री की खूबसूरती को देख न केवल उनके करोड़ों फैंस दीवाने थे, बल्कि बॉलीवुड इंडस्ट्री के कई दिग्गज सितारे भी कायल थे। वहीं, खूबसूरती के अलावा एक्ट्रेस अपनी एक्टिंग के लिए काफी मशहूर थीं। कभी स्टंट एक्ट्रेस के तौर पर मशहूर मुमताज के साथ काम नहीं करने की चाहत रखने वाले सितारे भी तब उनके एक्टिंग के दीवाने हो गए थे, जब मुमताज ने साबित कर दिया कि वो लीड एक्ट्रेस के तौर पर भी धमाका कर सकती हैं, लेकिन साल 1974 में मुमताज ने एनआरआई बिजनेसमैन मयूर माधवानी से शादी के बाद फिल्मी दुनिया को अलविदा कह दिया और अपने जमे-जमाए एक्टिंग करियर को ठोकर मारकर पति के साथ विदेश शिफ्ट हो गई थीं। मयुर माधवानी के साथ शादी करने के बाद मुमताज दो बेटियों की मां बनीं। और अपनी पूरी जिंदगी दो बेटियों के नाम कर दी। उनकी बड़ी बेटी का नाम नताशा माधवानी है तो छोटी बेटी का नाम है तान्या माधवानी। आज बेटियों और नाती-नातिन से भरा पूरा है मुमताज का घर परिवार।




## 'द ब्लफ' के सेट पर पुरानी बंदूक को लेकर एक्साइटेड दिखीं प्रियंका

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनस अपनी अपकमिंग फिल्म 'द ब्लफ' की शूटिंग में काफी बिजी हैं। फिल्म के शेड्यूल के दौरान वह हर पल एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में फिल्म के सेट से एक बीटीएस (बिहाइंड द सीन) फोटो शेयर की, जिसमें एक पुरानी बंदूक दिखाई दे रही है। फोटो के साथ एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, 'वाइल्ड! हमारे पीरियड के हिसाब से इस्तेमाल किए जाने वाले प्रॉप्स बहुत कूल हैं।' बता दें कि 'द ब्लफ' में प्रियंका एक समुद्री डाकू की भूमिका निभाती दिखाई देंगी। इस फिल्म का निर्देशन फ्रैंक ई. फ्लावर्स कर रहे हैं। फिल्म में कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन और वेदांतन नायडू भी हैं। इसके अलावा, प्रियंका जल्द ही 'हेड्स ऑफ स्टेट' में नजर आएंगी। उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर ली है। इस फिल्म में जॉन सीना और इदरीस एल्बा लीड रोल में नजर आएंगे।

## तलाक की खबरों के बीच न्यूयॉर्क पहुंची ऐश्वर्या राय

**बॉलीवुड** इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से भी सुर्खियों में बनी हुई हैं। बता दें कि इन दिनों ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के तलाक की खबरें काफी तेज हैं। जब से ऐश्वर्या और अनंत राधिका की शादी में अकेली पहुंची हैं तब से हर कोई बस यही पूछ रहा है कि आखिर बच्चन परिवार में हो क्या रहा है? इसी के साथ ही दोनों के ग्रे डिवोर्स की खबरों ने भी काफी हेडलाइन्स बटोरी हैं । अब यह तो ऐश्वर्या या अभिषेक ही बता सकते हैं कि इन अफवाहों में कितनी सच्चाई है। फिलहाल तो ऐश्वर्या राय एक बार फिर चर्चा में आ गई हैं। जी हां, हाल ही में ऐश्वर्या राय की एक तस्वीर वायरल हो रही है जहां वह न्यूयॉर्क में चिल करती नजर आ रही हैं। माना जा रहा है कि ऐश्वर्या राय इस वेकेशन पर न तो पति को लेकर गई हैं और न ही बेटी आराध्या बच्चन को। वह अकेले ही एंजॉय करती नजर आ रही हैं।



## तृप्ति डिमरी आईएमडीबी की लिस्ट में टॉप पर



**बॉलीवुड** अभिनेत्री तृप्ति डिमरी ने एक और उपलब्धि हासिल कर आईएमडीबी की लिस्ट में टॉप स्थान प्राप्त किया है। तृप्ति ने जुलाई के लिए आईएमडीबी की सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में टॉप स्थान प्राप्त किया है। इस सप्ताह लिस्ट में टॉप पर रहीं तृप्ति डिमरी को उनके उल्लेखनीय अभिनय के लिए तारीफ और व्यावसायिक स्तर पर अपार प्रशंसा मिल रही है। तृप्ति को हाल ही में आनंद तिवारी की फिल्म बैड न्यूज में विक्की कौशल और एमी विर्क के साथ देखा गया था। फिल्म में तृप्ति ने सलोनी बग्गा का किरदार निभाया था, जो एक महत्वाकांक्षी शेफ है जो प्यार और साथ की एक मजेदार स्थिति में फंस जाती है। यह तृप्ति की कॉमेडी शैली में पहली फिल्म भी थी और वह निश्चित रूप से इसमें सफल रही हैं। तृप्ति डिमरी की फिल्म राजकुमार राव के साथ विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, कार्तिक आर्यन के साथ भूल भुलैया 3 और सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ धड़क 2 में दिखाई देंगी।



## कियारा ने सलमान खान के कहने पर बदला था नाम

**फिल्म** इंडस्ट्री को एक से बढ़कर एक फिल्में देने वाली फेमस एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने अपनी खूबसूरती से दर्शकों का दिल जीता है। इनकी एक्टिंग के लाखों फैंस हैं। इन्होंने एक ऐसा बोल्ड सीन दिया था जो आज तक लोगों के दिमाग में रहता है और उस सीन ने सोशल मीडिया से लेकर पूरे देश की धड़कनों को बढ़ा दिया था। सिद्धार्थ मल्होत्रा की पत्नी और कबीर सिंह की हीरोइन कियारा आडवाणी ने हाल ही में बॉलीवुड में अपने 10 साल पूरे किए और आज वह अपना 33वां बर्थडे मना रही हैं। कियारा ने बॉलीवुड में एंट्री की तो उन्होंने अपना नाम बदल लिया। ऐसा उन्होंने सलमान खान के कहने पर किया था। कियारा का नाम पहले आलिया आडवाणी था और इंडस्ट्री में पहले से आलिया भट्ट मौजूद है। इस वजह से सलमान खान ने उन्हें अपना नाम बदलने की सलाह दी थी।



# बसों वाले दिग्गज मंत्री बाली का बनाया बस स्टैंड बेहाल

## नगरोटा बस स्टैंड में लगे 6 में से 3 पंखे सालों से खराब, यात्री पल्लू और रूमाल से ले रहे हवा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

नगरोटा बगवां का जिक्र हो तो बरबस ही प्रदेश के दिवंगत दिग्गज नेता बाली ध्यान में आ जाते हैं। बतौर परिवहन मंत्री रियल लाइफ के बसों वाले दिवंगत मंत्री जीएस बाली कांगड़ा ही नहीं, प्रदेश की राजनीति का मजबूत और कूटनीतिक चेहरा रहे हैं। वहीं उनके गृह क्षेत्र में उनके ही विभाग के रवैए से यात्री उमस भरी गर्मी पल्लू और रूमाल से पसीना पोंछने को मजबूर हैं।

एचआरटीसी में उनके करवाए काम, नौकरियां देने और शिकायतों पर तुरंत कारवाई करने की शैली को कौन नहीं जानता। विकास पुरुष के विभाग के बस अड्डा में सुविधाओं का आलम ये कि 6 में से 3 पंखे




नगरोटा बगवां बस स्टैंड में बस का इंतजार करतीं सवारियां और खराब पड़ा पंखा।

सालों से खराब पड़े हैं तो एकाध को कर्मचारी चलाना भूल जाता है। बरसात में यहां ले कुछ पॉइंट्स पर आप छाता खोल कर बारिश तक का मजा ले सकते हैं। यह तो महज बानगी भर है, इसके साथ अड्डा प्रभारी कार्यालय में चपरासी का पद भी खाली है। वहीं, स्टोरकीपर, पेट्रोल पंप अटेंडेंट तथा ऑडिटर जैसे पद भी रिक्त पडे हैं।

बताते चलें कि नगरोटा बगवां बस अड्डा से हर दिन 300 निजी तथा सरकारी बसें आवागमन करती हैं तो वहीं यहां का रेलवे स्टेशन भी कांगड़ा घाटी रेलवे के प्रमुख स्टेशनों में से एक है। यूं कहें कि दिवंगत मंत्री के समय डिपो बना तथा कांगड़ा के इस व्यस्त औद्योगिक नगर का बस डिपो प्रबंधन अतीत में हुए विकास को सहेज नहीं पा रहा। (अनंत ज्ञान)

### बुजुर्ग दुकानदार बोले, सालों से पंखे खराब

**बस** अड्डा बनने के बाद से यहां दुकान कर रहे बुजुर्ग दुकानदार अविनाश खोसला के अनुसार ये पंखे सालों से खराब पड़े हैं। एक बार उन्होंने अपने खर्चे पर पंखा ठीक करवाया, लेकिन उसके फिर से खराब होने के बाद उसे अडा प्रबंधन ने ठीक नहीं करवाया। इसके अलावा छत से भाई बारिश के दौरान पानी नीचे गिरता है।

### अतिक्रमण के कारण नए परिसर में लगाए पंखे

**नगरोटा** बगवां बस डिपो प्रबंधन के अनुसार पुराने परिसर में दुकानदारों ने दुकानों को आगे बढा रखा है तथा वहां यात्रियों के बैठने को जगह न होने के कारण नए परिसर में पंखे तथा बैठने के लिए 10 नए बैंच लगाए गए हैं। विभागीय जानकारी के अनुसार अतिक्रमण को लेकर नोटिस के अलावा दुकानदारों का सामान जब्त करने के बावजूद समस्या जस की तस है।

### जल्द ठीक करवा दिए जाएंगे पंखे : आरएम

**इस** बारे में परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेंद्र पठानिया ने बताया कि नए भवन में बैठने का प्रबंध किया गया है तथा खराब पंखों को जल्द ठीक करवा दिया जाएगा।

## हैप्पी बर्थडे



सिहोरवाला की शिवानी चौहान को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



जवाली के गांव मावा के रिहान पठानिया को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

## न्यूज ब्रीफ

### मलेंद्र राजन ने 95 लाख की योजना का किया उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा के अंतर्गत स्थानीय विधायक मालेंद्र राजन द्वारा 95 लाख रुपए की कीमत से जल शक्ति विभाग इंदौरा द्वारा उठाऊ पेयजल योजना का बुधवार को उद्घाटन किया गया। गांव भप्पू, चंगराड़ा, खुबड़ तथा दरियाडी आदि अन्य गांवों के किसान व बागवान इस परियोजना से लाभान्वित होंगा। इस मौके पर एसई विकास बख्शी नूरपुर, एक्सईएन जल शक्ति विभाग इंदौरा रविंद्र कुमार, एसडीओ राजिंदर सनोरिया, एक्सईएन विद्युत विभाग एस. सन्याल तथा विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डॉ. राजीव नेपाल आइकॉनिक अवार्ड से सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** रौनियार सेवा समिति, जनकपुर धाम, नेपाल तथा भारत टाइम्स ने कांगड़ा के युवा कवि लेखक डॉ. राजीव डोगरा को विभिन्न सामाजिक कार्यों तथा साहित्य गतिविधियों को देखते हुए इंडो नेपाल सोशल सर्विस आइकॉनिक अवार्ड 2024 देकर सम्मानित किया। संगठन ने राजीव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं, राजीव डोगरा ने समिति के फाउंडर नीरज गुप्ता का सम्मानित करने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि आगे भी वह समाज के लिए कार्य करते रहेंगे।



### द हंस फाउंडेशन ने दिया मुर्गी पालन का प्रशिक्षण



**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** जिला कांगड़ा के विकास खंड लंबागांव व सुलह में द हंस फाउंडेशन द्वारा हंस आजीविका परियोजना के तहत ग्रामीण किसानों को बैक्यार्ड मुर्गी पालन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पशु चिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग चौधरी सरवन कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में दिनांक 29 से 31 जुलाई तक आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों की मुर्गी पालन पर क्षमता विकास कर इस व्यवसाय को आजीविका से जोड़ना है। डॉ. देवेश ठाकुर असिस्टेंट प्रोफेसर पशु चिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग ने सभी किसानों का स्वागत कर पशु चिकित्सा एवं पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों पर जानकारी दी।

### लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान ने किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** लॉरेट फार्मेसी शिक्षण संस्थान ने हर आंगन एक पौधा अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अभियान के मुख्य संचालक मिस्टर विवेक शर्मा है शिक्षण संस्थान के प्राचार्य डॉ. एमएस आशावत ने कहा कि जिस प्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है। इस मौके पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. सीपीएस वर्मा और हेड ऑफ डिपार्टमेंट डॉ. विनय पंडित ने भी पौधरोपण करते हुए सभी को संदेश दिया की कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अनिवार्य है। हमें पौधे का पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए। पौधा पेड़ बनकर हमें फल देता है। वहीं एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अज्ञानता और स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है।



### आरएमपीआई ने पठानकोट में फूंका पीएम का पुतला

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले बजट का विरोध करते हुए आरएमपीआई ने पठानकोट में भी मोदी का पुतला जलाया। पुतला फूंकने के बाद नेता कामरेड शिव कुमार और बलवंत सिंह घोह ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किये गये बजट के बारे में बोलते हुए कहा कि वित्त मंत्री सीता रमण का यह बजट भी कॉरपोरेट घरानों को अमीर बनाने और 90 प्रतिशत को कंगाल करने वाला है। मोदी सरकार के पहले दस साल के शासनकाल को याद करते हुए नेताओं ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने हर साल दो करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात कही थी और बाद में एक साक्षात्कार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दो करोड़ लोगों को रोजगार देने की बात कही थी। करोड़ों लोगों को चुनावी जुमला कहा गया। इस बार बचत में अगले पांच साल में करोड़ों लोगों को रोजगार देने की बात भी बचत जुमला साबित होगी। इस मौके कामरेड रघबीर सिंह ढलोरियां, बलदेव राज भोआ, अजीत राम गंडालन लाहरी, प्रवीण कुमार बामियाल, त्रिभवन, सोहन सिंह, बलकार चंद भरहिल लाहरी, सचिव सिंह, नरिंजन सिंह, राम बिलास ठाकुर, यसपाल, रणयोध सिंह , अश्वनी कुमार सुजानपुर, दर्शन सिंह आदि मौजूद रहे।



### जयसिंहपुर महाविद्यालय के परिसर में रोपे पौधे

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में बुधवार को वनस्पति विज्ञान विभाग तथा पर्यावरण क्लब (इको क्लब) के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में स्थित हर्बल उद्यान में पौधारोपण किया गया। इस उद्यान में बहुत सारे औषधीय पौधे और जड़ी बूटियों का पौधारोपण किया गया। इस पौधारोपण में अश्वगंधा, घृतकुमारी, तुलसी,नीम, कपूर, वनष्पा, जिनको, जेरेनियम, केलालिली आदि जैसे औषधीय फूल व पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण अभियान जयसिंहपुर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र शर्मा के द्वारा पौधारोपण करना शुरू किया गया । इस अभियान में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग शामिल रहे तथा सभी ने पौधारोपण में अपना योगदान दिया।



### सेवानिवृत्ति पर पूर्ण चंद को किया सम्मानित

**नगरोटा बगवां, अनंत ज्ञान।** नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के बड़ोह तहसील के तहत आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सद्दू बरग्रां से चपरासी पूर्ण चंद 36 साल की सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर उन्हें शानदार विदाई दी गई। एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू ने उन्हें शानदार सेवाओं के लिए सम्मानित किया। एंटी टेररिस्ट फ्रंट के अध्यक्ष बलविंद्र सिंह बबलू क्षेत्र के समाजसेवी व नंबरदार भी हैं। उन्होंने बताया कि मिलनसार स्वभाव के पूर्ण चंद ने शानदार तरीके से अपना कार्यकाल पूरा किया है। इस गरिमामय समारोह में स्कूल प्रिंसिपल कुलदीप चंद, उपप्रधान दिलीप चंद, सतीश कुमार व स्टाफ मौजूद रहा।



## राज्यसभा: हिमाचल प्रदेश में उर्वरकों की नियमित आपूर्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय रसायन और उर्वरक राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने सांसद इंदु बाला गोस्वामी को राज्य सभा में बताया कि चालू खरीफ मौसम के दौरान हिमाचल प्रदेश में यूरिया खाद की कोई कमी नहीं है।



उन्होंने बताया कि 25 जुलाई 2024 तक हिमाचल प्रदेश की 23064.51 मीट्रिक टन यूरिया की मांग के अनुरूप राज्य को 23620.00 मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति की गई। चालू खरीफ मौसम 2024 के दौरान इफको द्वारा हिमाचल प्रदेश को 11120.00 मीट्रिक टन यूरिया, 315.00 मीट्रिक टन डीएपी और 4988.00 मीट्रिक टन एनकेपीएस उर्वरक की आपूर्ति की गई। उन्होंने बताया की चालू खरीफ मौसम 2024 के दौरान उर्वरक कंपनियों द्वारा हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला को 2507.05 मीट्रिक टन यूरिया, 509.00 मीट्रिक टन डीएपी व 404.00 मीट्रिक टन एनकेपीएस उर्वरकों की आपूर्ति की गई।

# पौधे लगाने के साथ उनका संरक्षण करना भी है जरूरी : यादवेंद्र गोमा

## आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने कहा, पालमपुर वनमंडल में रोपे जाएंगे 1 लाख 24 हजार पौधे

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा 75वें परिक्षेत्र स्तरीय वन महोत्सव का शुभारंभ ग्राम पंचायत अपर लंबागांव के मनयाड़ से किया। मंत्री ने इस अवसर पर अर्जुन किस्म का पौधा रोपित किया। गोमा ने उपस्थित लोगों को वन महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में हरित आवरण को बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना आरंभ की है। इस योजना में ऐसे क्षेत्रों को चयन किया गया है, जिसमें वन नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पालमपुर वन मंडल के अंतर्गत मुख्यमंत्री वन विस्तार योजना में 12 हेक्टेयर क्षेत्र को हरा भरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि पालमपुर वन मंडल के अंतर्गत इस सीजन में एक लाख 24 हजार विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करने का लक्ष्य दिया गया है। उन्होंने वन विभाग और लोगों से आग्रह किया कि पेड़ लगाने के साथ-साथ पेड़ों का संरक्षण भी जरूरी है, ताकि नए जंगल लगाने के साथ पुराने जंगलों को भी बचाया जा सके। उन्होंने बताया कि वन मंडल पालमपुर के अंतर्गत प्रतिपूरक योजना में 30 सेक्टर, जर्मन परियोजना में 87 सेक्टर जायका परियोजना में 40 हेक्टर क्षेत्र में पौधरोपण किया जाएगा।



वन महोत्सव का शुभारंभ करने लंबागांव के मनयाड़ पहुंचे मंत्री यादवेंद्र गोमा।

### जयसिंहपुर से दिल्ली तक आरंभ होगी वॉल्वो बस

**मंगलवार** को हिमाचल पथ परिवहन निगम ने जयसिंहपुर तक वॉल्वो बस सेवा का सफल ट्रायल किया गया। आयुष मंत्री ने लंबागांव से काथला (हारसी पत्तन) तक बस में सफर किया और परिवहन निगम को सफल ट्रायल की बधाई दी। गोमा ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की दिल्ली तक वॉल्वो बस की वर्षों पुरानी मांग थीख जिसे पूरा करने के आज सरकारी अधिकारियों के साथ बस का सफल ट्रायल संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जयसिंहपुर से दिल्ली तक वॉल्वो बस आरंभ की जाएगी, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र में सड़क और बस नेटवर्क को सुदृढ करना उनकी प्राथमिकता है और इस दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

### टैक्सी चालक से की मारपीट

**धर्मशाला।** कोर्ट में चल रहे मामले की सुनवाई के बाद लौटते हुए एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के टैक्सी चालक से मारपीट की। जानकारी के अनुसार गगल तथा पालमपुर की दो टैक्सी यूनियन के एक मामले की सुनवाई गत रोज धर्मशाला की अदालत में थी। पुलिस फाइल में दर्ज एफआईआर के अनुसार धर्मशाला में कमल किशोर चालक गाड़ी नंबर एचपी 01 डीए-7453 में सवार राजेश कुमार निवासी रच्छयालू, जितेंद्र कुमार निवासी वंडी डाकघर नागनपट्ट व चंद्रकांत निवासी पालमपुर ने विनोद कुमार निवासी राजपुर टांडा चालक गाड़ी न.एचपी 01 डीए-4555 की गाड़ी को रोककर इसके साथ मारपीट की। मामले की पुष्टि एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने की है।

## पशुपालकों की आय बढ़ाने के लिए सरकार कृतसंकल्प : किशोरी लाल

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

प्रोजेनी टेस्टिंग जर्सी प्रॉजेक्ट के तत्वाधान में पशुपालन विभाग द्वारा बैजनाथ विधान सभा क्षेत्र के सगूर में बछड़ी रैली (काफ रैली) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने किया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्तम किसम की बछड़ियों के पोषण और स्वस्थ रखने के लिए वैज्ञानिक तरीके से पालन पोषण के प्रति जागरूक करना, स्वच्छ दूध उत्पादन के लिए आधुनिक डेयरी फार्म तैयार करना, उत्तम नस्ल के दुधारू पशुओं को तैयार करने तथा उनके संरक्षण हेतु बछड़ी पालन को प्रोत्साहन देना तथा दूध उत्पादन के परम्परागत तरीकों को उन्नत कर व्यावसायिक स्तर पर लाना है। उन्होंने कहा कि पशुपालकों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ कर उनकी आय बढ़ाने के लिए दूध के मूल्यों को बढ़ाया गया है। पशुपालकों की सुविधा के लिए सरकार मोबाइल पशुपालन वैन सुविधा आरंभ की है, ताकि पशुपालकों को घरद्वार सुविधा उपलब्ध हो सके। (अनंत ज्ञान)



### श्रीमणिमहेश सेवादल 18 अगस्त से सुंदरासी में लगाएगा लंगर

**अनंत ज्ञान, जवाली।** श्री मणिमहेश लंगर सेवादल जवाली द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 18 अगस्त से 31अगस्त तक श्रीमणिमहेश के सुंदरासी में 22वां लंगर लगाया जाएगा। सेवादल के संयोजक मनजीत कौंडल व प्रवक्ता राम नाथ शर्मा ने बताया कि विशाल लंगर 15 अगस्त को लब, जवाली, रैहन, फतेहपुर, धमेटा, राजा का तालाब, गंगथ, नागाबाड़ी के विभिन्न मंदिरों में पूजा-अर्चना करने के बाद श्रीमणिमहेश के लिए रवाना होगा। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त से 31 अगस्त तक श्रदालुओं के लिए निशुल्क रहने खाने व मेडिकल सुविधा दी जाएगी।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूलों का निरीक्षण



**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

शिक्षा विभागकी ओर से शिक्षा को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के लिए चलाए गए मिशन समरथ के तहत जिला शिक्षा अधिकारी सेकेंडरी राजेश कुमार की ओर से सरकारी हाई स्कूल सैली कुलियां और श्री गुरु तेग बहादुर सरकारी सीनीयर सेकेंडरी सकूल जंडवाल का अचानक निरीक्षण किया गया। अधिकारी ने स्कूल के कक्षा में जाकर छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों से बातचीत की गई और शिक्षा विभाग की ओर से दिए गए टूलो के अनुसार बच्चों का टेस्ट भी लिया, गया इस अवसर पर बातचीत करते हुए राजेश कुमार ने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठने के लिए जो भी मुहिम चलाई जाती है, उसे सफलतापूर्वक चलाने के लिए अध्यापकों की भूमिका अहम है। उन्होंने बच्चों का टेस्ट लेने के पश्चात अध्यापकों के साथ मीटिंग कर अध्यापकों को और बढ़िया कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया।

इसके साथ ही उन्होंने स्कूल स्टाफ को दाखिला मुहिम के तहत स्कूल में दाखिला बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया और करियर गाइडेंस गतिविधियों के तहत स्कूलों में कमेटी का गठन, गाइडेंस रूम व कॉर्नर बनाने, स्कूलों में हेल्प डेस्क महीनावारी गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 14 अगस्त को

**धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 14 अगस्त को क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप ठाकुर ने बताया कि सभी वाहन मालिक व संबंधित व्यक्तियों को अपना आवेदन पत्र आवश्यक अपेक्षित दस्तावेजों सहित इस कार्यालय में दस अगस्त तक प्रस्तुत करना सुनिश्चित करना होगा। इसके प्राप्त बाद आवेदनों अथवा अपूर्ण आवेदनों को इस बैठक में शामिल नहीं किया जाएगा।

## अध्यापक ने छुट्टियों में लगा दिए 650 पौधे

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालाजी निवासी एक अध्यापक ने बरसात की छुट्टियों में ऐसा काम कर दिखाया, जो सबके लिए प्रेरणा स्रोत बन गया है। गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक संस्थान हमीरपुर के लेक्चरर विवेक किशोर शर्मा ने बरसात की छुट्टियों में 'हर आंगन एक पौधा' अभियान की शुरुआत की और अपने निजी साधनों से ही 650 से अधिक पौधे रोपित कर दिए। विवेक किशोर शर्मा ने 'हर आंगन एक पौधा' अभियान की शुरुआत कर लोगों के घर-घर जाकर उनके घर-आंगन में आम, आंवला, अनार, अमरूद, लीची, कटहल, लसाड़ा, जामुन जैसे फलदार पौधे लगाए। उन्होंने पौधों की संभाल के लिए उनके चारों तरफ कंटीली झाड़ियों आदि का भी प्रबंध किया। इस अभियान में उन्होंने साथ देने वाले सभी लोगों का विशेष रूप से ज्वाला जी निवासी दुकानदार अरुण कुमार का धन्यवाद किया, जो हर दिन उनके साथ पौधरोपण में उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



**समीक्षा** मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं वेक्टर जनित रोगों की समीक्षा बैठक में डीसी के निर्देश

## मलेरिया और डेंगू से बचाव के लिए लोगों को करें जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि जिला कांगड़ा में मलेरिया, डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए कारगर कदम उठाए जाएं इसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ मलेरिया से बचाव के लिए रूपरेखा तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। डीसी कार्यालय के सभागार में जिला मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की टास्क फोर्स एवं वेक्टर जनित रोगों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि उन्होंने कहा कि मानसून के मौसम में वेक्टर जनित रोगों की संभावना अधिक रहती है, जिसके चलते ही लोगों को जागरूक करना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि मलेरिया इत्यादि रोग के लक्षण दिखने पर लोगों को नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क करना चाहिए। इस अवसर पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राजेश गुलेरी ने कहा कि राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीबीडीसीपी) के तहत वेक्टर जनित रोग के बारे में जागरूता बढाने तथा मलेरिया, डेंगू जैसी गंभीर बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार प्रयासरत है तथा भारत सरकार ने 2030 तक मलेरिया उन्मूलन को प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा में मलेरिया, डेंगू एवं अन्य वेक्टर जनित रोगों से बचाव एवम जागरूकता के लिए जिला एक्शन प्लान तैयार किया गया है।

सीएमओ डॉ. गुलेरी ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य विभाग जिला भर में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, सीएचओ, आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से ग्राम स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सीएमओ ने बताया कि बाहर जाते समय लंबी बाजू व हल्के रंग के कपड़े पहने। अपने आसपास के स्थानों को साफ रखें।



जिला मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं वेक्टर जनित रोगों की समीक्षा करते हुए डीसी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत चरुड़ी
### विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

आज की बैठक में अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव रखा व सर्व सहमति से पारित किया गया कि ग्राम पंचायत चरुड़ी के विकास कार्यों वर्ष 2024-25 के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसके लिए इच्छुक ठेकेदार/व्यक्ति /सप्लायर दिनांक 01.08.2024 से 05.08.24 को दोपहर 12.00 बजे तक पूर्ण रूप से भरी हुई निविदाएं डाक द्वारा पंचायत कार्यालय चरुड़ी में भेज सकते हैं। निविदाएं पंचायत कार्यालय में पंचायत द्वारा निर्माण कमेटी व निविदादाताओं की उपस्थिति में दिनांक 07.08.2024 को खोली जाएंगी। निविदाएं निम्न नियमों एवं शर्तों के आधार पर ही मान्य होगी।

1. सप्लायर के पास अपना पंजीकरण पैन संख्या जीएसटी नं. होना अनिवार्य है। 2. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग की सर्टीफिकेशन के अनुरूप होगी। 3. सप्लायर द्वारा समय पर सामग्री नहीं दी जाती है या सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं पाई जाती है तो कार्यालय द्वारा उस निविदा को रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा। 4. पंचायत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को परिवार से संबंधित सदस्यों की निविदाएं मान्य नहीं होंगी। 5. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्र में एक ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की आपूर्ति देय नहीं होगी। 6. बिल/सामग्री की अदायगी कार्य पूर्ण होने पर संबंधित जेई व तकनीकी सहायक द्वारा कार्य का मूल्यांकन करने व माप पुस्तिका के आधार पर की जाएगी। 7. सप्लायर यदि सामग्री आपूर्ति नियमानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 8. सबसे कम दर वाली निविदा को ही स्वीकृति दी जाएगी व निविदा को स्वीकृत व रद्द करने का अधिकार पंचायत का होगा। 9. पारित निविदादाता एक्स व डब्ल्यू फार्म सामग्री की पूर्ति के साथ देना अनिवार्य होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रैशर | प्रति घनमीटर |
| 2. | बजरी क्रैशर 10, 12.5, 20, 40 एमएम | प्रति घनमीटर |
| 3. | ईंट प्रथम व द्वितीय श्रेणी | प्रति ईंट |
| 4. | बोल्डर | प्रति घनमीटर |
| 5. | इंटर लॉक टायल (केवल आईएसआई मार्क) 40,60,80 एमएम | प्रति टायल |
| 6. | शटरिंग (लकड़ी वाली), शटरिंग (स्टील वाली) | प्रति वर्ग मीटर |
| 7. | पानी टैंक | प्रति टैंक (3000 लीटर) |
| 8. | मिक्सर मशीन (तेल सहित) | प्रति दिन |
| 9. | सीमेंट किराया सिविल सप्लाई से कार्यस्थल तक लोडिंग एव अनलोडिंग सहित | प्रति बैग |
| 10. | बोर्ड लिखाई (कंप्लीट) | प्रति बोर्ड |

सचिव ग्राम पंचायत चरुड़ी
विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

# प्राइमरी स्कूलों में जेबीटी टीचरों के पद खाली, कैसे होगी पढ़ाई

## जेबीटी बैचवाइज भर्ती का 9 महीने बाद भी नहीं किया जा रहा परिणाम घोषित

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

सरकारी स्कूलों में जेबीटी अध्यापकों कि नियुक्ति न होने से बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ रहा है, वहीं स्कूलों में बच्चों की संख्या भी कम होती जा रही है। इसका मुख्य कारण है कि स्कूलों में जेबीटी अध्यापक ही नहीं हैं। जिला हमीरपुर में ऐसे कई स्कूल हैं जो एक अध्यापक के सहारे चलाए जा रहे है। हालांकि, शिक्षा विभाग द्वारा जेबीटी पदों को भरने के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन जेबीटी के पदों का मामला कोर्ट में चला गया, जबकि प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा नवंबर 2023 में आयोजित 1161 जेबीटी अध्यापकों की बैच वाइज भर्ती का परिणाम भी अभी तक घोषित नहीं किया है।

बता दें कि प्रदेश भर में लगभग 10 हजार प्राइमरी स्कूल हैं, जिनमें प्राथमिक शिक्षा विभाग के लगभग 4500 जेबीटी



### 1161 पदों के लिए नवंबर 2023 में हुई थी काउंसलिंग

अध्यापकों के पद खाली चल रहे हैं। नई सरकार बनने पर जेबीटी टेट धारक जेबीटी के पदों पर 15 वर्षों से नौकरी का इंतजार कर रहे हैं।

यही कारण है कि अध्यापकों के खाली पद न भरने के कारण सरकारी स्कूलों में लगातार बच्चों की संख्या घट रही है। सरकारी स्कूलों में ज्यादातर गरीब लोगों के बच्चे पढ़ते हैं, उन बच्चों को पढ़ाने के लिए अध्यापक तक नसीब नहीं हो रहे हैं। प्रदेश भर के जेबीटी प्रशिक्षुओं का कहना है कि वे 9 महीनो से बैच वाइज परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। बार-बार शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, शिक्षा सचिव, प्रारंभिक निर्देशक से मिलने के बाद भी उन्हें आश्वासन ही मिले। वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हो चुके हैं और वह बार-बार सरकार से आग्रह कर रहे हैं कि उनका बैचवाइज परिणाम घोषित किया जाए।

उन्होंने सरकार से मांग की है कि जेबीटी बैच वाइज परिणाम घोषित करें ताकि स्कूलों के लिए अध्यापक मिले और बेरोजगार जेबीटी प्रशिक्षकों को रोजगार। इस बारे में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि जेबीटी बैच वाइज अध्यापकों की काउंसिलिंग का डाटा निदेशालय भेज दिया है। उन्होंने बताया कि इन पदों का परिणाम सरकार और शिक्षा विभाग द्वारा घोषित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 377 जेबीटी के पदों पर साक्षात्कार देने पहुंचे 15 उम्मीदवार

**पूर्व** सैनिक कोटे से भरे जाने वाले जेबीटी के 377 पदों के लिए 30 जुलाई को साक्षात्कार रखे गए थे, इन पदों पर प्रदेश भर से 15 उम्मीदवार ही भाग लेने के लिए पहुंचे। पूर्व सैनिक या उनके आश्रित भी इन पदों के लिए अपनी रुचि नहीं दिखा रहे हैं। जबकि ड्राइंग मास्टर के 38 पदों के लिए 66 उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए आए थे। भाषा अध्यापक के 9 पदों के लिए साक्षात्कार के 15 उम्मीदवार आए थे।

# न्यूज़ ब्रीफ

## सेवानिवृत्ति पर राजकुमार ने किया पौधरोपण



**अतुल, सुजानपुर।** टौणी देवी विद्युत उपमंडल से फोरमैन राजकुमार सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने बिजली बोर्ड को लगभग 16 वर्ष तक अपनी सेवाएं दीं। टौणी देवी बिजली विभाग के सहायक अभियंता दीपक चौहान और कर्मचारी साथियों ने इस अवसर पर राजकुमार को शुभकामनाएं और विदाई पार्टी दी। राजकुमार ने इस अवसर पर टौणी देवी उपमंडल परिसर में डॉ. सुरेंद्र डोगरा द्वारा दिए गए पौधे का पौधरोपण भी किया। बिजली विभाग टौणी देवी में हर महीने फील्ड कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं, जिससे बिजली विभाग टौणी देवी में फील्ड कर्मचारियों की भारी कमी चली हुई है, फिर भी मौजूदा कर्मचारी पूरी लगन से फील्ड में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## डॉ. नवीन बने चौधरी सरवन कुमार कृषि विवि के उपकुलपति

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** ग्राम पंचायत बारीं के माहड़े गांव के डॉ. नवीन कुमार



को राज्यपाल शिव प्रताव शुक्ला ने चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर का नया कार्यवाहक उप कुलपति नियुक्त किया है। उनकी न्युक्ति कि खबर मिलते ही गांव में खुशी का माहौल बन गया है। यह इलाके के लिए गर्व कि बात है कि किसान का बेटा अपनी मेहनत व काबिलियत के बल पर आज इतने बड़े मुकाम पर पहुंचा है। डॉ. नवीन वर्तमान में निर्देशक प्रसार शिक्षा के पद पर कार्यरत थे, अब इन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। (अनंत ज्ञान)

## टीजीटी मेडिकल की ट्रेनिंग 5 अगस्त से

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शिक्षा विभाग में नवनियुक्त टीजीटी मेडिकल के लिए 15 दिनों की इंडक्शन ट्रेनिंग 5 अगस्त से शुरू हो रही है। जिसके लिए बुधवार को डाइट हमीरपुर में ट्रेनिंग का शेड्यूल तैयार किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डाइट के प्रधानाचार्य मदन लाल बन्याल ने किया। इस कार्यक्रम छह रिसोर्स पर्सन किरण लता, किरण बाला, अरुण कांत अत्री, रीना देवी, कल्पना बन्याल, अनिता कुमारी ने भाग लिया। टीचर ट्रेनिंग इंचार्ज पुनीत कुमार ने बताया कि यह ट्रेनिंग नवनियुक्त टीजीटी मेडिकल को विभाग की नीतियों और कार्यशैली से अवगत करवाने के लिए आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि 15 दिनों की ट्रेनिंग के लिए आज रूपरेखा तैयार की गई है, जिसमें विषय संबंधित और सामान्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## पायनियर इनक्यूबेटर ने 15 तक बढ़ाई आवेदन की तिथि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय हमीरपुर पायनियर इनक्यूबेटर इनोवेशन के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। हिमाचल सरकार के उद्योग विभाग ने इस विश्वविद्यालय के इन प्रयासों को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री स्टार्टअप हिमाचल स्कीम के तहत पायनियर इन्क्यूबेटर सेंटर स्थापित किया है। नोडल अधिकारी डॉ. राहुल शर्मा ने बताया कि इस केंद्र का उद्देश्य स्वरोजगार उत्पन्न करना तथा नए उद्योगों की स्थापना में आर्थिक मदद उपलब्ध करवाना है। इसके लिए विश्वविद्यालय के पायनियर इनक्यूबेटर ने आवेदन मागें थे, उनकी तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी है। इनक्यूबेशन प्रोग्राम द्वारा चयनित आइडिया पर एक वर्ष तक आपको हर महीने 25,000 रुपए की आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी। आवेदनकर्ता को पारंपरिक औषधियों, खाद्य प्रौद्योगिकी और सेवा क्षेत्र से संबंधित व्यवसायिक आईडिया प्रस्तुत करने होंगे व दूसरे व्यवसायिक आईडिया भी प्रस्तुत कर सकते।

## सावित्री बाई फुले के बारे में दिया व्याख्यान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में फैकल्टी एक्सटेंशन लेक्चर की शृंखला को जारी रखते हुए कविता धीमान द्वारा फैकल्टी एक्सटेंशन लेक्चर दिया गया। कविता धीमान के व्याख्यान का विषय प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले था। उन्होंने बताया कि सावित्री बाई फुले भारत के पहले बालिका विद्यालय की संस्थापक तथा मुख्य अध्यापिका रहीं। फुले ने शिक्षा के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण का नारा भी बुलंद करने का कार्य किया था। ये लड़कियों और समाज के वहिष्कृत वर्गों के लिए शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी थीं। उन्होंने 1948 में अपने पति ज्योतराव फुले के साथ मिलकर पिछड़े वर्ग व लड़कियों के लिए प्रथम स्कूल खोला था तथा अपने जीवनकाल में 18 विद्यालयों की स्थापना की। उन्होंने अपने जीवन काल को एक मिशन की तरह जिया, जिसका उद्देश्य था विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना। वह एक कवियत्री थीं। समाज उनके बहुमूल्य कार्यों के लिए सदा उनका ऋणी रहेगा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राजकुमार धीमान ने कविता का धन्यवाद किया। इस व्याख्यान में डीएलएड के सभी प्रशिक्षु अध्यापक व संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।

## सीर खड्ड के चैनेलाइजेशन का कार्य नहीं हुआ शुरू

**एसके शर्मा, जाहू।** हमीरपुर और मंडी की सीमाओं से साथ बहने वाली सीर खड्ड के चैनेलाइजेशन न होने पर इसका खमियाजा किसानों को अपनी भूमि से हाथ धोने से भुगतना पड़ रहा है। खड्ड के चैनेलाइजेशन न होने की वजह से किसानों की कई हैक्टेयर भूमि खड्ड की भेंट चढ़ चुकी है। बावजूद इसके ने भी सरकारों ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। चुनावों के समय नेताओं के भाषणों और चुनावी वादों तक सीमित होकर रह गया है। बरच्छवाड़ से जाहू तक करीब 15 किलोमीटर खड्ड का चैनेलाइजेशन होना है। यह कार्य 12 सालों में शिलान्यास और विभागीय फाइलों तक ही सीमित है, जबकि चैनेलाइजेशन के निर्माण कार्य के बजट में अढ़ाई गुणा वृद्धि हो चुकी है। इसके बावजूद सरकार चैनेलाइजेशन के लिए बजट जारी नहीं कर सकी है। अब जल शक्ति विभाग सीर खड्ड के चैनेलाइजेशन के लिए केंद्र सरकार के बजट का इंतजार कर रहा है। यह कार्य जल शक्ति विभाग मंडल सरकाघाट के अधीन होना प्रस्तावित है। उधर, जल शक्ति विभाग मंडल सरकाघाट के अधिशाषी अभियंता विवेक हाजरी का कहना है कि सीर खड्ड का तटीकरण कार्य सरकाघाट मंडल के अधीन है। विभाग ने इसकी डीपीआर तैयार करके केंद्र की स्वीकृति के लिए भेजी है। बजट आने का इंतजार किया जा रहा है।

## सार्वजनिक शौचालय न होने से लोग परेशान

**मुकेश कुमार, डलहौजी।** विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाथरी के मुख्य बाजार में एक भी सार्वजनिक शौचालय न होने की वजह से बाजार में आए खरीदारी करने लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि ग्राम पंचायत द्वारा मुख्य बाजार के साथ लगते एनएच 154-ए के साथ ही सार्वजनिक शौचालय निर्मित करवाया गया था किंतु जैसे ही एनएच के चौड़े होने का कार्य शुरू हुआ, वैसे ही वह एनएच प्राधिकरण की भेंट चढ़ गया और अब लोगों को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में उपप्रधान अतुल शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के पास जगह नहीं है जो बाजार के साथ लगती हो और जो जगह है वहां स्थानीय लोगों द्वारा आपत्ति जताई जा रही है, किंतु फिर भी ग्राम पंचायत बाथरी कोशिश कर रही है। ग्राम पंचायत द्वारा इस संबंध में एनएच प्राधिकरण से भी संपर्क साधा गया है। जैसे ही वहां से कोई सकारात्मक संदेश आता है, हम कार्य को अंजाम दे देंगे। वहीं स्थानीय व्यापारियों एवं लोगों की मानें तो यह एक विकट समस्या है, जिसका निपटारा ग्राम पंचायत बाथरी को जल्द करवाना चाहिए। यह एक हैरानी का विषय है कि इतनी सुदृढ़ पंचायत होने के बावजूद भी एकमात्र सार्वजनिक शौचालय का न होना अपने आप में कई सवालिया निशान उठाता है, जबकि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कई लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसके अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय के लिए पैसा तुरंत दिया जाता है। काबिले गौर है कि सार्वजनिक शौचालय की मांग को लेकर कई बार खबरें भी प्रकाशित की गई लेकिन मामला ज्यों का त्यों है। (अनंत ज्ञान)

## रिटायर्ड को पुनः रोजगार, युवाओं के साथ धोखा: तिलक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज ने कहा हिमाचल में में युवाओं को नौकरी एक सपना बन कर रह गई है। युवाओं से किए गए वादे, मुंगेरी लाल के हसीन सपने जैसे हैं। जब कांग्रेस पार्टी ने विधानसभा का चुनाव लड़ा था तो उनके सभी आलाकमान नेताओं ने एक स्वर में युवाओं को आश्वासन दिया था कि एक साल में एक लाख नौकरी और 5 साल में 5 लाख नौकरी देंगे। पर हिमाचल में नौकरी का पटारा बंद का बंद ही रह गया। उन्होंने कहा कि अब तो यह नौबत आ गई है कि युवाओं को नौकरी तो क्या युवाओं को आत्मनिर्भर बनने से भी रोका जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि नई नीति के हिसाब से अब हिमाचल में रिटायर्ड कर्मचारियों को फिर नौकरी दी जाएगी। अगर ऐसा होता है तो प्रदेश के युवा कहां जाएंगे, इस सरकार में युवाओं को केवल धोखा ही मिला है।

# पीड़ित लोगों को प्रताड़ित करना बंद करे सरकार : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

पिछले 2 साल से टौणी देवी का व्यापार नेशनल हाईवे निर्माण की वजह से ठप पड़ा है और स्थानीय व्यापारियों सहित यहां की आम जनता लगातार असुविधा झेल रही है लेकिन राज्य सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। परेशान लोग अगर अपना विरोध जता रहे हैं तो उल्टा सरकार उन्हें ही प्रताड़ित करने में लगी है, जबकि निर्माण कार्य को पूरा करने की तरफ सरकार का कोई ध्यान नहीं है। यह बात पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने बुधवार को जारी बयान में कही।



उन्होंने कहा कि विधानसभा में भी ध्यान आकर्षण के दौरान यह मामला उठाया था और तब लोक निर्माण मंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया था कि इस कार्य को जल्दी ही पूरा करके लोगों को राहत प्रदान की जाएगी, लेकिन इस दिशा में कोई कदम न उठाया जाना बहुत खेदजनक है। राणा ने कहा कि सड़क उखाड़ देने से पानी की पाइपें तक उखड़ गई हैं, जिससे लोगों को बहुत दिक्कत आ रही है। पहले सड़क निर्माण के नाम पर कई स्थानीय दुकानदारों की दुकानें तोड़ दी गईं और अब लेवलिंग के नाम पर हो रही खुदाई से लोगों के घरों, दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी खतरा मंडरा कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है प्रदेश सरकार को लोगों की परेशानी से कोई सरोकार नहीं है और सरकार संवेदनहीन बनी हुई है। स्थानीय लोग अगर विरोध जता रहे हैं तो उल्टा उन पर ही केस दर्ज करके उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। राजेंद्र राणा ने कहा कि स्थानीय लोगों के साथ हो रहे इस अन्याय को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है जैसे सूबे के मुख्यमंत्री को सिर्फ अपनी कुर्सी बचाने की चिंता है, बाकी लोगों की परेशानियों से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है।

# राहुल गांधी पर अनुराग की टिप्पणी अमर्यादित : दीपक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

भाजपा नेता बार-बार नफरती वक्तव्य इसलिए बोलते हैं ताकि उनकी उपयोगिता पार्टी में बनी रहे। इसी क्रम में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर द्वारा संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर की गई टिप्पणी न केवल अशोभनीय है, बल्कि अमर्यादित भी है। जिसकी कांग्रेस पार्टी कड़े शब्दों में निंदा करती है।



यह बात अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव दीपक शर्मा ने बुधवार को कही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संसद में भाजपा के जनविरोधी चेहरे को बेनकाब कर रहे हैं। जिससे भाजपा बौखलाई हुई है। जिस तरह से राहुल ने मोदी सरकार की अडानी और अंबानी समर्थक नीतियों का पर्दाफाश किया है, उससे भाजपा बेनकाब हुई है।

दीपक ने कहा कि राहुल गांधी आधुनिक हिंदुस्तान के सामाजिक न्याय प्रवर्तक हैं जो कि खुद कह चुके हैं कि इस परिवर्तन के लिए उन्हें प्रताड़ना, गाली, निंदा, अवहेलना आदि विभिन्न परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा और राहुल गांधी इसके लिए पूर्णत: तैयार और समर्पित हैं। किसान नेता ने कहा कि राहुल गांधी अपने ऊपर की जा रही टिप्पणियों से विचलित नहीं होते और न ही विरोधियों से बैर भाव रखते हैं। जिस तरह से राहुल गांधी ने अनुराग द्वारा की गई अशोभनीय टिप्पणी पर ठाकुर से किसी भी मुआफी, खेद आदि की बात को नकार दिया। यह केवल राहुल जैसा कर्मयोगी ही ऐसा कर सकता है।

# साइबर अपराध या ठगी पर 1930 नंबर पर करें शिकायत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ऑनलाइन ठगी एवं अन्य साइबर अपराध के मामलों को बढ़ता देख हिमाचल पुलिस की साइबर क्राइम विंग ने सभी लोगों से ऐहतियात बरतने और किसी भी तरह के साइबर अपराध या ऑनलाइन ठगी का शिकार होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर या साइबर क्राइम पुलिस थाना मंडी के फोन नंबर 01905-226900 पर अथवा ईमेल पीएससाईबर-सीआर एट द रेटएचपी.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज करवाने तथा नजदीकी थाने में संपर्क करने की अपील की है।

हिमाचल पुलिस की मध्य रेंज मंडी की साइबर क्राइम शाखा के एएसपी मनमोहन सिंह ने बताया कि साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी में संलिप्त लोग बड़ी चालाकी से लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। ये ठग कई बार व्हॉट्सऐप कॉल के माध्यम से लोगों को अपने जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करते हैं।

एएसपी ने बताया कि पुलिस की सीआईडी विंग के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन मंडी में 27 जुलाई को इसी तरह का एक मामला दर्ज हुआ है। इस मामले में महिला ठग ने अनजान नंबर से व्हाट्सएप कॉल की तथा धीरे-धीरे शिकायतकर्ता से दोस्ती कर ली तथा शिकायतकर्ता को अपने जाल में फंसा कर धोखे से अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद महिला ठग ने ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और लगभग 27 लाख रुपए ठग लिए। एएसपी ने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# डाइट में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन



जिला डाइट संस्थान गौना में आयोजित आपदा प्रबंधन पर लगी कार्यशाला में उपस्थित प्रतिभागी।

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौना में आपदा प्रबंधन पर 4 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ डाइट के प्रिंसिपल एवं जिला परियोजना अधिकारी (समग्र शिक्षा) मदन बन्याल द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में जिला के 61 अध्यापकों ने भाग लिया।

इस दौरान मदन बन्याल ने कार्यशाला में आए अध्यापकों को संबोधित करते हुए आग्रह किया कि इस अभियान को परस्पर संवाद द्वारा सफल बनाए एवं आपदा प्रबंधन के मूल उद्देश्यों को पूरा करते हुए इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारें। इस दौरान डाइट मीडिया को-ऑर्डिनेटर सुषमा ने भी कार्यशाला में उपस्थित अध्यापकों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कार्यशाला के पहले दिन रिसोर्स पर्सन के रूप में डाइट के लेक्चरर प्रताप चंद एवं राजेश कुमार उपस्थित हुए। उन्होंने कार्यशाला में आए प्रतिभागियों से साझा किए। यह जानकारी जिला डाइट के मीडिया को-ऑर्डिनेटर भवानी सिंह ने दी। (अनंत ज्ञान)

## पीएम को खुश करने के लिए अनुराग कर रहे अभद्र भाषा का प्रयोग : कौशल

**हमीरपुर।** देश की संसद के अंदर दस वर्ष बिना नेता प्रतिपक्ष के मनमाने और तानाशाही तरीके से चलाने की आदत के चलते प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी सांसदों को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जनता और देश से जुड़े सवालों से अब परेशानी हो रही है जिसकी वजह से सत्ता पक्ष के नेता असभ्य भाषा का प्रयोग करने पर उतारू हो चुके हैं। प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने जारी प्रेस ब्यान में कहा कि जिस राहुल गांधी के नाना जवाहर लाल नेहरू ने देश की आजादी के संघर्ष में जीवन के 13 वर्ष जेलों में गुजारे, जिसकी दादी ने देश की अखंडता अक्षुण रखने के लिए अपनी छाती पर दर्जनों गोलियां खाईं, जिसके पिता के बंब ब्लास्ट में चिथड़े कर दिए गए, आज उसके सवालों से सहमे भाजपा नेता उसकी जाति को लेकर भद्दी टिप्पणियां कर रहे हैं। कौशल ने कहा कि जो नेता देश और जनता के मुद्दों को संसद में आवाज दे रहा है भाजपा नेता उसकी आवाज को बंद नहीं कर सकते। कौशल ने भाजपा सांसद अनुराग पर भी निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में मंत्री नहीं बनाए जाने के चलते वह मानसिक अवसाद की स्थिति में हैं और प्रधानमंत्री को प्रसन्न करने के मकसद से ही वह राहुल गांधी के विषय में अभद्र टिप्पणियां करते हैं।

## क्रमिक अनशन पर बैठे 10 युवा बीमार, एक को डेंगू



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज्य चयन आयोग कार्यालय के बाहर पिछले 14 दिनों से क्रमिक अनशन पर बैठे पोस्ट कोड 817 के पदों के परिणाम का इंतजार कर रहे युवाओं में 11 युवा अब तक बीमार हो चुके हैं। पोस्ट कोड 817 के परिणाम घोषित न होने पर आयोग और सरकार की चुप्पी से प्रदेश के 5600 अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों में भारी रोष है। वीरवार से अभ्यर्थियों के माता-पिता भी उनका साथ देने के लिए आना शुरू हो जाएंगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि2020 में विज्ञापित पदों पोस्ट कोड 817 का अभी तक अंतिम परिणाम नहीं जारी कर पाया है। पहले 36 दिन तक कड़ी ठंड में शिमला के चैड़ा मैदान में बैठे रहे अब फिर से जब चयन आयोग हमीरपुर ने तारीख पर तारीख दी तो युवाओं को मजबूरी में इस बरसात के मौसम में आयोग के बाहर बैठने के लिए मजबूर कर दिया। बरसात के इस मौसम में रात को मछरों के काटने से अभी तक 11 अभ्यर्थी बीमार हो चुके हैं जिनमें 1 को डेंगू हो गया हैं परंतु न आयोग की तरफ से कोई जवाब आया है। सरकार की ओर से हर बार परिणाम घोषित करने की तारीख दी जा रही है।

# हरी-भरी धरती से बचेगी मानव सभ्यता : अंकुश

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**

महिला एवं बाल विकास परियोजना भोरंज के आंगनबाड़ी केंद्र लझयाणी में वृत्त पर्यवेक्षक अभिषेक ठाकुर की अध्यक्षता में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हमीरपुर अंकुश शर्मा बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।



आंगनबाड़ी केंद्र लझयाणी में पौधरोपण करते क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा व अन्य।

इस दौरान उन्होंने पौधारोपण करने के बाद कहा कि आधुनिकता की दौड़ के कारण हो रहे पेड़ों के कटान से वन परिक्षेत्र कम होने लगा है। इसके दुष्परिणाम के कारण ग्लोबल वार्मिंग, अप्रत्याशित परिवर्तन और आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि मां की याद में जन्म दिन व सालगिरह पर एक फलदार पौधा आवश्य लगाएं और उसकी नियमित देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि हरी-भरी धरती से मानव सभ्यता जीवित रहेगी, इसलिए पर्यावरण शुद्धता के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं। उन्होंने मातृशक्ति से आह्वान किया कि वे यातायात के नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करें। इस अवसर पर प्रधान वीना देवी, उपप्रधान सुरेंद्र शर्मा, सीता देवी, पवना कुमारी व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा को अपग्रेड करने की कवायद शुरू

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा कों अपग्रेड करने की आयुर्वेदिक विभाग ने अपनी कवायद शुरू कर दी हैं। आयुर्वेदिक विभाग द्वारा इस डिस्पेंसरी कों अपग्रेड करने के लिए नए भवन के निर्माण हेतु कस्बा बड़ा में भूमि की भी तलाश की जा रही है। इसके लिए विभाग के अधिकारी क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से संपर्क कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र के लोगों द्वारा काफी अरसे से इस डिस्पेंसरी को अपग्रेड करने की जो मांग उठाई जा रही थी, उसे अतिशीघ्र सकारात्मक रूप दिया जाए। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री सुक्खू ने भी आयुर्वेदिक विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए हैं कि लोगों की इस मांग पर अतिशीघ्र कार्रवाई की जाए। क्षेत्रवासी भी आयुष विभाग को आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा के नए भवन के निर्माण के लिए कुछ स्थान सुझा रहे हैं। वहीं क्षेत्र के एक परिवार ने अपनी मलकीयत भूमि भी आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा के नए भवन के निर्माण के लिए दान देने की बात कही है। लोगों की मांग कब पूरी होती हैं यह तो समय तय करेगा।

इस बारे में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. बृज नंदन शर्मा से बात की तो उन्होंने भी इन सब तथ्यों की पुष्टि करते हुए कहा कि आयुर्वेदिक विभाग लोगों की मांग को ध्यान में रखते हुए इस आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को अपग्रेड करने के बारे में विचार कर रहा है। अधिकारियों को नए भवन के निर्माण के लिए भूमि तलाशने को भी कहा हैं। इस डिस्पेंसरी के लिए नए भवन के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध होने पर अतिशीघ्र लोगों की मांग को पूरा करने के लिए विभाग द्वारा कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# केयर करना तो दूर, हिमकेयर योजना से वंचित कर दी जनता : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

प्रदेश सरकार खुद तो जनता की केयर करने में नाकाम साबित हुई है, ऊपर से स्वास्थ्य सेवाओं के लिए शुरू की गई हिमकेयर योजना से भी प्रदेशवासियों को सुक्खू सरकार ने महरूम कर दिया है। यह आरोप बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बुधवार को जारी प्रेस बयान में लगाए हैं।



उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना से छूटे लोगों को कैशलैस उपचार की सुविधा के लिए पूर्व जयराम सरकार ने हिमकेयर योजना शुरू की थी। वर्तमान सुक्खू सरकार ने हिमकेयर कार्ड को निजी अस्पतालों में बंद कर दिया है। प्रदेश सरकार के इस आदेश को तुगलकी फरमान करार देते हुए लखनपाल ने कहा कि सरकार के निर्णय अनुसार अब सरकारी कर्मचारियों को भी हिमकेयर का लाभ नहीं मिलेगा। भाजपा शुरू से ही कहती आ रही है कि सुक्खू सरकार कर्मचारी व जन विरोधी है, इसका प्रत्यक्ष प्रमाण सरकार ने खुद कर्मचारी वर्ग के लिए हिमकेयर योजना को प्रतिबंधित करके दे दिया है। लखनपाल ने कहा कि सत्ता संभालते ही वर्तमान सरकार ने पूर्व सरकार द्वारा खोले गए संस्थानों को बंद कर दिया। जनहितैषी होने का राग अलापने वाली वर्तमान सुक्खू सरकार ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमकेयर योजना को सुक्खू सरकार ने इसलिए बंद किया, क्योंकि इसे जयराम सरकार ने शुरू किया है, ऐसा करके कांग्रेस ने राजनीतिक द्वेष भावना से कार्य करने की अपनी मंशा दर्शा दी है।

**सुविधा** स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अब नादौनवासियों को नहीं होना पड़ेगा परेशान

# नादौन में खुलेंगे तीन सामुदाय स्वास्थ्य केंद्र

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन शहर के बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा। हिमाचल प्रदेश सरकार ने नादौन शहर में तीन शहरी सामुदाय स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने के निर्देश दिए हैं। यह खबर मिलते ही लोगों में खुशी का महौल है।



नगर पंचायत अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हर वर्ग के हित में कार्य कर रहे हैं। नादौन शहर में तीन सामुदाय स्वास्थ्य केंद्र खोलने के विभाग को निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बताया कि नादौन शहर के वार्ड नंबर एक कोट, वार्ड नंबर 5 व वार्ड नंबर 7 में शीघ्र ही स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे जिसके लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इन शहरी सामुदाय स्वास्थ्य केंद्रों में एक डाक्टर, एक नर्स, एक फार्मासिस्ट व एक क्लास फोर की तैनाती की जाएगी। इन सामुदाय स्वास्थ्य केंद्रों के खुलने से नादौन शहर के लोगों को घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री सुक्खू का अभार व्यक्त करते हुए कहा कि छोटे से शहर नादौन में तीन स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की खबर से शहर वासियों में खुशी का महौल है।

### क्या कहते हैं लोग

**नादौन** शहर के सीनियर सिटीजन रमेश चंद, जैसी राम, प्रकाश चंद, नानक चंद, विजय कुमार,सरोज कुमारी, प्रकाशो देवी, सरिता, मनोरमा, सावित्री देवी आदि का कहना है कि नादौन शहर में हलांकि सिविल अस्पताल है। वहां सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं लेकिन फिर भी उन बुजुर्गों व महिलाओं को अस्पताल पहुचना काफी मुश्किल होता है जिनके पास आने जाने के लिए यातायात का निजी साधन नहीं हैं। उन सभी लोगों के लिए यह खोले जाने वाले शहरी सामुदाय स्वास्थ्य केन्द्र किसी बरदान से कम नहीं होंगे। लोगों ने इसके लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू का अभार जताया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊना में कांवड़ियों के जत्थे का स्वागत



**ऊना।** कांवड़ियों के जत्थे गंगाजल लेकर ऊना में पहुंचने लगे हैं, ऐसे में उनसे आशीर्वाद लेना काफी पुनीत माना गया है। ऐसे ही ऊना में भक्त एडवोकेट मनोज राणा कांवड़ियों के जत्थे का ऊना में स्वागत करते हुए।

### पत्रिका कॉलेज का प्रतिबिंब होती है : रामपाल



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में सत्र 2023-24 गोविंदा पत्रिका का विमोचन महाविद्यालय बंगाणा के पूर्व प्राचार्य रामपाल भारद्वाज के द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय बंगाणा के पूर्व प्राचार्य रामपाल भारद्वाज ने कहा कि पत्रिका महाविद्यालय का प्रतिबिंब होता है। पत्रिका में प्रकाशित सामग्री से पता चलता है कि वहां के छात्र, शिक्षक और गतिविधियां कैसी हैं। पत्रिका में जो कुछ भी होता है, वहीं विद्यालय का वास्तविक परिचय होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने कहा कि इस पत्रिका में महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों का संकलन किया गया है, जो उनके बौद्धिक विकास तथा मानसिक विकास में सहायक है। गोविंदा पत्रिका के मुख्य सम्पादक वरिष्ठ प्रोफेसर रेखा शर्मा ने विभिन्न संपादकों के साथ मिलकर इसका संपादन किया है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी स्टाफ मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 30 प्रशिक्षुओं का चयन



**जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर में प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी की अध्यक्षता में डैंसो हरियाणा प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सौजन्य से कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। इस साक्षात्कार में फिटर, एमएमबी, इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिस्ट, वायरमैन, इलेक्ट्रॉनिक, कोपा (फीमेल) के उत्तीर्ण अभ्यर्थी व संस्थान के प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। इस साक्षात्कार में कुल 98 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिसमें लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर 72 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार दिया। इंटरव्यू लेने के बाद 30 अभ्यर्थी कंपनी के लिए चयनित हुए। डैंसो कंपनी से आए एचआर संदीप जोशी व सिमरन इंटरप्राइजेज के एचआर आनंद राय ने बताया कि चयनित उम्मीदवारों को कंपनी प्रतिमाह आठ घंटे वर्किंग के 20, 085 रुपए, जिसमें यूनिवर्सिटी फीस व कैंटीन की कटौती के बाद इन हैंड रुपए 16, 685 व ओवर टाइम वेतन दिया जाएगा। इसके साथ कंपनी के द्वारा ही उनको बी. वोकेशनल (बचेलर ऑफ वोकेशन स्टडीज) प्रोग्राम के तहत कलिंगा यूनिवर्सिटी से तीन वर्ष की डिग्री दी जाएगी व फ्री दो जोड़ी यूनिफार्म, फ्री बस सुविधा, फ्री एक चाय एवं नाश्ते की सुविधाएं दी जाएगी।

### सेब विपणन में आ रही दिक्कतों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**दशमी रावत, जुब्बल।** भाजपा मंडल जुब्बल नावर कोटखाई ने सेब विपणन में पेश आ रही दिक्कतों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम कोटखाई के माध्यम से राज्यपाल को भेजा। ज्ञापन के माध्यम से भाजपा ने विभिन्न मांगों को उठाया। भाजपा मंडल ने मांग उठाई कि सब्जी मंडियों में गढ के हिसाब से सेब बेचा जाए। हिमाचल की मंडियों में दर लगाकर छोटे आकार के सेब के दामों में कटौती की जा रही है। वहीं, प्रदेश के बाहर की मंडियों में सेब गढ के हिसाब से बिक रहा है। जिन बागवानों के पास पिछले साल का टेलिस्कोपिक कार्टन बचा हुआ है, उन्हें कार्टन का इस्तेमाल करने की अनुमति दी जाए। उद्यान केंद्रों पर बागवानों को फफूंदीनाशक व माईटीसाइट दवाइयां उपलब्ध करवाई जाएं। पूरे वर्ष बागवानों को उद्यान केंद्रों से दवाइयां नहीं मिल पाई हैं, जिस कारण बागवानों को निजी दुकानों से ऊंचे दामों पर दवाइयां लेनी पड़ीं। भाजपा मंडल ने आग्रह किया है कि बागवानों की समस्याओं का शीघ्र अति शीघ्र समाधान किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि मांगों को पूरा नहीं किया गया तो भाजपा मंडल को मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रविंद्र चौहान, जगदीश चौहान, यश्वीर जस्टा, रविंद्र घड़ेइक, सुभाष शर्मा, केशव झीना, बृज लाल चौहान, प्रकाश भीमटा, दलीप चौहान, राजेश पुरटा, श्याम सुख सावंत, रोशन लाल कजोलटा व राजेश चौहान भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# टेंपो-थ्री व्हीलर की टक्कर में थ्री व्हीलर चालक की मौत

## मृतक की अपर अरनियाला के ओम प्रकाश के रूप में हुई पहचान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला मुख्यालय के साथ लगते रक्कड़ कॉलोनी में मंगलवार देर रात्रि को एक दर्दनाक हादसा पेश आया है। हादसे में टेम्पो व थ्री व्हीलर के बीच जोरदार भिड़ंत हुई। इसमें 37 वर्षीय थ्री व्हीलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई है।

मृतक की पहचान राजीव कुमार पुत्र ओम प्रकाश निवासी अप्पर अरनियाला के रूप में हुई है। राजीव अपने पीछे दो बच्चे और पत्नी को छोड़ गए हैं।

राजीव की मौत पर थ्री व्हीलर चालक संगठन ने गहरा रोष प्रकट किया है। संगठन के सदस्य अश्वनी कुमार, कुलदीप, राकेश आदि ने इस मामले में टेम्पो चालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक राजीव कुमार निवासी अपर अरनियाला मंगलवार रात्रि को थ्री व्हीलर में मैहतपुर से ऊना की ओर आ रहा था। रक्कड़ कॉलोनी के समीप एक बाइक को बचाते हुए टेम्पो के साथ थ्री व्हीलर की टक्कर हो गई।

हादसे में थ्री व्हीलर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

एएसपी ऊना सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस ने शव का क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है, वहीं मामले की हर पहलु की जांच जा रही है।

### फलों से लदा वाहन पलटा, तीन घायल



**मंडी।** बालीचौकी के भवानी क्रशर के पास एक फलों से लदी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें एक चालक और दो अन्य लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सा केंद्र बालीचौकी में भर्ती करवाया गया। बता दें कि जीप के पलटने से बागवानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि यह दुर्घटना गाड़ी के ब्रेक फेल होने के चलते हुई है। घटना की पुष्टि एएसपी मंडी सागर चंद्र ने की है।

## अनुराग से घबराई कांग्रेस: नंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सभी नेता भाजपा के सांसद एवं पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर के लोकसभा में दमदार भाषण से परेशान हैं, इसलिए पूरे प्रदेश में कांग्रेस के नेता अनुराग के खिलाफ बेबुनियाद बयान दे रहे हैं।



उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में कांग्रेस ने राष्ट्रीय नेताओं को उनका ही असली चेहरा दिखाया, जिससे पूरे देश और प्रदेश की कांग्रेस बौखलाई हुई है। कांग्रेस पार्टी देश में और प्रदेश में एक झूठा प्रोपेगेंडा खड़ा करने की कोशिश करती है जिससे जनता को कांग्रेस नेताओं द्वारा उकसाया जाता है, अरे अगर कोई नेता कांग्रेस पार्टी के नेताओं का असली चेहरा एक्सपोज कर दे तो उनको काफी तकलीफ हो जाती है। उअनुराग ठाकुर ने अपने लोकसभा को भाषण की शुरुआत में ही कहा कि कुछ लोग एक्सीडेंटल हिंदू हैं और उनका महाभारत का ज्ञान भी एक्सीडेंटल हैं। तो कांग्रेस के नेताओ को क्या परेशानी हो गई।

## डिजिटल लिटरेसी कैंप में थाना प्रभारी सांख्यान ने किया बच्चों को जागरूक



हरोली कॉलेज के डिजिटल लिटरेसी कैंप में मौजूद छात्र।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पुलिस थाना हरोली के अंतर्गत आने वाले प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री कॉलेज हरोली में डिजिटल लिटरेसी कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न भागों से रिसोर्स पर्सन बुलाए गए थे। साइबर घटनाओं से संबंधित सूचना के आदान-प्रदान के लिए और किस तरह साइबर क्राइम से बचना है और किस तरह का साइबर क्राइम हो रहा है, इसके बारे में जानकारी देने के लिए और मुख्य वक्ता के तौर पर प्रभारी थाना सुनील कुमार को आमंत्रित किया गया था।

थाना प्रभारी ने बताया कि साइबर क्राइम के आरोपियों का मुख्य लक्ष्य पैसा कमाना रहता है। किसी भी फोन कॉल, व्हाट्सऐप कॉल या अन्य मीडिया कॉल के माध्यम से जब भी आपसे कोई बात करता है, आपको जरा भी अंदेशा लगता है कि आरोपी पैसे, देने या पैसे लेने या पैसे कमाने की बात कर रहा है तो समझ लीजिए कि आप ठगी का शिकार होने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि अपना फोटो, वीडियो सोच समझकर ही सोशल मीडिया ऐप्स पर डालें।

किसी भी सोशल मीडिया ऐप को डाउनलोड करते समय विभिन्न दी गई शर्तों का ध्यान रखें। अपना ओटीपी किसी से शेयर न करें , अपना बैंक अकाउंट नंबर पासवर्ड, और अपना सोशल मीडिया का अकाउंट उसका पासवर्ड, अनजान नंबर से आ रही वीडियो कॉल या व्हाट्सएप्प कॉल, ट्रूकॉलर पर दिख रहे पुलिस वाले के नाम से या नौकरी के नाम पर अखबारों में छप रहे झूठे विज्ञापनों से हमेशा सतर्क रहें।अगर आपके साथ साइबर फ्रॉड हो जाता है तो आप जल्द नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें।

## लोअर अरनियाला पंचायत में खोली जाएंगी उचित मूल्य की दुकानें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**19 अगस्त तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा विकास खंड की ग्राम पंचायत लोअर अरनियाला में उचित मूल्य की दुकानें खोली जाएंगी। इस संबंध में जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता ऊना राजीव शर्मा ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों के लिए सार्वजनिक संस्थान या सार्वजनिक निकाय जैसे ग्राम पंचायत, स्वयं सहायता समूह, सहकारी सभाएं, महिला मंडल व महिला संस्थाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा परिभाषित एकल नारी, विधवा नारी जिसके बच्चे उस पर आश्रित हों, शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति जो कि विकलांगता अधिनियम 1955 में परिभाषित किया गया है तथा उचित मूल्य की दुकान को कुशलतापूर्वक संभालने में सक्षम हो, भूतपूर्वक सैनिक, शिक्षित बेरोजगार जिनके परिवार से कोई स्थायी नौकरी में कार्यरत न हो, ऐसे व्यक्तियों को द्वितीय प्राथमिकता दी जाएगी।

इसके अलावा तृतीय प्राथमिकता हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति उचिल मूल्य की दुकान के लिए 19 अगस्त तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदक मैट्रिक पास होना अनिवार्य है तथा आयु सीमा 18-45 वर्ष होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नं. 01975-

## महिला आरक्षण बिल जल्द लागू करे केंद्र : सीमा शर्मा

**राजेश शर्मा, ऊना**

केंद्र सरकार महिला आरक्षण बिल पास होने के बावजूद लागू करने में विलंब कर रही है। देशभर में महिला वर्ग अपने आपको उपेक्षित महसूस कर रहा है। यह बात ऊना ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने कही। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को देश में महिला आरक्षण बिल को लागू न करने के विरोध में दिल्ली में जंतर-मंतर पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा विरोध-प्रदर्शन किया गया था। इसमें जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष उर्मिला शर्मा के प्रतिनिधत्व में पांचों ब्लॉकों से महिला नेत्रियों ने भाग लिया।



ऊना ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा संगठन की अन्य पदाधिकारियों के साथ।

उन्होंने कहा कि आज देश में महिलाओं के हकों को दिलाने के लिए केंद्र सरकार किंतु-परंतु कर रही है। परिसीमन की आड़ में महिलाओं के हकों को दबाने की कोशिश की जा रही है। केंद्र सरकार का महिला वर्ग के प्रति रवैया ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ जघन्य अपराध की खबरें रोज हमारे सामने आ रही हैं।

हाल ही में मध्य प्रदेश के रीवा में आप सब ने देखा कि कैसे दबंगों ने दो बहनों को जमीन में जिंदा गाड़ने की कोशिश की, लेकिन भाजपा सरकार आंखें मूंदे बैठी है। उन्होंने कहा कि जबकि महिलाओं की 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मोदी सरकार महिला आरक्षण कानून संसद में पारित बिल लागू करे और उसमें ओबीसी वर्ग की महिलाओं को भी शामिल किया जाए।

देश में मंहगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है। केंद्र सरकार महंगाई, बेरोजगारी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर बात नहीं कर रही और रोजगार के नए पद सृजित करने असफल रही है। केंद्र सरकार के बजट में हिमाचल प्रदेश की उपेक्षा की गई है। हिमाचल प्रदेश को विशेष आर्थिक पैकेज नहीं दिया गया। दिल्ली की रैली में ऊना से प्रदेश महिला महासचिव रजिंद्र कौर, ब्लॉक हरोली से अध्यक्ष सुमन ठाकुर, चिंतपूर्णी से सुरेश कुमारी, गगरेट से महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजिंद्र कौर, बहड़ाला की पूर्व प्रधान सोनिया राणा, प्रदेश यंग ब्रिगेड की सहसचिव निशा शर्मा इत्यादि ने शिरकत की।

उन्होंने बताया कि इस दौरान हिमाचल भवन में उनकी मुलाकात प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री से भी हुई। सभी महिला नेत्रियों से उपमुख्यमंत्री ने बातचीत की और संगठन को मजबूत करने के लिए टिप्स दिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भी महिला सशक्तिकरण के लिए प्रदेश सरकार बहुत से अहम फैसले ले रही है। हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## भोलेनाथ कांवड़ टीम को विधायक ने किया रवाना

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बुधवार को बंगाणा की भोलेनाथ कांवड़ टीम के जत्थे को कांवड़ यात्रा के लिए हरिद्वार रवाना किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा की सावन मास के उपलक्ष्य पर हमारे कुटलैहड़ विस क्षेत्र से हर वर्ष दर्जनों शिव भक्त कांवड़ यात्रा करके हरिद्वार से गंगाजल लाकर महादेव के शिवलिंग पर अर्पित करते हैं और आज यह भोलेनाथ कांवड़ टीम भी लगातार 21वीं बार पैदल यात्रा करके हरिद्वार के जल से भोलेनाथ के शिवलिंग का रुद्राभिषेक करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह आस्था का प्रतीक माना जाता है कि अपनी गहरी आस्था पर हरिद्वार की पावन गंगा की हरकी पौड़ी से पवित्र जल लाकर कुटलैहड़ के विभिन्न शिव स्थलों के शिवलिंग पर रुद्राभिषेक करते हैं। इन सभी शिव भक्तों को जो कांवड़ यात्रा में भाग लेते हैं, उन्हे सादर नमन करता हुआ उनकी यात्रा मंगलमय हो और भोलेनाथ इन्हें और ज्यादा शक्ति प्रदान करें। यही भोलेनाथ के श्री चरणों में प्रार्थना करता हूं।



बंगाणा से कांवड़ यात्रा को रवाना करते विधायक विवेक शर्मा।

## नशा मुक्ति अभियान को बनाएंगे जन आंदोलन : पुंडीर

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

**अभियान को सफल बनाने के लिए कमेटी का किया गठन**

ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा आरंभ किए गए नशा मुक्ति अभियान के तहत सामाग्री निर्माण को लेकर शिमला में राज्य स्तर पर एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सुमित्रा चंदेल की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया।

इसमें जीयानंद शर्मा, उर्मिल ठाकुर, डॉ. रीना सिंह, भूमित ठाकुर, यशविंदर डोगरा को सदस्य शामिल किया गया, ताकि इस नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन का रूप दिया जा सके। राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने बताया कि 12 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 'युवा संवाद' तथा 8 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' के अवसर पर विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर शिमला में एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें नशा मुक्ति पर किए जा रहे प्रयासों पर समझ बनाकर आगे की रणनीति तेयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति अभियान को जन आंदोलन बनाया जाएगा।

### सूडोकु 0013 ***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | | | | | 5 | | |
| | 1 | | | 8 | | | | 9 |
| 7 | | | | | 4 | | | |
| | | | 9 | | | 1 | | |
| | 3 | | | | | | 6 | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | | | 3 | | | | | 8 |
| 5 | | | | 6 | | | 2 | |
| | | 4 | | | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0012 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 1 |
| 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 |
| 5 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 4 | 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 9 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 4 |

## जोगिंद्रनगर में दिन में पांच से सात पीलिया रोगी आ रहे

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में आयुर्वेदिक अस्पताल में पीलिया के मरीजों का उपचार किया जा रहा है। आयुष विभाग उपमंडलाधिकारी चिकित्सक नीशी शर्मा ने बताया कि जोगिंद्रनगर आयुर्वेदिक अस्पताल में पीलिया के मरीजों का उपचार किया जा रहा है। दिन में पांच से सात पीलिया रोगी आ रहे हैं। उन्होंने पीलिया लक्षण व रोकथाम की जानकारी दी। उन्होंने जोगिंद्रनगर वासियों से निवेदन किया कि पानी को उबालकर पीएं, सब्जी व फल धोकर खाएं।

## तबाही की ओर कई गांवों में मक्का की फसल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिला के पहाड़ी क्षेत्रों में औसत से कम बरसात होने के कारण मक्का की फसल तबाही की ओर बढ़ रही है। खासकर बंगाणा के मुछाली जिला परिषद वार्ड के अलावा मोमनियार जिला परिषद वार्ड में भी मक्का की फसल में तना सड़न रोग और झुलसा रोग लग चुका है।

किसान परवेश कुमार, राजीव, रमन लंबड़, प्रीतम, सुभाष, खेम राज आदि का कहना है कि प्रकृति की मार से इस बार मक्का तबाह हो रहा है। पिछले सीजन के मुकाबले आधी फसल भी नहीं मिल पाएगी। लागत भी वसूल होने की उम्मीद नहीं बची है। किसानों ने खाद के साथ खड़पतवार नाशक दवाई पर भी हजारों की रकम खर्च की है। मेहनत का कोई अनुमान ही नहीं है। इतना कुछ करने के बावजूद किसान के हाथ निराशा लगी है।



बंगाणा के समीप एक खेत में झुलसी फसल

कृषि विभाग के विषयवाद विशेषज्ञ डॉ. सतपाल धीमान का कहना है कि बारिश असमान्य हुई है। मक्का की निराई गुड़ाई करने से कुछ बचाव हो सकता है। झुलसा रोग भी तना सड़न रोग जैसा है, इसके लिए दवा का छिड़काव करने की सलाह दी जाती है। मौसम प्रतिकूल होने पर ही किसी विशेषज्ञ द्वारा बताई गई दवा का छिड़काव करें।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

1 अगस्त, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** आषाढ़, **तिथि** द्वादशी: (3:31) **: नक्षत्र :** मृगशिरा (10:24), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** व्याघात (12:49) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:00 - 12:54), **राहुकाल** (02:08 -03:49)।

### विशेष दिन

- एक अगस्त 2024 : प्रदोष व्रत आज।
- एक अगस्त : विश्व स्तनपान दिवस आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** कम समय में काम को पूरा करने में लगे रहेंगे। विशेष महत्व के कार्य पूरा करने का प्रयास करें। सफलता मिलेगी।

**वृषभ:** समय अनुकूल नहीं है सतर्क रहें। कोई नया काम आरंभ करने में विलंब होगा। आशाएं बलवती होंगी।

**मिथुन:** समय का सदुपयोग करें दोस्तों के साथ मिल कर कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। झूठ बोल कर फंस सकते हैं।

**कर्क:** अपनों की बातों से मन दुखी होगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। सामाजिक संबंधों का लाभ मिलेगा। शुभ कार्यों में व्यय होगा।

**सिंह:** दिन की शुरुआत व्यस्ततापूर्वक रहेगी। देव दर्शन और निजी कार्यों में समय बीतेगा। कारोबार में सफलता मिलेगी। भाग्य में प्रबलता रहेगी।

**कन्या:** आध्यात्मिक तरक्की होगी। धन लाभ के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। परिजन का सहयोग मिलेगा। अनुबंधों की पूर्ति होगी।

**तुला:** कारोबार का विस्तार के योग बन रहे हैं। नई योजना का लाभ मिलेगा। दाम्पत्य संबंधों में मधुरता आएगी। धार्मिक यात्रा की योजना बनेगी।

**वृश्चिक:** काम बहूत है आप अच्छे से कार्यनीति तय करें। काम आरंभ न करें। धैर्य से अपने कार्यों को समर्पित रहें।

**धनु :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। महत्व के कार्यों को प्राथमिकता दें। अपनी संगत बदले।वाहन खरीदने का मन होगा।

**मकर:**शासन-प्रशासन का सहयोग न मिलने से कार्य बाधित होंगे। सामाजिक संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी। यशुभ कार्यों में व्यय होगा।

**कुंभ:** साझेदारी में किए कारोबार में तरक्की होगी। धन लाभ होता रहेगा। नया मकान दुकान खरीदने के योग हैं।

**मीन:** समय अनुकूल नहीं है निवेश से बचें। रुके कार्यों की पूर्ति होगी। शुभ कार्यों में मन लगेगा। विदेश जाने के योग बन रहे हैं।

**फैसले** जन आरोग्य समिति की बैठक संपन्न; कई विषयों पर हुई चर्चा, लिए महत्वपूर्ण निर्णय

## रायपुर अस्पताल में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, रोगियों के लिए बनेगा शेड

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

उपमंडल बंगाणा के समुदाय स्वास्थ्य केंद्र रायपुर मैदान में बुधवार को जन आरोग्य समिति की बैठक चेयरमैन कृष्ण पाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में डॉ. पारूल ठाकुर, स्थानीय पंचायत प्रधान रीता शर्मा, मदन गोपाल शर्मा, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर मधु सुमन, डॉक्टर पल्लवी, विक्रमा, सुरेंद्रा, जीवन कुमार, रामआसरा शर्मा आदि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बैठक के बाद समिति के चेयरमैन कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि बैठक में पूरे अस्पताल में तुरंत प्रभाव से सीसीटीवी कैमरे लगाने का प्रस्ताव पारित किया गया और सभी अस्पताल में आने वाले रोगियों की सुविधा हेतू मातृ एवं शिशु कक्ष में एसी लगवाया जाएगा और एक स्टोर रूम बनाया जाएगा।



कृष्ण पॉल शर्मा तुलसी का पौधा लगाकर पौधरोपण अभियान शुरू करते हुए।

कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि रायपुर मैदान का स्वास्थ्य अस्पताल को सारी सुविधाएं देने के लिए समिति बचनबद्ध है और हर बैठक में दो से तीन कार्य नए किए जाने का प्रस्ताव पारित किया जाता है।

उन्होंने कहा कि हेल्थ एंड वेलनेस सैंटर रायपुर मैदान में रोगियों की सुविधा के लिए बैठने के लिए शेड बनाया जाएगा ताकि रोगियों के साथ आने बालों को भी बैठने के लिए उचित स्थल मिल सके। वहीं, स्वास्थ्य अस्पताल के परिसर में एक तुलसी का पौधा मां के नाम अभियान के तहत रोपा गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधरोपण करना अनिवार्य है।

केंद्र सरकार द्वारा चलाए एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत रायपुर मैदान अस्पताल में हमने एक तुलसी का पौधा लगाया है और उनकी देखभाल का संकल्प भी हमने लिया है, इसलिए हर व्यक्ति एक कम से कम पौधा मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधरोपण भी करे और उनकी देखभाल का संकल्प भी ले, तभी पर्यावरण स्वच्छ और क्लीन और ग्रीन का सपना साकार होगा।

गर्मियों में आग की भेंट चढ़े लाखों पौधों की भरपाई के लिए सभी को आगे आकर और बढ़-चढ़कर पौधरोपण करना होगा और कम से कम पांच साल तक उक्त पौधों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी का संकल्प भी लेना होगा, ताकि हमारे द्वारा लगाए गए नन्हे पौधे जवान होकर हमें अच्छा पर्यावरण और वातावरण दे सके। जनता से निवेदन किया है कि इस वर्ष वन महोत्सव को एक त्योहार की तरफ मनाते हुए हर व्यक्ति ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें। (अनंत ज्ञान)

आपका बचपन चाहे कैसा भी गुजरा हो, लेकिन फिर भी आप इतिहास रच सकते हो। –डॉ. बीआर अंबेडकर

## संपादकीय

# पर्यावरण संरक्षण की अलख

हिमाचल में सुक्खू सरकार पर्यावरण संरक्षण के प्रति संजीदा है। आजकल पूरे राज्य में वन महोत्सव मनाए जा रहे हैं। इनका मुख्य उद्देश्य प्रदेश में हरियाली बरकरार रखना तथा और ज्यादा हरित पट्टी बढ़ाना है। हालांकि हिमाचल में वन क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। इस समय प्रदेश का कुल वन क्षेत्र 27.73 फीसदी है यानी 15,443 वर्ग किलोमीटर फॉरेस्ट कवर है। हिमाचल का लक्ष्य इसे 33 फीसदी तक बढ़ाना है। प्रदेश की कुल वन संपदा 1.50 लाख करोड़ रुपए तक आंकी गई है। प्रदेश सरकार ने हिमाचल में जंगलों में गल-सड़ रहे सूखे पेड़ों को काटने की अनुमति दे दी है।

वन रक्षक अपने स्तर पर दो पेड़ और वन मंडल अधिकारी 25 पेड़ काटने की अनुमति दे सकता है। सरकार ने पिछले साल भी जंगलों में सूख रहे पेड़ों को काटने के दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिससे वन विभाग और निगम ने 15 हजार क्षतिग्रस्त पेड़ों की लकड़ी बेचकर राजस्व कमाया। नतीजतन सरकार की रॉयल्टी आय डेढ़ साल में 35 से बढ़कर 70 करोड़ रुपए यानी डबल हो गई। निश्चित रूप से सरकार के इन फैसलों से वन रक्षकों और वन मंडल अधिकारियों की शक्तियों में इजाफा हुआ है। इससे फोरलेन कार्य में कोई अड़ंगा नहीं आएगा। वन विभाग अपने आप ही पेड़ों को काटने की प्रक्रिया शुरू करेगा। बड़ी बात यह कि उन्हें ठिकाने भी खुद ही लगाएगा। सरकार ने 31 मार्च 2026 तक प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है और इस लक्ष्य को हासिल करने में वन विभाग की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। सूखे पेड़ों को काटने से जहां वनों की सुरक्षा होगी तो वहीं, नए पौधों के लिए जगह भी बनेगी।

विद्युत और संचार लाइनों की सुरक्षा अच्छे से हो सकेगी। इसके अलावा कृषि भूमि की वृद्धि हो सकती है और किसानों को अधिक भूमि मिलेगी। यही नहीं, पेड़ काटने और वन प्रबंधन में रोजगार के अवसर भी पैदा हो सकते हैं। सूखे पेड़ों को काटने से वनों की सुरक्षा और प्रबंधन में सुधार होगा। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पेड़ों को काटने से पहले पर्यावरणीय प्रभावों का मूल्यांकन किया जाना चाहिए और सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि यह वनों के संरक्षण और प्रबंधन के लिए आवश्यक है। मुख्यमंत्री का हिमाचल को हरित राज्य बनाने का दृष्टिकोण वाकई काबिलेतारीफ है। उम्मीद की जानी चाहिए कि उनके प्रयास भी रंग लाएंगे। जरूरत इस बात की है कि वन विभाग अपने प्रयासों से बंजर पहाड़ियों पर पौधरोपण करवाए, ईको पर्यटन स्थलों को विकसित करे तथा वन संरक्षण अधिनियम यानी एफसीए के मामलों में तेजी लाए। पृथ्वी पर सारा जीवन किसी न किसी तरह से वनों के अस्तित्व से जुड़ा हुआ है। प्रदेश का ज्यादातर क्षेत्र वनों से घिरा हुआ है इसलिए हिमाचल के वनों को हरा सोना कहा जाता है। हिमाचल में बान, देवदार, चीड़, राई, पाइन, खैर, सैंबल, ऑक, चिलगोजा आदि सहित पेड़ों की सैकड़ों प्रजातियां पाई जाती हैं। वन एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है। वन न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए जरूरी है, बल्कि जंगलों से ईंधन, चारा, इमारती लकड़ी, जड़ी-बूटियां, घर निर्माण, बागवानी उत्पादों की पैकेजिंग और कृषि उपकरण जैसी जरूरतें भी वनों से ही पूरी हो रही हैं। ऐसे में जंगलों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है।

यही कारण है कि प्रदेश के कई स्थानों में देवता का वास समझकर पेड़ों की पूजा की जाती है। करसोग से 25 किलोमीटर दूर छतरी मार्ग पर नगेलडी इलाके में सड़क के किनारे ऐसा ही एक वनशीरा देवता का मंदिर हैं, जिसे जंगल का राजा भी कहा जाता है। यह देवता गाड़ियों की रक्षा करने के साथ-साथ जंगलों की सुरक्षा रक्षा भी करता है। यहां से गुजरते वक्त वाहन चालक जरूर रुकते हैं और वनशीरा देवता को नंबर प्लेट या गाड़ियों के पुर्जे चढ़ाकर पूजा अर्चना करते हैं। इसके बाद ही अपनी मंजिल की तरफ बढ़ते हैं। देवता का वास होने की वजह से यहां पर वन माफिया भी पेड़ काटने की हिम्मत नहीं कर पाते हैं। हिमाचल बेशक पर्यावरण संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य कर रहा है, लेकिन अभी भी और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। वर्तमान और भावी पीढ़ी को जंगलों के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए ताकि धरती को वनों की हरियाली से सजाया जा सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### फिल्म जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री

**फिल्म** जगत की प्रसिद्ध अभिनेत्री मीना कुमारी का पूरा नाम 'महजबीं बानो' था। मीना अपनी दर्द भरी आवाज और भावनात्मक अभिनय के लिए बहुत प्रसिद्ध रही हैं। उनकी 'साहिब बीबी और गुलाम', 'पाकीजा', 'परिणीता', 'बहू बेगम' और 'मेरे अपने' दिल को छू लेने वाली कलात्मक फिल्में हैं। मीना का जन्म मुंबई में एक मध्यम वर्गीय मुस्लिम परिवार में हुआ था। जब उनका जन्म हुआ, तब मां-बाप के पास डॉक्टर को देने के पैसे नहीं थे। दोनों ने बच्ची को किसी अनाथालय के बाहर सीढ़ियों पर छोड़ दिया, लेकिन पिता का मन नहीं माना और वह पलट कर भागे और बच्ची को गोद में उठाकर घर ले आए। किसी तरह मुश्किल भरे हालातों से लड़ते हुए उन्होंने उसकी परवरिश की। मीना के पिता एक पारसी थियेटर में काम किया करते थे और माता एक नर्तकी थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब रहने के कारण मीना को बचपन में ही स्कूल छोड़ना पड़ा। वर्ष 1939 में बतौर बाल कलाकार उनको विजय भट्ट की फिल्म 'लेदरफेस' में काम करने का मौका मिला। अपनी पहचान को तलाशती मीना को दस साल तक संघर्ष करना पड़ा। वर्ष 1952 में विजय भट्ट के निर्देशन में 'बैजू बावरा' में काम करने का मौका मिला। इस फिल्म की सफलता के बाद मीना बतौर अभिनेत्री अपनी पहचान बनाने में सफल हो गईं। सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए उन्हें चार बार फिल्म फेयर पुरस्कार मिला।



मीना कुमारी
जन्म : 1 अगस्त, 1932
मृत्यु : 31 मार्च, 1972

## अपनी बात

**प्रकृति** से खिलवाड़ नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है और इसके परिणामस्वरूप कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। प्रकृति से खिलवाड़ करने से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ जाता है, जिससे जैव विविधता प्रभावित होती है और पारिस्थितिक तंत्र असंतुलित हो जाता है। अगर इंसान प्रकृति से खिलवाड़ करता रहा तो एक दिन उसका विनाश भी निश्चित है। यही नहीं, पर्यावरण प्रदूषण होता है, जिससे जल, वायु और मिट्टी प्रदूषित होते हैं और इसके परिणामस्वरूप स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न होती हैं। प्राकृतिक संसाधनों की कमी जाती है, जिससे भविष्य में संसाधनों की कमी हो सकती है। इसके अलावा प्रकृति से खिलवाड़ करने से आपदाओं का खतरा बढ़ता है, जैसे कि बाढ़, सूखा, और भूस्खलन आदि प्राकृतिक आपदाएं आती हैं। जैव विविधता की कमी भी आती है, जिससे पारिस्थितिक तंत्र असंतुलित हो जाता है और इसके परिणामस्वरूप कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसलिए, प्रकृति से खिलवाड़ करना गलत है और हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए और इसका संरक्षण करना चाहिए।

**शिवानी भटनागर, नूरपुर**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# अभी भी वक्त है प्रकृति से छेड़छाड़ मत कीजिए

कश्मीर से कन्याकुमारी तक भू-स्खलन के हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। केरल के वायनाड में भू-स्खलन होने से 43 लोगों की मौत हो गई, यह संख्या बढ़ सकती है। इस भू-स्खलन में लगभग 400 लोग लापता हो गए हैं, यह बहुत बड़ी त्रासदी है । यह घटना रात को करीब दो बजे हुई है, इसमें चार गांव , पुल, सड़कें और मकान बह गए हैं। एनडीआरएफ की टीमें जान जोखिम में डाल कर लोगों का जीवन बचा रही है। भारी बरसात के कारण यह हादसा हुआ है। सर्च ऑपरेशन जारी है। बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे हैं। हिमाचल के सोलन में भी कालका-शिमला फोरलेन पर चलती गाड़ी पर पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। प्रतिवर्ष बरसात में ऐसे हादसे होते हैं और लोगों को जान गंवानी पड़ती है।

प्रकृति की चेतावनी, सुधर जा मानव अभी संभलने का वक्त है। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने वाले मानव को प्रकृति ने आगाह किया है कि सुधर जाओ नहीं तो तबाह कर दूंगी, यह तो एक ट्रेलर है अभी पूरी पिक्चर बाकी है। हिमाचल के किन्नौर से लेकर भरमौर तक तबाही ही तबाही हो रही है, बरसात का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है, प्रतिदिन पहाड़ दरक रहे हैं। बरसात ने सैकड़ों लोगों का जीवन लील लिया है, कई बच्चे अनाथ हो गए, माताएं व बहनों का सिंदूर मिट गया, यह बरसात इतने जख्म दे गई कि जख्म तो भर जाएंगे पर निशान अमिट रहेंगे। बरसात के कारण अब तक सैकड़ों लोग मारे जा चुके हैं, जो बह गए अभी तक नहीं मिल सके हैं। करोड़ों की सरकारी व निजी संपत्ति बह गई, लोगों की उम्र भर की कमाई खत्म हो गई। लोगों को सड़कों पर राते गुजारने पड़ रही है, पल भर में सब कुछ बह गया। कारें व बसें भी बह गई, आलीशान घर पल भर में बह गए। सदियों पुराने पुल बह गए, प्रकृति कभी भेदभाव नहीं करती, लेकिन जब मानव ने प्रकृति का सीना छलनी कर दिया तो प्रकृति ने मानव को सबक सीखा दिया। अवैध खनन के कारण नदियों व नालों का रास्ता बदल गया है, लोगों ने नदियों के किनारे मकान बना दिए, नतीजतन अब भुगत रहे हैं। बरसात अपना रौद्र रूप इंसान को दिखा चुकी है, भटक चुके मानव को उसकी औकात दिखा दी है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

मानव को भी छेड़छाड़ करना बंद कर देनी चाहिए। पिछले साल 20 अगस्त को भी बहुत तबाही हुई थी, मंडी के गोहर में एक मकान के जमीदोज होने से आठ लोगों की मौत हो गई थी। जुलाई में लगातार मूसलाधार बारिस हो रही है, सड़कें बह रही है, पहाड़ों में बादल फट रहे हैं, लोग असमय मारे जा रहे हैं। अभी अगस्त माह बाकी है, पता नहीं कुदरत क्या कहर ढाएगी। प्रशासन भी सक्रिय है, लोगों को सुरक्षित जगह पर आश्रय दें रहा है। लोगों को भी सतर्क रहना चाहिए, नदियों का जलस्तर भी काफी बढ़ चुका है, लोग लापरवाही बरत रहे हैं और बह रहे हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए। मानव को पहाड़ों से छेड़छाड़ बंद करनी होगी ताकि आने वाले समय में ऐसे हादसे रुक सके, वक्त अभी संभलने का है। अगर अब भी सबक नहीं सीखा तो ऐसी तबाही लगातार होती रहेगी। मानव को चाहिए कि अब ऐसी भूल मत करें, नहीं तो कुदरत नामोनिशान मिटा देगी। उत्तराखंड में प्रकृति का तांडव, एक त्रासद कहते हैं कि प्राकृतिक आपदाओं को रोक तो नहीं सकते, परंतु अपने विवेक व ज्ञान से अपने आप को सुरक्षित कर सकते हैं।

कुछ साल पहले उत्तराखंड में प्रकृति का रौद्र तांडव, एक त्रासदी है। प्रलय में असमय व अकाल ही निर्दोष लोग मारे गए थे। कुछ बच गए थे, कुछ लापता हो गए थे। कैसी विडंबना है कि एक तरफ जहां पूरे देश में प्रकृति रौद्र रूप दिखाकर तांडव मचा रही है। रविवार को उत्तराखंड में प्रकृति ने प्रलय की इबारत लिख दी। रविवार को सुबह साढ़े दस बजे राज्य के चमोली जिला के तपोवन में ग्लेशियर टूटकर ऋषिगंगा नदी में गिरा और तबाही का मंजर पलभर में लोगों को लील गया। ऋषिगंगा नदी के किनारे रैणी गांव में ऋषिगंगा पावर प्रोजेक्ट तहस नहस हो गया और दर्जनों लोगों को लील गया। 16 लोगों को एनडीआरएफ टीम ने बचा लिया था । 204 लोग लापता हो गए थे और 34 शव बरामद कर लिए थे, यह बहुत ही त्रासदी है। पलभर में लोग बह गए और लापता हो गए। चमोली में लापता लोगों की तलाश के लिए अब ज्योग्राफिकल स्कैनिंग की जा रही है। प्रकृति समय-समय पर आगाह करती रहती है, मगर फितरती हो चुका मानव खुद को समझकार समझता है, मगर प्रकृति ने एक छोटे से झटके से उसको औकात दिखा दी है।

सरकारों ने मुआवजे की घोषणा कर दी है, मगर मुआवजा इसका हल नहीं है। प्रकृति से खेलना बंद करना होगा। यह प्रलय निरंतर होते रहेंगे। बीते साल 2020 में अंफान चक्रवात ने पश्चिम बंगाल और उड़ीसा में तबाही मचा दी थी। 80 लोग अकाल बेमौत मारे गए थे। लाखों लोग बेघर हो गए थे । पुल क्षतिग्रस्त हो गए थे। इलाके जलमग्न हो गए थे। देश में कभी भूकंप, कभी सुनामी, जैसी प्राकृतिक आपदाएं अपना जलवा दिखाती है, तो कभी बाढ़ का रौद्र रूप जिंदगियां लीलता हैं। लाखों-हजारों लोग मारे जाते हैं। मानव भी प्रकृति से छेड़छाड़ करने से बाज नहीं आते, जब प्रकृति अपना बदला लेती है, तब लोगों को होश आता, समय-समय पर भीषण त्रासदियां होती रहती है, मगर हम आपदाओं से कोई सबक नहीं सीखते। हर त्रासदी के बाद बचाव पर चर्चा होती है, मगर कुछ दिनों बाद जब जीवन पटरी पर चलने लग जाता है, तो इन बातों को भूला दिया जाता है।

अगर बीती त्रासदियों से सबक सीखा जाए, तो आने वाले भविष्य को सुरक्षित कर लिया जा सकता है। मगर हादसों व आपदाओं से न तो लोग सबक सीखते हैं और न ही सरकारें सबक सीखती हैं। कुछ दिन सरकारी अमला औपचारिकता निभाता है और उसके बाद अगली घटना तक कोई कारगर उपाय नहीं किए जाते। सरकारों को इस आपदाओं पर मंथन करना चाहिए तथा शिविर लगाकर महानगरों, शहरों व गांवों के लोगों को जागरूक किया जाए।

तभी तबाही से बचा सकता है। देश में प्राकृतिक आपदाओं का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति का कहर अनमोल जिंदगियां लील रहा है। देश के हर राज्य में बरसात से त्रासदियां हो रही है। इस विनाशकारी प्रकृति के कहर से जनमानस खौफजदा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# बेरोजगारी : समस्या और समाधान

बेरोजगारी, आधुनिक समाज की एक गंभीर समस्या है, जो विभिन्न कारणों से युवा पीढ़ी को प्रभावित कर रही है। इस समस्या का सामना करने के लिए हमें इसके कारणों को समझना और उचित समाधानों की दिशा में कदम उठाना होगा।

**बेरोजगारी की समस्या:** बेरोजगारी ने आज की युवा पीढ़ी को अवसादपूर्ण परिस्थितियों में डाल दिया है। नौकरी की कमी और अस्तित्व में बदलाव के कारण युवा अपने भविष्य को लेकर निराश हो रहे हैं। बेरोजगार हीन भावना का शिकार हो रहे हैं और तनाव पूर्ण जीवन जी रहे हैं।

**कारण:** हालांकि शिक्षा में सुधार हुआ है, लेकिन, अधिकांश युवा अपनी शिक्षा को और बेहतर बनाने के बावजूद उच्चतम शिक्षा में कमी रहती है और उनमें विशेषज्ञता की कमी होती है। तकनीकी प्रगति ने बहुत से परंपरागत क्षेत्रों को प्रभावित किया है, जिसके कारण ऐसे क्षेत्रों में नौकरी पाना मुश्किल हो रहा है। नौकरियों की उपलब्धता में कमी और विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों की कमी बेरोजगारी को बढ़ा रही है। अधिकतर बेरोजगार सोचते हैं कि सरकारी नौकरी ही रोजगार होता है और स्वरोजगार को उतना महत्व नहीं देते। कुछ अभिभावक अपने बच्चों में सकारात्मक सोच का संचार नहीं करते बल्कि बच्चों पर किसी बड़े लक्ष्य प्राप्ति का अधिक दबाव रखते हैं और लक्ष्य प्राप्त न होने पर हीन भावना का शिकार होते हैं।



लेखक : हरि चंद
अध्यापक, चिलाआगे

**समाधान:** सरकार को नौकरियों को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। स्थानीय उद्यमियों को समर्थन प्रदान करके और नई उद्योग सृष्टि को बढ़ावा देना आवश्यक है। युवा को आवश्यक कौशल और तकनीकी शिक्षा को महत्वपूर्ण बनाएं। सरकार को उद्यमिता और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनानी चाहिए। युवा को स्व-रोजगार के लिए प्रेरित करना चाहिए। उद्यमिता और स्व-रोजगार के लिए सरकारी समर्थन प्रदान करना चाहिए। सामाजिक जागरूकता अभियान करके अभिभावकों और युवा पीढ़ी में सकारात्मक सोच का संचार करना चाहिए। बच्चों पर लक्ष्य प्राप्ति का अनुचित दबाव नहीं डालना चाहिए, ताकि वे तनाव मुक्त हो कर अच्छी मेहनत करके अपना लक्ष्य प्राप्त कर सके। स्वरोजगार को भी उतना ही महत्व देना चाहिए, जितना कि सरकारी नौकरी को महत्व देते हैं।

बेरोजगारी एक सामाजिक,आर्थिक और मानसिक समस्या है। इसका समाधान हमारे समाज के विकास में मूल्य रख सकता है। सरकार, समाज और व्यक्ति सबको मिलकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा ताकि हम एक समृद्ध और संवेदनशील समाज की ओर बढ़ सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## अग्रिम मोर्चा

भीम बसेडू राजपूत
महादेव, सुंदरनगर

*सरहद के आर-पार ,*
*बम, बंदूक और बारूद की धुरी में,*
*मौत का सायरन बजाते,*
*जंगी तपिश से तमतमाए सैन्य मोर्चे,*
*सर पर मंडराता प्राणघातक प्रहार,*
*भयंकर अग्निपथ सा दिखता,*
*गश्ती दल का परमवीर स्थल,*
*जल-थल-नभ में,*
*सर्वनाश करने वाला तांडव,*
*मचती रहती चीखों पुकार,*
*मारे जा रहे बेमौत,*
*होते जा रहे शहीद,*
*बेकसूर नागरिक, फौजी जवान,*
*रक्त रंजित है यहां से वहां तक,*
*प्रलय मंजर और खून से*
*नहाया है अग्रिम मोर्चा।*

# देश विरोधी ताकतों का अड्डा बन गए हैं जन सुविधा केंद्र

उत्तर प्रदेश में जन सुविधा केंद्र अराजकता के अड्डे बनते जा रहे हैं। इन पर सरकारी नियंत्रण नहीं के बराबर नजर आता है। इनके कामकाज की कभी समीक्षा भी नहीं होती है, जिसके चलते यह खूब मनमानी और फर्जीबाड़ा करते रहते हैं। नकली जन्म प्रमाण पत्र से लेकर फर्जी आधार कार्ड, दिव्यांगों, वृद्धजनों, विधवा पेंशन जैसे तमाम सरकारी योजनाओं का फार्म भराने, सब में यहां धांधली का बोलबाला रहता है। आज भले ही यूपी के रायबरेली जनपद का सलोन कस्बा अवैध जन्म प्रमाण पत्र बनाने का केंद्र बनने के कारण सुर्खियां बटोर रहा हो, लेकिन यूपी में ऐसे कई 'सलोन कस्बे' हैं जिन पर आज तक किसी का ध्यान नहीं गया है। यह कहने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए कि बड़ी संख्या में जन सुविधा केंद्र राष्ट्र विरोधी कृत्यों का ठिकाना बने हुए हैं। रायबरेली के सलोन कस्बे में दूसरे प्रांतों से आए लोगों का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का मामला न सिर्फ गंभीर है, बल्कि आंतरिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है।

जिस कस्बे की आबादी ही लगभग 20 हजार हो वहां एक ग्राम विकास अधिकारी की आईडी से 19 हजार से अधिक जन्म प्रमाण पत्र बना दिए गए और किसी का इस ओर ध्यान ही नहीं गया। अब यह मामला सामने आया है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि कुछ को छोड़कर सब के सब जन्म प्रमाण पत्र बांग्लादेश और रोहनियां मुसलमानों के बनाए गए हैं।

खास बात यह है कि यह सब थे तो घुसपैठिए मुसलमान, लेकिन इनका जन्म प्रमाण पत्र हिंदू नामों से बनाया गया था। ग्राम विकास अधिकारी (वीडीओ) की मिलीभगत से बनाए गए इन फर्जी जन्म प्रमाण पत्र के मामले में जो सनसनीखेज तथ्य सामने आ रहे हैं, उसके अनुसार कुल बने 19,184 फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों में आदि संख्या हिंदू नामों से बनाए गए थे और न ही इनका मोबाइल नंबर था। इस बात की प्रबल संभावना है कि बांग्लादेशी व रोहिंग्या हिंदू नामों से यहां की नागरिकता हथियाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। स्लोन कस्बे में वीडीओ विजय यादव की मिलीभगत से जन सुविधा केंद्र संचालक जीशान, सुहैल और रियाज ने दो वर्ष में 19,184 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बना दिए, लेकिन एलआईयू से लेकर पुलिस तक को इसकी भनक तक नहीं लगी। एक महत्वपूर्ण तथ्य है कि 19,184 में से सबसे ज्यादा 10 हजार प्रमाण पत्र नूरूद्दीनपुर में बने हैं, जबकि वहां की आबादी ही 6,500 है। इसी तरह लहुरेपुर गांव की आबादी 2,800 और मतदाता 1,489 है यहां जारी जन्म प्रमाण पत्रों की संख्या 3,841 है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि इस फर्जीबाड़े की शुरुआत नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने के बाद से हुई। वीडीओ विजय यादव और जीशान ने किसी देश विरोधी ताकतों के इशारे पर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया, इसका पता लगाया जाना जरूरी है। फर्जी जन्म प्रमाण पत्र कांड में बिहार, झारखंड व केरल के साथ विदेशी ताकतें भी शामिल हो सकती है। दरअसल, विजय यादव, जीशान के घर पर किराये पर रहता था। आरोपित वीडीओ मूल रूप से ऊंचाहार का रहने वाला है। छतोह से स्थानांतरण के बाद सलोन में अपनी तैनाती के कुछ समय बाद से ही वह जन सुविधा केंद्र संचालक जीशान के घर पर किराए पर रहने लगा था। कस्बावासियों के अनुसार कहने मात्र के लिए ही विजय किरायेदार था।



लेखक : संजय सक्सेना
स्वतंत्र लेखक

कमाई का पैसा रोज शाम को सीधे जीशान के उस कमरे में आता था, जिस कमरे में विजय रहता था। वहीं पर रोज पार्टी होने के बाद पैसों का शेयर लगता था। वहीं एसपी अभिषेक अग्रवाल का कहना है, सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। लोगों का भौतिक सत्यापन करवाकर जल्द ही बड़े निष्कर्ष पर पहुंचेंगे। वहीं डीपीआरओ सौम्यशील सिंह का कहना था, एडीओ पंचायत ने जांच कर ली है। आदिसंख्या फर्जी जन्म प्रमाण पत्रों पर हिंदू नाम है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता कि ये बांग्लादेशी व रोहिंग्यों ने बनवाए होंगे। बहरहाल, योगी सरकार के लिए जरूरी है कि इस घटना को प्रशासनिक स्तर पर एक सबक के रूप में देखा जाना चाहिए। तहसील में तैनात एक छोटा सा कर्मचारी एक नहीं हजारों फर्जी सर्टीफिकेट बनाता रहा और किसी को इसका पता तक नहीं चला। यह व्यवस्था की खामी है और इस बात का पता लगाया जाना चाहिए कि मॉनिटरिंग में कहां खामी है।

पुलिस ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले चारों लोगों को गिरफ्तार जरूर कर लिया है, लेकिन पूरे मामले की गहन छानबीन जरूर पता किया जाना चाहिए कि जिन लोगों के प्रमाण पत्र बने वे कहां से आए हैं। जन्म प्रमाण पत्र किसी भी बच्चे का पहला कानूनी दस्तावेज है जो न सिर्फ जीवन पर्यंत उसके काम आता है, बल्कि उसकी नागरिकता भी सुनिश्चित करता है। लोगों को यह प्रमाण पत्र मिलने में परेशानी न उठानी पड़े, इसलिए इसके लिए आनलाइन आवेदन की व्यवस्था भी की गई हैं। यदि देश विरोधी तत्व ऐसे प्रमाण पत्र बनवाने में सफल हो जाते हैं, तो देश की आंतरिक सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। यह भी देखा जाना चाहिए कि कहीं हिंदुओं के नाम पर मुस्लिमों के प्रमाण पत्र तो नहीं बनाए गए। चूंकि जांच एटीएस ने संभाली है तो उम्मीद की जानी चाहिए कि पूरा सच शीघ्र ही सामने आएगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# दुर्घटनाओं की बहार, भारतीय रेलवे में कब आएगा सुधार ?

30 जुलाई, मंगलवार सुबह जब पूरा भारत गहरी नींद में सो रहा था, तो झारखंड में उस समय चीख पुकार, हाहाकार और दर्द की कर्राहट से टाटानगर की धरती गूंज रही थी। लोग ट्रेन से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे थे, कुछ सफल हुए, 2 को दर्दनाक मौत नसीब हुई, 20 से अधिक घायल और बहुत से लोग घंटों तक अंदर ही फंसे रहे, तबाही के इस मंजर की तस्वीरों ने हर किसी के हृदय को झकझोर कर रख दिया। तस्वीरों को देखकर यूं लग रहा था जैसे जानमाल का और ज्यादा नुकसान हो सकता था, पर गनीमत से नहीं हुआ।

देश में रेल दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। 2 महीने से कम की अवधि में यह तीसरी दर्दनाक रेल दुर्घटना है। अभी 10 दिन पहले ही चंडीगढ़ से डिब्रूगढ़ जा रही डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस की उत्तर प्रदेश में गोंडा और बस्ती के बीच झिलाई स्टेशन के पास 10 से 12 बोगियां पटरी से उतर गईं। आरंभिक रिपोर्ट के अनुसार चार लोग मौत के मुंह में समा गए और 30 से अधिक घायल हो गए। आश्चर्य की बात यह है कि इस ट्रेन एक्सीडेंट में ट्रेन किसी अन्य ट्रेन से नहीं टकराई फिर भी बोगियां उछलकर पटरी से कई मीटर दूर तक पहुंच गई। करीब हफ्ता भर पहले अमरोहा में मालगाड़ी की करीब 12 बोगियां उतर गईं। इससे पहले पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में 17 जून को कंचनजंगा एक्सप्रेस के मालगाड़ी से टकराने के बाद पैसेंजर ट्रेन के गार्ड और मालगाड़ी के लोको पायलट समेत 10 लोगों की जान चली गई और 43 लोग घायल हुए। सीआरएस की रिपोर्ट से पता चलता है कि सिर्फ लोको पायलट की गलती नहीं थी।

ट्रेन चलाने के प्रबंधन में कई स्तर पर गड़बड़ियां हुईं, जिनमें से सिग्नल फेलियर और स्टेशन मास्टर व लोको पायलट की पर्याप्त रूप से काउंसिलिंग नहीं किया जाना, लोको पायलट और ट्रेन मैनेजर के पास वॉकी-टॉकी का न होना, निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया जाना आदि खामियां प्रमुख थीं। इस रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से यह भी लिखा गया है कि 'जब अध्यापक को ही विषय की स्पष्ट रूप से समझ नहीं हो तो वह छात्र को क्या पढ़ाएगा' और अब गत दिवस झारखंड के जमशेदपुर में चक्रधर रेल मंडल के बड़ाबम्बो के पास हावड़ा- मुंबई मेल डीरेल होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, ट्रेन के 18 कोच रेललाइन से उतर गए। तबाही का यह मंजर पिछले वर्ष जून माह में हुए बालासोर ट्रेन दुर्घटना की भयावह यादें ताजा करता है, जिसमें एक मालगाड़ी, कोरोमंडल एक्सप्रेस बेंगलुरु हावड़ा एसएफ एक्सप्रेस आदि तीनों ट्रेनों की आपस में टक्कर से 296 लोगों की दर्दनाक मृत्यु और 900 से अधिक घायल हुए थे। इस भीषण घटना के बाद से कवच की मांग ने आग पकड़ ली। कवच एक खास तरह का ऑटोमेटिक प्रोटेक्शन सिस्टम है।



लेखक : मनीष कुमार
स्वतंत्र लेखक, जयसिंहपुर

कवच अचानक ब्रेकडाउन, ध्वस्त होने का खतरा या दुर्घटनाओं आदि को पहचानता है और आपातकालीन स्थिति में ट्रेन को स्वचालित रूप से बंद करता है । इससे हादसों को कम किया जा सकता है। गौरतलब यह है कि इस तकनीक पर भारतीय रेलवे ने साल 2012 में ही काम करना शुरू कर दिया था। लेकिन इकोनामिक टाइम्स के एक सर्वे के अनुसार पूरे भारत की रेललाइन को कवच युक्त बनाने के लिए 50 वर्ष और लग सकते हैं।

केंद्र सरकार 25000 करोड़ की लागत से 508 स्टेशनों को अत्यधिक बनाने के लिए प्रयासरत होने का दावा करती है किंतु मुद्दे की बात यह है कि स्टेशन को चमकना, सुरक्षित रेल यात्रा मुहैया करवाने से अधिक आवश्यक कैसे हो सकता है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक ग्रुप सी और डी भर्ती में कुछ वर्षों से भारी कटौती की जा रही है, यह कर्मचारी रेललाइन में खामियां, सिग्नल की समस्या आदि देखा करते थे। भारत अमेरिका, चीन, रूस के बाद विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। अमेरिका चीन, रूस में पैसेंजर्स ट्रेन की औसत गति क्रमशः 80-130, 200-300,160-200 किमी प्रति घंटा है, जबकि भारत में एक्सप्रेस ट्रेनों की औसत गति 51 किलोमीटर प्रति घंटा और साधारण ट्रेनों की गति 37.7 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित है। अन्य तीन देशों में भारत की तुलना में यात्री ट्रेनों की स्पीड इतनी अधिक होने के बावजूद रेल एक्सीडेंट नाम मात्र हैं। रेल दुर्घटनाओं को मरने वालों की संख्या से नहीं आंका जाना चाहिए।

प्रतिदिन 2.5 करोड़ लोग भारतीय रेल में यात्रा करते हैं। भारतीय रेल कोरोना के बाद से पटरी पर पूरी तरह से नहीं लौट पाई है और इस तरह के हादसे करोड़ों यात्रियों का विश्वास डगमगा रहे हैं। इससे पहले की रेल का टिकट मौत का टिकट बने, विभाग व सरकार को रेल हादसे रोकने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए। आज भी कुछ ट्रेनों में पुराने जमाने के व पुरानी टेक्नोलॉजी के इंजन इस्तेमाल हो रहे हैं । 1 सीएफसी कोच फिलीपींस ने 2009 में बंद कर दिया था, लेकिन भारत में आज भी इसका इस्तेमाल होता है। रेलवे विभाग को चाहिए कि वह रेललाइनों पर निरीक्षण करें, पुराने इंजन बदले तकनीकी खराबियों को घटाने की कोशिश करें व ग्रुप सी व डी में भर्तियों की संख्या बढ़ाएं। रेलवे की प्राथमिकता यात्रियों को निडर-निर्भय यात्रा सुनिश्चित करवाना होना चाहिए न कि सिर्फ स्टेशन चमकाना क्योंकि 'जान है तो जहान है'।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# सरकार ने रद्द की ईसी की बैठक

## मंडी विश्वविद्यालय के साथ फिर सौतेला व्यवहार, एबीवीपी ने दिया धरना

**अनिल शर्मा, मंडी**

सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी को स्थापित हुए दो वर्ष से अधिक का समय हो चला है, लेकिन अभी तक विश्वविद्यालय में कार्यकारी परिषद की बैठक होना बाकी है।

बता दें कि विश्वविद्यालय में बिना कार्यकारी परिषद के किसी भी बड़े फैसले पर मोहर लगाना मुमकिन नहीं है। ऐसे में बिना कार्यकारी परिषद की मंजूरी के विश्वविद्यालय में शिक्षकों व गैर-शिक्षकों की भर्तियां नहीं की जा सकती हैं। विश्वविद्यालय में 31 जुलाई के दिन कार्यकारी परिषद का होना तय माना जा रहा था, विश्वविद्यालय में बैठक की पूरी तैयारी हो चुकी है, परंतु अंत समय में प्रदेश सरकार की ओर से बैठक को रद्द कर दिया गया। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने सुबह 10 बजे कार्यकारी परिषद के सदस्यों छात्रों की अहम मांगों को बैठक में उठाने के लिए ज्ञापन सौंपा। बैठक में कार्यकारी परिषद सदस्य के तौर पर धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर भी अपेक्षित थे, मगर उनके पहुंचने से पूर्व ही बैठक को रद्द कर दिया गया। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने बैठक रद्द करने के विरोध में प्रदेश सरकार के खिलाफ विश्वविद्यालय परिसर के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। इकाई अध्यक्ष हर्षित मिन्हास ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार ने एक बार फिर कार्यकारी परिषद की बैठक को रद्द कर मंडी विश्वविद्यालय के साथ अपने सौतेले व्यवहार का परिचय दिया है। बैठक का रद्द होना चिंता का विषय है। एबीवीपी लंबे समय से कार्यकारी परिषद बैठक की मांग कर रही थी, बिना कार्यकारी परिषद के एक बार फिर छात्रों को रिजल्ट, परीक्षा व शिक्षा संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)


ईसी की बैठक रद्द होते ही धरना-प्रदर्शन करते हुए एबीवीपी के कार्यकर्ता।

### विधायकों के लिए बनेगी गले की फांस

बता दें कि वल्लभ कॉलेज और सरदार पटेल विश्वविद्यालय के छात्रों को पर्याप्त हॉस्टल सुविधा न मिलने को लेकर कई समाजसेवी संस्थाओं ने दस विधानसभा क्षेत्रों में शिक्षा संस्थाओं का जवाब तलब करने का फैसला किया था। लोगों और संस्थाओं का कहना है कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में शिक्षण संस्थाओं को लेकर काम क्यों नहीं किया, जिस कारण छात्रों को मंडी की ओर रुख करना पड़ता है। यदि यह आंदोलन जोर पकड़ता है, तो अगले विधानसभा चुनावों में विधायकों के लिए गले की फांस बन सकता है।

### छात्रों को नहीं मिल रहे हैं रूम

विशाल ठाकुर प्रदेश सह मंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रदेश सरकार ने अपने मंडी विश्वविद्यालय के विरोधी रवैये को नहीं बदला, तो एबीवीपी उग्र आंदोलन मंडी में करेगी। विशाल ने बताया कि छात्रों को मंडी में हॉस्टल न होने की वजह से रूम ढूंढने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे में कार्यकारी परिषद से ज्ञापन के माध्यम से उम्मीद लगाई जा रही थी कि छात्रों को हॉस्टल की सुविधा जल्द मिलेगी।

# औषधीय पौधों की खेती को बढ़ाने के लिए बॉटनी विभाग मंडी ने कसी कमर

**अनंत ज्ञान, मंडी**

वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के बॉटनी विभाग की ओर से औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान का आयोजन किया गया। यह अभियान चार अगस्त तक चलेगा। डॉ. तारा सेन ने बताया कि यह अभियान 20 जुलाई से शुरू किया गया है।

इस अभियान में आयुष मंत्रालय भारत सरकार के भारतीय प्रणाली चिकित्सा अनुसंधान संस्थान(आरआआईएसएम),जो गिंद्रनगर, एनजीओ राइज-अप मंडी, महिला मंडल पाधियूं मंडी एवं एसएचजी, जय देव कमरूनाग गोहर सहयोग कर रहे हैं। अभियान के तहत छात्रों, स्वयं सहायता समूहों और महिला मंडलों के लिए जागरूकता सहित इससे आजीविका प्राप्ति के तरीके भी शामिल किए गए हैं।

इसी कार्यक्रम के तहत चार अगस्त को राइज अप मंडी व स्वयं सहायता समूह और महिला मंडल के सहयोग से इन पौधों को मंडी और गोहर ब्लॉक में लगाया जाएगा। इसी के तहत वल्लभ कॉलेज मंडी के बॉटनी विभाग में पौध वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठतम विज्ञान संकाय प्रोफेसर देविका वैद्य मुख्य अतिथि थीं। इस अवसर पर छात्रों और संकाय सदस्यों को लगभग 300 पौधे वितरित किए गए।


औषधीय पौधों की खेती के बारे में जानकारी देने के उपरांत डॉ. तारा सेन लोगों के साथ।

## न्यूज ब्रीफ

### जल रक्षकों को 5 माह से नहीं मिला वेतन : ज्वालू राम



**मंडी।** पंचायत के माध्यम से लगे जल रक्षकों को पांच महीने से वेतन नहीं मिला है। इस कारण उन्हें अपने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। प्रदेशाध्यक्ष ज्वालू राम ने कहा कि जल रक्षक आपदा के समय भी सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहते हैं, उसके बावजूद उनकी नीति बनाने की मांगें नहीं मानी जा रही हैं। जल रक्षकों ने मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित हर मंत्री को इस विषय को लेकर ज्ञापन सौंपे हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। चंबा, भरमौर, हमीरपुर, मंडी, कुल्लू, धर्मपुर, आदि जिलों के जल रक्षक वेतन को तरस रहे हैं। जल रक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष रूपलाल उर्फ ज्वालू राम ने सरकार से मांग की है कि समय रहते उनके लिए उचित पॉलिसी बनाई जाए।

### वार्ड-10 की महिलाएं सीखेंगी सॉफ्ट टॉय बनाना



**मंडी।** सुहड़ा मोहल्ला वार्ड-10 में गुरु रविदास गुरुद्वारा के परिसर में केंद्र सरकार की ओर से प्रायोजित टेक्सटाइल मिनिस्ट्री की ओर से गुरु, शिष्य हस्तशिल्प (सॉफ्ट टॉय) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महापौर विरेंद्र भट्ट शर्मा नगर निगम मंडी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। इस योजना के तहत 50 दिनों के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें लगभग 30 महिलाओं ने भाग लिया तथा उन्हें 300 रुपए प्रतिदिन प्रशिक्षण अनुदान प्रदान किया जाएगा। इस योजना के तहत महिलाएं स्वावलंबी बनेंगी व अपने सामान सॉफ्ट टॉय को बाजार में बेच सकती हैं। इस अवसर पर पार्षद नेहा कुमारी व टेक्सटाइल मिनिस्ट्री के अधिकारी व प्रशिक्षक सदस्य उपस्थित रहे।

### पूर्व पार्षद विद्या वैद्य ने बाढ़ प्रभावित सुरेंद्र को दिए 50 हजार



**मंडी।** गत वर्ष हुई भारी बारिश और बाढ़ के कारण इंदिरा आवास कॉलोनी में सुरेंद्र कुमार का मकान बह गया था, जिसके फलस्वरूप पूर्व पार्षद विद्या वैद्य व उनके पति ने 50,000 रुपए की नकद राशि मकान बनाने के लिए प्रदान की। गत वर्ष ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण वार्ड नंबर-2 इंदिरा आवास कॉलोनी पुरानी मंडी में सात मकानों को नुकसान हुआ था। सबका सामान बह गया और बचा हुआ खराब हो गया था, लेकिन सुरेंद्र का मकान सामान सहित बह गया था। पूर्व में मंडी के दानी सज्जनों व संस्थाओं की ओर से इनकी भरपूर सहायता कर सामान आदि दिया था। वहीं, महापौर विरेंद्र भट्ट शर्मा ने लोगों से सुरेंद्र कुमार की मदद करने का आग्रह किया है।

### सबको भायी नटखट भयो राम जी बाल कथा



**सुंदरनगर।** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कन्या सुंदरनगर में मुंशी प्रेम चंद जयंती का आयोजन सुकेत साहित्यिक एवं सांस्कृतिक परिषद सुंदरनगर द्वारा किया गया। मंच संचालन कृष्ण चंद ने किया। बाल साहित्यकार पवन चौहान ने बाथ चींटियों बाल कथा सुनाई। गंगा राम राजी ने नटखट भयो राम जी बाल कथा सुनाई। दोनों कथाओं पर कृष्ण महादेविया और डॉ. विजय विशाल की ओर से मनभावन समीक्षात्मक टिप्पणियां की गई। प्रिंसिपल चंपा ने सुंदर संदेश दिया, वहीं मुख्यातिथि दर्शन कालिया द्वारा बच्चों को संदेश देते हुए एनडीए में सिलेक्ट होने वाले छात्राओं को 5100 रुपए पांच छात्राओं को देने की घोषणा की। करीब एक सौ छात्राएं इस कार्यक्रम में शामिल हुईं।

### साइबर ठगों को मिले मृत्युदंड : चमन राही

**मंडी।** अखिल भारतीय दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग परिषद की महासचिव एवं राज्य प्रवक्ता चमन राही ने कहा कि साइबर ठगी के अपराधियों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए। इसमें गंभीर अपराध पर फांसी की सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए। वह मंडी में सेक्सटॉर्शन के जरिए एक युवक से 27 लाख की ठगी मामले पर बोले कि साइबर क्राइम करने वाले जिस व्यक्ति की ब्लैकमेलिंग करते हैं। उनसे पूरी उम्र भर की कमाई लूट लेते हैं। साइबर अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट की तर्ज पर जल्द निपटारे व सजा का भी प्रावधान होना चाहिए।

### टिप्पर खाई में गिरा, ड्राइवर घायल

**मंडी।** पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी सुंदरनगर के अंतर्गत अनुशी से सेगल जा रहा एक टिप्पर कैंची मोड़ के पास अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसे ही यह टिप्पर नंबर एचपी 65 - 6612 दुर्घटनाग्रस्त हुआ, तो स्थानीय लोगों ने ड्राइवर को निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज नेरचौक रेफर कर दिया गया। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची व मामले की जांच की जा रही है।

### आईटीआई प्रशिक्षुओं को दी पीलिया की जानकारी



**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में आए दिन बढ़ रहे पीलिया के मामले सामने आ रहे हैं। इसके अलावा रुद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से आईटीआई जोगिंद्रनगर के प्रशिक्षुओं को पीलिया के लक्षण और परेहज के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर आन्या लैब के अर्जुन बरवाल ने बताया कि पीलिया शुरुआती लक्षण में भूख कम लगना, उल्टी दस्त, शरीर में कमजोरी, बुखार आए तो नजदीकी अस्पताल में उपचार करवाएं और पानी को उबालकर पीएं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नवीन ने रुद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और इस प्रयास की सराहना कि। इस अवसर पर आईटीआई के समस्त अध्यापक मौजूद थे और रुद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी के उपप्रधान मातुल बहल, सचिव सुनित ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### बस स्टैंड जोगिंद्रनगर में पेयजल की गुणवत्ता को जांचा



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** पिछले लगभग दो सप्ताह से जोगिंद्रनगर व इसके आसपास के क्षेत्रों में पीलिया रोग के चलते, जल शक्ति विभाग के अधिकारी व कर्मचारी क्षेत्र के तमाम जल स्रोतों से लगातार सैंपल लेकर जल की जांच में लगे हुए हैं। लोगों के स्वास्थ्य की हिदायत के तौर पर सार्वजनिक पेयजल स्थलों को सील कर दिया हुआ है, ताकि किसी तरह की अनहोनी न हो। हालांकि बरसात के मौसम के चलते जल जनित रोगों का प्रकोप होने की संभावना रहती है उसके बावजूद भी जल शक्ति विभाग जगह-जगह पर जाकर सैंपल लेकर जांच में लगा हुआ है। जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश ठाकुर, सहायक अभियंता प्रकाश व कनिष्ठ अभियंता अपने कर्मचारियों के साथ गुमा, हराबाग, नेर घरवासडा में जाकर पेयजल की जांच की। विभाग का कहना है कि लोगों को भी थोड़े दिनों के लिए सतर्कता बरतनी चाहिए। इससे पूर्व भी शहर के तमाम पेयजल स्थान पर विभाग निरंतर निगरानी रखे हुए हैं और प्रतिदिन सैंपल लिए जा रहे हैं। विभाग का मानना है कि शहर के पेयजल स्रोतों में नियमित तौर पर पेयजल की जांच की जा रही है।

### लोगों को स्वच्छता के बारे किया जागरूक



**मंडी।** पैलेस कॉलोनी वार्ड-9 में सभा का आयोजन गणपति मंदिर के परिसर में पार्षद सुमन ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इसमें लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान आईआरडीपी व बीपीएल, प्रधानमंत्री आवास योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन आदि योजनाओं बारे सभा में आए लोगों को जागरूक किया गया। वार्ड सभा में विकास कार्यों बारे चर्चा की गई और बताया कि जल्द ही वार्ड में लाइब्रेरी की व्यवस्था की जा रही है। सभा में लोगों से उनकी समस्याओं तथा जलशक्ति विभाग, हिमाचल लोक निर्माण विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना गया। इस अवसर पर नगर निगम के कनिष्ठ अभियंता शुभम अत्री, डॉ. वसीम अख्तर, दीपक, सफाई निरीक्षक सतीश गुलेरिया आदि मौजूद रहे।

# जन कल्याणकारी योजनाओं से कोई लाभार्थी न रहे वंचित : एसडीएम गोहर


त्रैमासिक खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम गोहर।

**सुनील शर्मा, गोहर**

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत उपमंडल अधिकारी नागरिक कार्यालय गोहर में त्रैमासिक खंड स्तरीय अनुश्रवण समिति बैठक एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में संपन्न की गई। बाल विकास विभाग के अंतर्गत प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में चर्चा हुई।

महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी बीएल चौहान ने बाल विकास विभाग के द्वारा विकास खंड गोहर में चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं बेटी है अनमोल योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना, घरेलू हिंसा आदि योजनाओं के अंतर्गत गोहर ब्लॉक के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों पर व योजनाओं से लाभार्थियों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता व योजनाओं के लाभ उठाने के लिए लाभार्थियों से संबंधित चयनित मापदंडों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम गोहर के द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग को घरेलू हिंसाओं में होने वाले मामले पर जागरूक करने, मासिक धर्म जैसे विषयों से संबंधित अपने-अपने स्तर पर शिविर व अन्य माध्यमों के द्वारा जागरूक करने पर भी निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

# खतरे की जद में आए बिजली बोर्ड के तीन दफ्तर

## दो विभागों में चल रही आपसी खींचतान इस प्रोजेक्ट को दिसंबर-2024 तक पूरा होने से रोक रही

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

निर्माणाधीन अटारी-लेह वाया हमीरपुर सरकाघाट कोटली नेशनल हाईवे का कार्य किसी भी हाल में तय समय सीमा में पूरा नहीं हो पाएगा, जिससे स्थानीय जनता में रोष पनपने लगा है। दो विभागों में चल रही आपसी खींचतान इस प्रोजेक्ट को दिसंबर-2024 तक पूरा होने से रोक रही है।

बिजली और हाईवे विभाग की लड़ाई में पिछले एक साल से सरकाघाट में 100 मीटर हिस्से का काम ठप पड़ा है। पिछली बरसात में नेशनल हाईवे की कटिंग के बाद बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता के कार्यालय और रिजेंडेंस के साथ-साथ सहायक अभियंता कार्यालय खतरे की जद में आ गया था। खतरे की जद में आए इन दफ्तरों के आगे आज तक डंगों का निर्माण पूरा नहीं किया है, जिसके चलते बिजली बोर्ड ने हाईवे को शटडाउन देने की अनुमति बंद कर दी है। अनुमति न मिलने के कारण करीब एक साल से हाईवे के बीच सड़कों में खड़े हुए 40 पोल महेश शॉप पीस बने हैं। विभाग के दफ्तरों के आगे डंगे न लगाए जाने के कारण एसडीओ दफ्तर की पहाड़ियां और बरामदा ध्वस्त हो चुका है। (अनंत ज्ञान)

### जल्द होगा शुरू

नाही के सहायक अभियंता तन्मय महाजन ने कहा कि दोनों विभागों में इसे लेकर अंतिम बैठक हो चुकी है। ठेकेदार को काम शुरू करने को कह दिया है एक हफ्ते में तीनों जगह डंगे लगा दिए जाएंगे। डंगों का काम पूरा होते ही शटडाउन मिल जाएगा।



### विवाद के कारण रुक गया था काम

हाईवे के ठेकेदार ने बिजली बोर्ड एक्शन कार्यालय के नीचे डंगा लगाए जाने का काम शुरू किया था, लेकिन बोर्ड के कर्मचारियों ने निर्माण पर सवाल उठाते हुए काम बंद करवा दिया था। उसके बाद से आज तक दोनों विभागों की खींचतान के चलते काम बंद पड़ा है। बीते 1 साल से शहर भर में करीब 40 पोल बदले जाने हैं, इसके अलावा एक ट्रांसफार्मर और कंप्लेंट रूम भी है। पोल बदलने के बाद हाईवे को चौड़ा करने का काम शुरू होना था, लेकिन शटडाउन न मिलने के कारण तमाम काम बंद पड़े हैं।

### किसी भी हाल में नहीं दी जाएगी अनुमति

**सरकाघाट** बिजली बोर्ड के एक्सइएन राजकुमार गुप्ता ने कहा कि हाईवे अथॉरिटी को पिछले एक साल से डंगे लगाए जाने के लिए कहा जा रहा है दर्जनों बार पत्राचार हो चका है। कोई भी जवाब नहीं दिया जा रहा है। हमारे तीन भवन गिरने की कगार पर हैं। जिला प्रशासन से लेकर बिजली बोर्ड तक शिकायत पहुंचा दी है कि जब तक डंगे नहीं लगाए जाते, तब तक उन्हें शटडाउन देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# आज से लगेगा बाल योग शिविर

**सरकाघाट।** पतंजलि परिवार के तत्वाधान में सरकाघाट के डबरोग वार्ड नंबर-7 में सात दिवसीय शिविर एक अगस्त से सुबह छह से 7 बजे तक आरंभ किया जा रहा है। बीएसटी के जिला प्रभारी हाकम चंद पठानिया ने बताया कि डबरोग में आयोजित किए जा रहे बाल योग संस्कार शिविर दायित्व पतंजलि किसान सेवा समिति के प्रभारी एवं योग शिक्षक नेकराम शर्मा की अगुवाई में होगा। शिविर में योग सेवा, गो सेवा, वनस्पतियों का ज्ञान तथा मानव सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी मुहैया करवाई जाएगी। 4 को सरकाघाट में पतंजलि परिवार के सभी संगठनों के प्रभारियों की मौजूदगी में पौधरोपण किया जाएगा, वहीं औषधीय पौधों का वितरण भी किया जाएगा।

# कोटरोपी में सड़क पर खराब हुआ ट्रक एक घंटा बंद रही वाहनों की आवाजाही

**अनंत ज्ञान, पधर**

नेशनल हाईवे-154 मंडी-पठानकोट पर बुधवार सुबह ट्रक खराब होने से सड़क पर लंबा जाम लग गया, जिस कारण सड़क करीब एक घंटा वाहनों की आवाजाही के लिए बंद रही।

मंडी से सामान से लदा ट्रक जोगिंद्रनगर की तरफ जा रहा था, ट्रक जैसे ही कोटरोपी के पास पहुंचा, तो सड़क पर अचानक बंद हो गया, जिस कारण सड़क पर वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वहीं, घर से दफ्तरों पर निकले कर्मचारी भी दफ्तर लेट पहुंचे, जिस कारण लोगों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। बाद में ट्रैफिक पुलिस भी कोटरोपी पहुंच गई, मंडी से मैकेनिक आने के बाद ट्रक को सड़क से बाहर किया गया, जिसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो सकी। उसके बाद उरला के पास ट्रक पहुंचा, तो आगे से आ रही बेलोरो जीप ट्रक के पिछले हिस्से में जा टकराई जिस कारण वहां पर जाम की स्थिति उतपन्न हो गई।



# लोक अदालत ने निपटाए इंतकाल के 7 मामले



**सरकाघाट।** तहसीलदार सरकाघाट मुनीश कुमार ने बताया कि राजस्व विभाग द्वारा प्रदेश भर में राजस्व लोक अदालत कार्यक्रम का आयोजन करवाया जा रहा है। इसी के तहत तहसील सरकाघाट के अंतर्गत पड़ने वाले रखोह पंचायत भवन में राजस्व लोक अदालत आयोजित की गई, जिसमें कानूनगो वृत्त रखोह के अधीन पड़ने वाले पटवार खानों के लोगों के 7 इंतकाल मामलों का मौके पर निपटारा किया गया।

# राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता को विधायक ने किया सम्मानित

**कविता, पधर**



दरंग के इलाका उतरशाल की पंचायत सेगली के गांव सूरन के हरीश चंद्र ने गोवा में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र के साथ-साथ जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया है। गांव पहुंचने पर स्थानीय ग्रामीणों सहित विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने टोपी शॉल पहनाकर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर हरीश चंद्र ने उपस्थित युवाओं को किक बॉक्सिंग, कराटे आदि खेलों मे भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि खेलों से हमारा शारीरिक व मानसिक विकास तो होता है, वहीं आत्म सुरक्षा आदि गुणों पर भी लाभ मिलता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का भी आग्रह किया। उन्होंने अपनी इस जीत का श्रेय डॉ. संजय यादव महासचिव राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग संघ और हिमाचल किक बॉक्सिंग को दिया है। (अनंत ज्ञान)

# हरिद्वार से जल लेकर वापस लौटा कांवड़ियों का दल

**आदर्श, नेरचौक**

हरिद्वार हरकी पौड़ी से जल लेकर कांवड़ियों का एक दल बल्ह उपमंडल की सलवाहन पंचायत में पहुंचा, जहां स्थानीय लोगों द्वारा इनका जोरदार स्वागत किया गया।

कांवड़ियों का यह दल 16 जुलाई को हरिद्वार पहुंचा था, जहां से गंगाजल लेकर इस दल ने 17 जुलाई को प्रस्थान किया था, 15 दिन की पैदल यात्रा कर यह दल जिले में पहुंचा है। दल का नेतृत्व कर रहे कांवड़िया उत्तमचंद ने बताया कि वे इस जल को मोवीसेरी में स्थित उड़ेश्वर महादेव के मंदिर में ले जाएंगे। मंदिर में पहुंचने के उपरांत शुक्रवार को यह जल मंदिर में शिवलिंग पर चढ़ाया जाएगा। भविष्य में भी वे भोले शंकर की कृपा से इस पुण्य के कार्य के लिए हरिद्वार जल लाने हर वर्ष जाया करेंगे। (अनंत ज्ञान)



# एक अगस्त को बिजली बंद

**मंडी।** सहायक अभियंता, बिजली उपमंडल मंडी नंबर-3 ई. होशियार सिंह ने बताया कि 11 केवी द्रंग-धनोग एचटी बिजली लाइन की आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य करने के कारण एक अगस्त को सुबह दस से लेकर शाम पांच बजे तक द्रंग-धनोग 11 केवी एचटी लाईन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र बिजनी, मैगल, टांडू, मेहड़, पाखारी, नौ मील, द्रंग, मसेरन, चनलड़ी, भालाना और तांदी सहित आस-पास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

# अंतरराज्यीय बस अड्डे पर नाली की गंदगी से स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

यदि आप मंडी स्थित अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर आ रहे हो, तो आपका स्वागत नाली के गंदे पानी से होगा।

पर्यटन नगरी कुल्लू मनाली के प्रवेश द्वार मंडी स्थित अंतरराज्यीय बस अड्डे में बसों के प्रवेश द्वार पर राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 की नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर बह रहा है। यही नहीं सड़क से बस अड्डे के लिए प्रवेश करती बार इस नाली से ऐसा ऊबड़-खाबड़ ब्रेकर बन गया हुआ है कि बस के प्रवेश करते समय बस चालकों को भारी परेशानी आ रही है। मंडी का अंतरराज्यीय बस अड्डा राष्ट्रीय उच्च मार्ग 21 के बिलकुल साथ ही स्थित है, जहां से बसों के प्रवेश मार्ग पर सड़क और अड्डे के मध्य गंदे पानी की नाली को ढककर सड़क बनाई गई है क्योंकि यह नाली बहुत ही छोटे आकार की है, इसलिए यह बार-बार बंद हो जाती है और पानी रुख कर बस अड्डे की तरफ को घुस जाता है, जहां से बसों के टायरों के साथ गंदगी भीतर फैल कर बदबू फैला रही है। नाली से यहां पर एक ब्रेकर नुमा समस्या हर वक्त रहती है। इसको हल करने की भी बहुत बार कोशिश की गई, लेकिन यह कभी भी ठीक नहीं हो पाया और बसें हमेशा हिचकोले खाती हुई अंदर प्रवेश करती हैं, जो भी बस चालक यहां से प्रवेश करता है वह विभाग तथा प्रबंधन को हर रोज कोसता है। इस बारे में हिमाचल पथ परिवहन की बस अड्डा प्रभारी ने कहा कि उन्होंने यह मामला लोक निर्माण विभाग के साथ उठाया था, वहां से यह कहा गया कि यह एनएचएआई द्वारा ठीक की जाएगी, तो कभी यह कहते हैं कि इसे नगर निगम ठीक करवाएगा। वे पुनः यह मामला उच्च अधिकारियों के साथ उठाएंगे।



**यातायात** सकोड़ी पुल पर बस स्टॉपेज को बंद करने का मामला, मुसाफिरों के बजाय प्रभावशालियों को तरजीह

# पुराने बस स्टॉपेज नोटिफाई करना किसकी जिम्मेदारी?

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

शहर के बीच पीढ़ी दर पीढ़ी चले आ रहे पुरानें बस ठहरावों को अन नोटिफाइड करार देकर उन्हें बंद कर देना अपने आप में हैरानी जनक है।

मामला सुकोड़ी पुल बस स्टॉपेज का है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है, बल्कि शहर में यातायात व्यवस्था को अलग-अलग हिसाब से हांकने की कोशिशें व प्रयोग बहुत पहले से ही होते रहे हैं। इस प्रक्रिया में आम आदमियों व सवारियों की सुविधाओं का ध्यान न रखकर प्रभावशाली व्यक्तियों व दुकानदारों का ज्यादा ध्यान रखा गया है। ऐसे में सवाल उठता है कि जो पुराने समय से बस ठहराव पीढ़ी दर पीढ़ी उपयोग किए जा रहे थे, उन्हें नोटिफाई करना किसकी जिम्मेदारी थी?


सकोड़ी पुल पर बंद किए गए बस स्टॉपेज का रेन शेल्टर।

आईटीआई और महामृत्युंजय मंदिर के मध्य टू लेन पुल को एकतरफा यातायात के लिए रखा हुआ है, जबकि सवारी बसें ही दो तरफा आ-जा सकती हैं। एंबुलेंस व फायर ब्रिगेड को छोड़ दें, तो उच्च अधिकारियों व पुलिस के वाहन पता नहीं कैसे दो तरफा चलाए जा रहे हैं। पड्डल से होकर गुजरने वाले राष्ट्रीय उच्च राजमार्ग पर आईटीआई गेट से बस अड्डे तक कई प्रयोग किए जा रहे हैं। लंबे समय से आईटीआई चौक पर यातायात सुव्यवस्थित नहीं हो पाया है। एक समय था, जब चौहाटा बाजार से समखेतर की तरफ जाने वाली सड़क को भी एक तरफा कर दिया गया था। यातायात को सिनेमा चौक से उल्टी दिशा में घुमा बाया सेरी बाजार होकर भेजने के फरमान पर भी अमल हुआ था। कुछ समय के लिए सुंदरनगर की ओर से आने वाली बसों का सीधे बस स्टैंड में प्रवेश बंद कर दिया गया था। इन बसों को आधा किलोमीटर आगे भ्यूली पुल से मोड़कर प्रवेश मिलता था। इसी प्रकार सुंदरनगर की ओर से आने वाली बसों की सवारियां तो सुकेती पुल पर उतरती थीं, जिन्हें अब एक किलोमीटर पीछे ही उतार दिया जाता है। शाम को बाजार से सामान के साथ गांवों को जाने वाली सवारियां स्कूल बाजार से भी बसें लेती थीं, वह स्टॉपेज खत्म कर दिया गया, ऐसे में अगर निष्पक्षता से देखा जाए, तो शहर के बीचों बीच से निकलने वाली बसों के लिए महामृत्युंजय चौक, स्कूल बाजार, सुकोड़ी पुल, जेल रोड व क्षेत्रीय अस्पताल के पास बस स्टॉपेज होना जरूरी है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने कहा कि हाल ही में शहर में सुव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के संबंध में एक बैठक की गई है। इसमें सभी पक्षों के सुझाव लिए गए हैं। शीघ्र ही उन सुझावों के आधार पर यातायात व्यवस्था व बस स्टॉपेज पर बड़े निर्णय लिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# प्राकृतिक पेयजल स्रोतों की सफाई की जा रही : एसडीएम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल में जल जनित रोगों से बचाव एवं जागरूकता को लेकर ग्रामीण स्तर पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जहां प्राकृतिक पेयजल स्रोतों की साफ-सफाई सुनिश्चित बनाई जा रही है, तो वहीं जल जनित रोगों बारे लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि जोगिंद्रनगर उपमंडल में बीडीओ चौंतड़ा व द्रंग के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जहां पंचायत व ग्रामीण स्तर पर मौजूद प्राकृतिक पेयजल स्रोतों को साफ-सुथरा बनाया जा रहा है। वहीं, ग्रामीणों को जल जनित रोगों से बचाव बारे भी जागरूक किया जा रहा है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों, महिला एवं युवक मंडलों के सहयोग से ग्रामीण स्तर पर मौजूद सभी प्राकृतिक पेयजल स्रोतों की सफाई सुनिश्चित बनाई जा रही है, तो वहीं घर में मौजूद पानी की टंकियों, बर्तन आदि को भी साफ सुथरा रखने की हिदायत दी जा रही है। उपमंडल जोगिंद्रनगर में सामने आए जल जनित रोगों के मामलों के बाद सभी पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों को ग्रामीण स्तर पर सभी पेयजल स्रोतों की गुणवत्ता जांचने को कहा गया है। बरसाती पानी को लंबे समय तक किसी खुले बर्तन, खड्डे आदि में एकत्रित न होने दें।





# तीसरी सांस्कृतिक संध्या में गायक शिवजोत ने लगाया पंजाबी तड़का



**अनंत ज्ञान, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की तीसरी संध्या में सदर विधायक नीरज नैयर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जहां मिंजर मेला प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने मुख्यातिथि को चंबा थाल भेंट करके सम्मानित किया। इस आयोजन की सांस्कृतिक संध्या में कई लोक कलाकारों ने अपना रंग जमाया, जिनमें लोक कलाकार सुभाष प्रिंस, प्रदीप दिप्पी, अजीत भट्ट एंड पार्टी, अपूर्व पांडे लकी ठाकुर राखी गौतम रोशनी शर्मा तन्मय चतुर्वेदी जितेंद्र पंकज शर्मा की एस प्रेमी ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया, तो वहीं पंजाबी स्टार कलाकार शिवजोत ने भी पंजाबी गानों से आए हुए लोगों का खूब मन मोहा।



तीसरी संध्या के पंजाबी स्टार गायक शिवजोत।





मिंजर मेले की तीसरी सांस्कृति संध्या पर प्रस्तुति देता कलाकार।









## मिंजर मेले में लोग कर रहे जमकर खरीददारी









**ओपी शर्मा, चंबा**

मिंजर मेले का अपना ही इतिहास है व्यापारिक दृष्टि से पुराने समय से ही इसका विशेष महत्व रहा है। इतिहास के पन्नों पर नजर डालें तो पता चलता है कि कैसे जिला के दुर्गम क्षेत्र एवं जनजातीय क्षेत्र से लोग इस आयोजन में कई दिनों का पैदल सफर कर चंबा चौगान पहुंच कर जमकर सामान खरीदते व बेचते थे।

उस समय ज्यादातर लोग पैदल घोड़े खच्चरों पर सामान लादकर सफर किया करते थे । इस महीने का महत्व उस समय भी उतना ही था, जितना महत्व आज है बेशक समीकरण बदल हो गए हैं। जिला के हर क्षेत्र में सड़क सुविधा उपलब्ध है लोग ऑनलाइन खरीदारी करने लग गए हैं, लेकिन इसके बावजूद भी मिंजर मेले का महत्व आज भी बरकरार है। मेले में जहां लोग तरह-तरह के पकवानों का लुत्फ उठा रहे हैं, तो वहीं मेले में लगे झूलों पर भी खूब मस्ती करते दिख रहे हैं। एक तरफ जहां कपड़े की दुकानें सजी हैं तो दूसरी तरफ मनियारी की भी खूब खरीदारी कर रहे हैं। जिससे दुकानदारों के भी चेहरों पर रौनक है। बता दें मेले में एक और प्रदर्शनियां भी लगी हैं। एनएचपीसी द्वारा भी प्रदर्शनी लगाई गई है तो वहीं सरकार ने अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं को को आम जन तक पहुंचाने हेतु प्रदर्शनी लगाई हैं, जहां लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारियां दी जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, जल शक्ति विभाग के अलावा अन्य प्रदर्शनियां लगी हैं जिनका लोग सीधा लाभ उठा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## परफॉर्म करने के लिए समय दिया 20 मिनट और 12 मिनट में म्यूजिक बंद : पूनम भारद्वाज

- प्रसिद्ध लोकगायिका अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले में अव्यवस्था से खिन्न
- सोशल मीडिया के जरिए मेला प्रबंधन पर साधा निशाना, लगाए आरोप






**अनंत ज्ञान, चंबा**

अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देने के लिए बुलाई गई हिमाचल की प्रसिद्ध लोकगायिका पूनम भारद्वाज ने मेला प्रबंधन कमेटी को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर मेला प्रबंधन कमेटी पर निशाना साधते हुए कहा कि इस मेले में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि उन्हें परफॉर्म करने के लिए मेला कमेटी ने बहुत कम समय दिया। उन्होंने मेला प्रबंधन पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें परफॉर्म करने के लिए 20 मिनट का समय दिया गया था, लेकिन सिर्फ 12 मिनट में ही उन्हें चलता कर दिया गया। उनके हिस्से के आठ मिनट दूसरे कलाकार को दे दिए गए। वह इस अव्यवस्था से काफी खिन्न हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि इस बार का मिंजर मेला चाटुकारिता की भेंट चढ़ रहा है।

उनकी ओर से सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट में कहा गया, 'तलवे ही चाटने होते तो आज के प्राइम टाइम में मेरी स्टार नाइट होती, चापलूसी नहीं की है तो 20 मिनट की जगह 12 मिनट में बिना बोले म्यूजिक बंद करवा दिया यह कहां तक सही है।' पोस्ट डालने के बाद काफी लोगों ने कलाकार के पक्ष में जवाब भी दिए। पूनम भारद्वारज की यह पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

उन्होंने कहा कि इससे अच्छा होता कि मुझे इस कार्यक्रम में बुलाते ही नहीं। यह भेदभाव वाली नीति मुझे कतई अच्छी नहीं लगी। कलाकारों के साथ ऐसा बर्ताव हरगिज नहीं करना चाहिए। एक कलाकार इतने बड़े फेस्टिवल में अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देने के लिए जी जान से मेहनत करता है, लेकिन दुख इस बात का है कि मेला कमेटी ने मेरी मेहनत को दरकिनार कर दिया। अपनों को आगे किया जा रहा है, जोकि बिलकुल गलत है। उन्होंने कहा कि वह पूरे प्रदेश के अपनी प्रस्तुति देती हैं और उन्हें हर जगह काफी प्यार व सम्मान मिलता है, लेकिन अपने ही चंबा जिले में उन्हें अपमानित किया गया। यह सब सोची समझी रणनीति के तहत हुआ है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि वह मेले से पूर्व एक अधिकारी की शादी में मुफ्त में कार्यक्रम करने के लिए नहीं पहुंच पाई थी, लगता है मुझसे उसी का बदला लिया गया है। जो कलाकार मुफ्त में कार्यक्रम के लिए गए थे उन्हें तवज्जो दी जा रही है। अगर ऐसा ही चलता रहा तो मिंजर जैसे बड़े मंच पर कलाकारों का विश्वास उठ जाएगा। मिंजर मेला कमेटी को समय रहते ऐसे अधिकारियों पर कार्रवाई करनी होगी।



मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया को भलेई माता मंदिर में सम्मानित करते मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारी।

## हिम केयर योजना को बंद करना दुर्भाग्यपूर्ण : डीएस ठाकुर



**मुकेश कुमार, डलहौजी।** पूर्व की जयराम ठाकुर सरकार द्वारा जनहित में चलाई गई जनकल्याणकारी हिमकेयर योजना को प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा बंद करके गरीब जनता के हितों के साथ खिलवाड़ कर,जनता को योजनाओं से दूर किया जा रहा है। यह बात डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि हिमकेयर योजना का प्रदेश की जनता को बहुत लाभ मिल रहा था, जिसके तहत स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित प्रदेश की गरीब जनता को वर्षभर में 5 लाख का स्वास्थ्य लाभ दिया जाता था और प्रदेश की गरीब जनता निजी अस्पतालों में इसका पूर्ण लाभ ले रही थी, लेकिन अब प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा सभी निजी अस्पतालों को इस योजना से बाहर कर दिया है। प्रदेश सरकार गरीब जनता को सहारा देने की बजाय जनता से उसका सहारा छीन रही है। (अनंत ज्ञान)

**बदहाली** तीसा में लोगों ने की शवगृह का निर्माण करवाने की मांग

## तीसा अस्पताल के प्रतिक्षा कक्ष में हो रहे पोस्टमार्टम

**आजम डार, तीसा**




उपमंडल चुराह के सिविल अस्पताल तीसा का शवगृह क्षतिग्रस्त हो चुका है। वर्तमान में अस्पताल से महज 500 मीटर की दूर शवगृह हैं। क्षेत्र के प्रबुद्धजनों ने जिला, चुराह प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से तीसा में शवगृह का निर्माण करवाने की मांग की है। वर्तमान में मृतक के परिजनों के लिए बनाए गए प्रतीक्षा कक्ष या फिर दुर्घटनास्थल पर ही पोस्टमार्टम किए जा रहे हैं।

चुराह विधानसभा क्षेत्र की 55 पंचायतों के सिविल अस्पताल का एकमात्र शवगृह यही है। किसी प्रकार की कोई दुर्घटना या अन्य हादसे में किसी की जान चली जाती है तो पोस्टमार्टम के लिए शव को तीसा अस्पताल भेजा जाता है। यहां शवगृह क्षतिग्रस्त होने की सूरत में चिकित्सीय स्टाफ को न चाहते भी परिजनों के लिए बनाए गए प्रतीक्षा कक्ष या दुर्घटनास्थल पर ही पोस्टमार्टम करना पड़ता है। राजीव कुमार, नरेश कुमार, हाकम चंद और प्रमोद कुमार ने बताया कि चंबा-तीसा मुख्य सड़क की कटाई के चलते होने वाले भूस्खलन की जद में आने से शवगृह क्षतिग्रस्त हो चुका है।

सिविल अस्पताल तीसा के बीएमओ डॉ. ऋषि पुरी ने बताया कि शवगृह क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस बारे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है। वर्तमान में मृतक के परिजनों के लिए बनाए गए प्रतीक्षा कक्ष या फिर दुर्घटनास्थल पर ही पोस्टमार्टम किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## तीन पंचायतों के लोग आज भी स्वास्थ्य सुविधा से कोसों दूर

**अनंत ज्ञान, तीसा।** चुराह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली तीन पंचायतों के लोग आज भी स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हैं। जिस कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सुविधा के लिए लोगों को दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही हैं। चंबा की तहत आने वाली ग्राम पंचायत कोहाल, चोली और सपरोठ की हजारों की आबादी है। यहां के लोगों को आज भी स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। हालांकि, लोग कई दफा मंत्रियों और सरकार के दरवाजे खटखटा चुके हैं, परंतु अभी तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं लेने के लिए 50 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय चंबा का रुख करना पड़ता है। स्थानीय जनता ने हिमाचल सरकार से बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने की मांग कर रही है।

चुराह कांग्रेस प्रत्याशी यशवंत खन्ना का कहना है कि मामला इनके ध्यान में आया है, जल्द ही इन तीनों पंचायतों के लोगों की समस्या का समाधान किया जाएगा।

## एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति के लिए रूट चार्ट अधिसूचित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



जिला दंडाधिकारी मुकेश रेपसवाल ने चंबा जिले में विभिन्न गैस एजेंसियों तथा ग्रामीण वितरकों द्वारा उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति के लिए रूट चार्ट को अधिसूचित किया है।

जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी अधिसूचना में सभी एलपीजी वितरकों को निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार सिलेंडर का वितरण सुनिश्चित बनाने को निर्देशित किया गया है। जारी अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक गैस वितरक को अपने क्षेत्र में रूट चार्ट का प्रकाशन तथा प्रसारण करना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि व समय पर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति नहीं होने की अवस्था में उपभोक्ताओं को अग्रिम रूप से सूचित करना अनिवार्य रहेगा तथा छूटे हुए क्षेत्र में अगले दिन प्राथमिकता के आधार पर गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सुनिश्चित बनानी होगी।

शहरी क्षेत्रों में बुकिंग के आधार पर उसी दिन एलपीजी गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी भी सुनिश्चित बनानी होगी। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि रूट चार्ट के उल्लंघन करने की अवस्था में वितरक के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आपूर्ति और वितरण विनियमन आदेश के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### चार को बिजली महादेव परिसर में खीर भंडारा

**कुल्लू।** सावन के पवित्र महीने में कुल्लू जिला में स्थित हर देवालयों में भगवान शिव की पूजा अर्चना की जा रही है। भगवान शिव को समर्पित सावन महीने में भगवान शिव की आराधना का अपना विशेष महत्व है। खराहल वैली की चोटी पर स्थित महादेव के मंदिर परिसर में भी सावन महीने के अवसर पर भक्तों के द्वारा खीर भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आखड़ा युवक मंडल कुल्लू के द्वारा बिजली महादेव मंदिर परिसर में आगामी 4 अगस्त को खीर भंडारे का आयोजन होने जा रहा है। आखड़ा युवक मंडल ने सभी शिव भक्तों से खीर भंडारे में उपस्थित होने की अपील की है।

### बाढ़ प्रभावित परिवारों को मदद की दरकार

**मनाली।** पलचान के बाढ़ प्रभावित परिवारों को मदद की दरकार है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी इन परिवारों को कोई राहत नहीं मिल पाई है। पलचान के चार परिवार बाढ़ में अपना सब कुद खो चुके हैं। प्रभावित महिला खिमी देवी का कहना है कि उन्होंने जिदंगी की सारी कमाई लगाकर घर बनाया था, लेकिन गत बुधवार रात को अचानक आई बाढ़ ने उनपर ऐसा कहर ढाया कि घर से एक भी सामान निकलना नहीं मिला। ग्रामीण धनी राम, जगदीश व प्रेम चंद ने बताया कि सरकार की ओर से नाममात्र मदद मिली है। इन सभी प्रभावित परिवारों ने बताया कि उनके पास घर बनाने के लिए जमीन नहीं है। घर न होने के कारण सभी सड़क पर आ गए हैं। बाढ़ में सब कुछ खो चुके परिवारों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। ग्राम पंचायत प्रधान कौशल्या देवी, बीडीसी रेशमा देवी व उपप्रधान कीर्ति कृष्ण ने बताया कि गत बुधवार रात को ब्यास नदी में आई बाढ़ से गांव के चार परिवार प्रभावित हुए थे। इन परिवारों का घर के साथ सारा सामान बाढ़ में बह गया है। वीरवार को प्रभावित परिवारों की मदद को लेकर पंचायत प्रतिनिधि डीसी कुल्लू से मिलेंगे।

### आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को वाहन किया भेंट



**कुल्लू।** आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू को स्कॉर्पियो वाहन भेंट किया। फाउंडेशन की ओर से डीसी कुल्लू तोरूल एस रवीश को गाड़ी की चाबियां सुपुर्द की गईं। डीसी ने बताया कि इससे कुल्लू के लोगों को आपदा के समय अधिक सुरक्षा और सहायता मिलेगी और स्थानीय स्तर पर आपदा से निपटने, प्रतिबंधित करने और संभालने की क्षमता बढ़ेगी। आईसीआईसीआई फाउंडेशन की यह पहल सामाजिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने में अहम कड़ी साबित होगी। इस अवसर पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण चेयरमैन एवं डीसी को आईसीआईसीआई बैंक शाखा कुल्लू के रिलेशनशिप प्रबंधक पीयूष ने वाहन की चाबियां व कागजात भेंट किए। डीसी ने आईसीआईसीआई प्रबंधन का जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को वाहन उपलब्ध करवाने के लिए आभार व्यक्त किया।

### मनाली-काजा मार्ग पर बढ़ा जोखिम

**केलांग।** मनाली-काजा मार्ग पर जोखिम बढ़ गया है। इस मार्ग पर छोटा दड़ा से लेकर बातल तक सड़क की हालत खस्ता हो गई है। नालों में छोटे वाहन फंस रहे हैं। नाला आर-पार करते हुए वाहनों को नुकसान भी हो रहा है। इस कारण पर्यटकों सहित राहगीरों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने इस मार्ग पर संभलकर सफर करने की सलाह दी है। वाहन चालक नरेंद्र, सुरेश व टशी ने बताया कि दो जगह सड़क की हालत खस्ता हो गई है। इस कारण वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। उन्होंने बीआरओ से आग्रह किया कि सड़क की जल्द हालत सुधारी जाए, ताकि आने-जाने में दिक्कत न हो। दूसरी ओर बारालाचा, शिंकुला सहित कुंजम व रोहतांग दर्रे में आवाजाही सामान्य है। रोहतांग दर्रे में पर्यटक वाहनों की आवाजाही सुचारु है। ब्यास नदी में आई बाढ़ से हुए भूमि कटाव के कारण पलचान के ग्रामीणों की दिक्कत बढ़ गई है। नदी घर के करीब पहुंच गई है, जिस कारण लोगों ने घर खाली कर दिए हैं। ढाले राम, संतोष, दुले राम, हुक्म राम, दौलत आदि ने बताया कि बाढ़ के कारण हुए भूस्खलन से उनके घर खतरे में पड़ गए हैं। कुछ घरों में दरारें आ गई हैं। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जल्द ही उनकी समस्या का समाधान किया जाए।

### भूख हड़ताल पर बैठे एबीवीपी के कार्यकर्ता



कुल्लू कॉलेज में एडमिशन गड़बड़ी व कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे एबीवीपी के कार्यकर्ता।

# ...यहां देव आदेश पर ग्रामीणों ने सैकड़ों बीघा से उखाड़े भांग के पौधे

## जंगलों से 25 गांवों के दो हजार से अधिक लोगों ने नशा मुक्त समाज का दिया संदेश

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू के भेखली कोठी सारी के जंगलों में हजारों लोगों ने देव आदेशानुसार कई बीघा भूमि से भांग उखाड़ी है। देवभूमि हिमाचल सहित कुल्लू जिले के लोगों का देवी-देवताओं में पूर्ण विश्वास है और यहां के लोगों के लिए देव आदेश ही सर्वोपरि हैं।

इसी का ताजा उदाहरण कुल्लू के भेखली कोठी सारी में सामने आया है, जहां पर देव आदेश पर करीब 25 गांवों के 2000 से अधिक लोगों ने माता भेखली के अधीन आने वाले क्षेत्र (जंगल) में उगी भांग की पौध को उखाड़ा है। जी हां, भेखली कोठी सारी के जंगलों से कोठी के 25 गांवों की स्थानीय जनता ने भांग उखाड़कर नशामुक्त समाज का संदेश दिया है



भेखली कोठी सारी के लोग जंगल में भांग के पौधे को काटते हुए।

और यह कार्य भगवती माता भेखली के आदेश से हुआ। कुछ दिन पहले अधिष्ठात्री माता भेखली के मंदिर में बारिश के लिए कोठी हारका (देव कारज) किया गया था, जिसमें देवी ने पुजारी के माध्यम से भविष्यवाणी में कहा कि आज के समय में इंसान अपनी हदें भूलता जा रहा है। देवी-देवताओं के पवित्र स्थलों पर भी खुदाई करने लग पड़ा है और इन स्थलों में अनावश्यक चीजें उगा रहा है। माता भेखली के अधीन जो क्षेत्र हैं, उसमें खुदाई करने पर पाबंदी है, लेकिन उसके बावजूद भी यहां पर कुछ लोगों द्वारा भांग सहित अन्य चीजें उगाकर उनका व्यापार किया जा रहा है, जो कि सही नहीं है। माता ने इस बात पर लोगों को आगाह करते हुए कहा कि अपनी हद न भूलें और उनके क्षेत्र में उगाई भांग व अन्य चीजों को उखाड़ने के आदेश दिए। माता भुवनेश्वरी (भेखली) के अलावा कोठी के अन्य देवता सारी नारायण, कश्यप नारायण बनोगी, गढ़पति नारायण नल्लाच, जीवनरायण नथान, बाबा बीर नाथ शिकारीधार, बाबा वीर नाथ बलहोनी सभी ने जंगलों में की जा रही खुदाई पर नाराजगी जताई और जंगलों में खुदाई पर प्रतिबंध के आदेश दिए। साथ ही नसीहत दी कि पशुओं को बेसहारा न छोड़ने के आदेश दिया। देवी-देवताओं ने कहा कि पशुओं को अपने परिवार का हिस्सा समझें और अपनी जिम्मेवारी को समझकर उसे बखूबी निभाएं। लिहाजा, कुल्लू में देव आदेशानुसार हजारों लोगों ने जहां करीब तीन किलोमीटर पैदल सफर कर जंगल में पहुंचे। वहीं, वहां पर उगाई गई भांग व अन्य चीजों को उखाड़ फेंका।

# पूर्व सरकार की योजनाओं को बंद कर रही कांग्रेस : शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

प्रदेश के निजी अस्पतालों में हिमकेयर सुविधा बंद करने को लेकर गत वर्ष से ही असमंजस की स्थिति बनी रही है।



हिमकेयर की बकाया राशि न मिलने के कारण प्रदेश भर के निजी अस्पतालों ने पहले भी इस सुविधा को बंद करने का फैसला किया था। अब अंततः सरकार की ओर से निजी अस्पतालों में हिमकेयर कार्ड की सुविधा को अंततः बंद कर दिया गया है। इस मामले पर विभिन्न जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की ओर से प्रतिक्रिया आनी भी शुरू हो गई है। बंजार से विधायक सुरेंद्र शौरी ने सरकार के इस कदम को सोचे समझे तरीके से जयराम सरकार की शुरू की गई योजनाओं का गला घोंटने का प्रयास बताया है। आयुष्मान भारत योजना से छूट गए हिमाचली लोगों के लिए प्रदेश की पूर्व सरकार की ओर से हिमकेयर योजना शुरू की गई थी। लाखों लोग इस योजना के माध्यम से लाभान्वित हुए हैं व इस पर इलाज के लिए निर्भर हैं। आज प्रदेश सरकार बकाया देय राशि का बहाना बनाकर इस जानकल्याणकारी योजना को बंद करने पर तुली हुई है। 2019 से दुरुस्त चलाई आ रही इस योजना को कांग्रेस सरकार के मंत्री बिना बजट की शुरू की गई योजना बता के अपनी नाकामी छुपाने में लगे हैं। निजी अस्पतालों द्वारा सरकार से बकाया राशि को जारी करने के लिए गत वर्ष भी अनुरोध किया था। योजना को जनहित में चलाए रखने के बजाए कांग्रेस सरकार ने इस योजना को बंद करना बेहतर समझा है। प्रदेश की सुक्खू सरकार के पास अपने चहेतों को लाभ के पद देने और सुख सुविधा देने के लिए बजट का प्रावधान तो है, लेकिन जनहित की योजना को जारी रखने के लिए बजट नहीं है। कांग्रेस सरकार की निजी स्वार्थ की राजनीति प्रदेश की जनता के सामने है।

## बादल फटने से आई बाढ़ से ब्रह्मगंगा प्रोजेक्ट की वायर साइट को भारी नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के ब्रह्मगंगा नाले में सोमवार सुबह 1:55 पर बादल फटने के कारण आई बाढ़ से ब्रह्मगंगा जल विद्युत परियोजना की वायर साइट में काफी नुकसान हुआ है, जिसका आकलन किया जा रहा है। नाले में आई बाढ़ से किसी तरह का कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन ब्रह्मगंगा जलविद्युत परियोजना को भारी नुकसान पहुंचा है, जिस कारण परियोजना में बिजली उत्पादन बंद हो गया है। परियोजना के मैनेजर सुरेश ने बताया कि सोमवार की रात की परियोजना की वायर साइट में बाढ़ के कारण आए मलबे व पत्थरों के चलते परियोजना को काफी नुकसान हुआ है। इस बार हालांकि कुल्लू में बारिश नहीं हो रही है, लेकिन जगह-जगह बादल फटने की घटनाएं सामने आ रही हैं। अभी



कुद दिन पहले जहां मनाली के पलचान में बादल फटने की घटना घटी थी। वहीं, गत दिनों मणिकर्ण घाटी के तोष में भी बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है। साथ ही सोमवार रात को भी मणिकर्ण घाटी के ब्रह्मगंगा नाले में बादल फटने से आई बाढ़ के कारण ब्रह्मगंगा जलविद्युत प्रोजेक्ट की वायर साइट को नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही परियोजना स्थल के लिए परियोजना प्रबंधन की टीम रवाना हुई थी, लेकिन रास्ता बंद होने के कारण बुधवार को टीम वहां पहुंच सकी है।

## बंजार कॉलेज में इंडक्शन मीटिंग का आयोजन

**बंजार।** राजकीय महाविद्यालय बंजार में सत्र जनवरी-2024 के लिए इंडक्शन मीटिंग के आयोजन प्रोग्राम की अध्यक्षता केंद्र की समन्वयक डॉ. रेणुका थपलियाल ने की। इस अवसर पर उन्होंने इग्नू प्रोग्राम में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों का स्वागत किया तथा उन्हें इग्नू प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी दी और इस दौरान उन्हें इग्नू वेबसाइट के बारे में जागरूक किया। छात्रों को असाइनमेंट किस तरह तैयार किए जाएं व परीक्षा पोर्टल संबधी तमाम जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान छात्रों को आ रही समस्याओं को भी दूर किया गया। इसके साथ ही इग्नू प्रोग्राम में अधिक से अधिक प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर केंद्र की समन्वयक के साथ-साथ प्रवेश लेने वाले छात्र व केंद्र का स्टॉफ उपस्थित रहा।

## सिस्सू में सात करोड़ 80 लाख से वन विभाग के विवेचना केंद्र भवन का होगा निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत लाहौल के सिस्सू में वन विभाग के विवेचना केंद्र भवन का निर्माण करवाया जाएगा। इसके लिए 7 करोड़ 80 लाख के करीब धनराशि स्वीकृत हो चुकी है।

यह जानकारी विधायक अनुराधा राणा ने सिस्सू विश्राम गृह में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए दी उन्होंने बताया कि इस विवेचना केंद्र के निर्माण से जहां एक लाहौल-स्पीति के पारिस्थितिकी तंत्र व वानिकी प्रबंधन को लेकर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करवाई जाएंगी। वहीं, दूसरी ओर ईको टूरिज्म की दिशा में भी बल मिलेगा। इस दौरान उन्होंने बताया कि विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण साड़ा के तहत जल्द सिस्सू व बिलिंग में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट को कार्यशील किया जा रहा है, जिसके लिए विद्युत



विधायक अनुराधा राणा अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए।

जनरेटर सैट खरीदने की प्रक्रिया की आरंभ कर दी गई है। इस दौरान उन्होंने एसडीएम केलांग को निर्देश देते हुए कहा ठोस, तरल व प्लास्टिक कचरा पृथक्करण को लेकर डोर-टू-डोर कलेक्शन सेंटर्स की सुचारु व्यवस्था करें। जल्द ही विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण समिति की नोटिफिकेशन जारी की जाएगी। वन अधिकार अधिनियम एफआरए के तहत लंबित मामलों की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर जल्द निपटाएं। विधायक ने कही कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से जल शक्ति विभाग के शाशिन नाला, पागल नाला व सिस्सू में बाढ़ नियंत्रण कार्य के लिए प्रदेश सरकार को भेजी। प्रपोजल को पुनः पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा। कार्ययोजना के लिए समुचित धनराशि का प्रावधान करवाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने ने तोचे गांव में पांच सोलर स्ट्रीट लाइट्स लगवाने के भी परियोजना अधिकारी हिमऊर्जा को निर्देश दिए और कहा कि लॉलिंग गांव में सामुदायिक भवन को मड़हाउस तर्ज से निर्मित करवाया जाएगा तथा तेलिंग गांव में पशु औषधालय भवन के लिए जमीन तलाशने की बात भी कही।

## गो हत्या में दोषी पाए जाने वाले सभी आरोपियों को मिले कड़ी सजा :गोविंद

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

पूर्व कैबिनेट मंत्री व प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि कुल्लू की गड़सा घाटी के माहून गांव में कश्मीर के मजदूरों के द्वारा जिस तरह से एक बछड़े की गो हत्या की गई। वह पूरी तरह से निंदनीय है।

ऐसे में कुल्लू पुलिस को चाहिए कि वह जल्द सभी आरोपियों पर कार्रवाई करें और गो हत्या में दोषी पाए जाने वाले सभी आरोपियों को कड़ी सजा दी जानी चाहिए। इससे



पहले भी हिमाचल में गो तस्करी के मामले सामने आए और उन्होंने इस मुद्दे को सरकार व प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा था, लेकिन जिस तरह से गड़सा घाटी के माहून गांव में यह मामला सामने आया है। उससे अब क्षेत्र के लोगों में विशेष समुदाय के प्रति रोष भी पनप रहा है। ऐसे में सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द को बनाए रखें। पूर्व मंत्री गोविंद ने कहा कि इससे पहले नाहन में भी कारोबार करने वाले बाहरी राज्य के एक व्यक्ति के द्वारा गो हत्या करने का मामला सामने आया था और उस दौरान भी आम जनता का गुस्सा सरकार व प्रशासन पर फूटा था, अब प्रदेश सरकार व कुल्लू पुलिस को चाहिए कि इस घटना में दोषी पाए जाने वाले सभी मजदूरों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

## तीन को होगा दिव्यांगता शिविर

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय में स्थित क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में तीन अगस्त, 2024 को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दिव्यांगता शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारी अपनी सेवाएं देंगे। दिव्यांगता शिविर में एमडी मेडिसिन डॉ. कल्याण, डॉ. नेहा वर्मा व डॉ. नीतीश कुमार, एमएस हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतुष्ट, एमएस आंख, नाक, गला विशेषज्ञ डॉ. दीपशिखा आदि अपनी सेवाएं देंगे।

## पांच अगस्त से शुरू होगा काजा में स्पीति का सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट

## प्रतियोगिता में 32 से ज्यादा टीमें लेंगी हिस्सा

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला लाहौल-स्पीति के काजा में लादरचा मेले के अवसर पर अब तक के सबसे बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है।

यह क्रिकेट प्रतियोगिता स्पीति प्रशासन और एसएससीसी काजा यानी शाक्या स्पोर्ट्स एंड कल्चरल क्लब काजा के द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जा रहा है। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी देते हुए शाक्या स्पोर्ट्स एंड कल्चरल क्लब काजा के अध्यक्ष नवांग टशी



काजा के इस खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा सबसे बड़ा क्रिकेट टूर्नामेंट।

ओर स्पोर्ट्स सेक्रेटरी रिगजिन ने बताया कि ये प्रतियोगिता आगामी 5 अगस्त से शुरू होने जा रही है ओर 15 अगस्त तक होगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तारीख 4 अगस्त निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के विजेता टीम को ईनाम के तौर पर 1 लाख 31 हजार की नकद धनराशि के साथ-साथ चमचमाती ट्रॉफी मुख्यातिथि के द्वारा भेंट की जाएगी। इसके साथ ही प्रतियोगिता के उपविजेता टीम को 51000 की नकद धनराशि और शानदार ट्रॉफी भेंट की जाएगी। यह क्रिकेट प्रतियोगिता स्पीति घाटी की अब तक कि सबसे बड़ी प्रतियोगिता होगी। ये प्रतियोगिता काजा के मेला ग्राउंड में आयोजित की जाएगी और इस प्रतियोगिता में सभी टीमें 12-12 ओवर के मैच खेलेंगी। रिगजिन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में करीब 32 से ज्यादा टीमों के भाग लेने का अनुमान है। (अनंत ज्ञान)

## मनाली में 5 व 29 अगस्त को होगी वाहनों की पासिंग

**अनंत ज्ञान कुल्लू**

जिला मुख्यालय के समीप सरवरी बस अड्डे के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राजेश भंडारी ने कहा कि परिवहन विभाग ने कुल्लू में विभिन्न स्थानों पर वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए तिथियां जारी की हैं।

इसके अनुसार कुल्लू के मनाली में 5 व 29 अगस्त को वाहनों की पासिंग तथा 6 अगस्त को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। कुल्लू आरटीओ में 3, 12, 27 व 31 अगस्त को वाहनों की पासिंग होगी, जबकि 13 अगस्त को ड्राइविंग टेस्ट होंगे, जबकि कुल्लू आरएलए में सात व 30 अगस्त को ड्राइविंग टेस्ट होंगे। वहीं, बंजार में आठ अगस्त को वाहनों की पासिंग एवं ड्राइविंग टेस्ट होगा।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं, आयुष** पुत्र अनिल कुमार निवासी सरवरी, डाकघर ढालपुर, तहसील एवं जिला कुल्लू। अपनी दादी जी के मृत्यु प्रमाण पत्र में नयना देवी नाम जोकी राजस्व रिकार्ड के मुताबिक नाम नैणा दासी के हिसाब से गलत है। जोकि मैं ठीक कराने जा रहा हूं। अतः जन साधारण को किसी को भी कोई आपत्ति है तो वह एक महीने के अंदर लिखित तौर पर कार्यस्थल में प्रस्तुत करें। अन्यथा कार्यस्थल दादी जी का नाम में सुधार के आदेश दें। गलत नाम नयना देवी सही नाम नैणा दासी।




**आयोजन** तीर्थन घाटी में साझी विरासत विषय पर कार्यशाला, 30 प्रतिभागियों ने लिया भाग

## सामाजिक लोकतंत्र के लिए लोगों को किया जागरूक

**शीला कौल, बंजार**

इंस्टीट्यूट फॉर सोशल डेमोक्रेसी संस्थान दिल्ली की ओर से कुल्लू की तीर्थन घाटी के बठाहड़ में स्थानीय लोगों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया।

तीन दिवसीय इस आवासीय कार्यशाला में यहां के करीब 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अधिकतर स्कूली स्टूडेंट्स शामिल रहे। कार्यशला में आईएसडी संगठन दिल्ली की ओर से हिमाचल के फील्ड को-ऑर्डिनेटर तेज सिंह ठाकुर, पूर्ण चंद, मोहर सिंह और सुरिता ठाकुर आदि विशेष रूप से मौजूद रहे, जिन्होंने बखूबी तौर से इस आवासीय शिविर का संचालन कर प्रतिभागियों का ज्ञान वर्धन



सांझी विरासत विषय पर आयोजित कार्यशाला के समापन पर प्रतिभागियों के साथ अन्य।

किया। कार्यशाला में विभिन्न सत्रों के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी स्थानीय साझी विरासत को चिन्हित किया और उनके बनने की प्रक्रिया व उपयोगिता भी समझी। सामाजिक लोकतंत्र के लिए संस्थान संगठन दिल्ली से हिमाचल के फील्ड को-ऑर्डिनेटर तेज सिंह ने बताया कि हमारी इन विरासतों को शांति सद्भाव और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए बचाया जाना जरूरी है। कुछ सकारात्मक सांझी विरासतें समाज के हर संप्रदाय को आपस में जोड़ें रखती हैं, जबकि कुछ नकारात्मक विरासतें समाज को तोड़ने का काम करती हैं, जिसमें छुआछूत भी एक है। सकारात्मक सांझी विरासतों के महत्व और उपयोगिता को देखते हुए इनके संरक्षण संवर्धन और मजबूती के लिए हम सभी को एकजुट होकर क्षेत्रीय स्तर पर साझे प्रयास करने होंगे। अपने समाज को सही दिशा में लेकर जाना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है, जिसके लिए भारतीय संविधान भी हमें रास्ता दिखाता है। इस दौरान सांझी विरासतों को तोड़ने वाले कारकों और शक्तियों पर भी चिंतन मंथन किया गया।

इस कार्यशाला में बतौर अतिथि वक्ता मौजूद रहे मोहर सिंह ठाकुर ने पर्यावरण से जुड़ी सांझी विरासतों के संरक्षण, आजीविका, जहर मुक्त खेती, संस्कृति से जुड़ी सांझी विरासतों का हमारे जीवन पर प्रभाव और महत्व आदि विषयों पर प्रतिभागियों का ज्ञान वर्धन किया। (अनंत ज्ञान)

## भुंतर सुधार समिति दे रही पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर सुधार समिति सामाजिक कार्यों में बहुत ही सराहनीय भूमिका निभा रही है। वहीं, समिति की ओर से पर्यावरण संरक्षण में भी बेहतरीन कार्य कर पर्यावरण का संदेश दिया जा रहा है।

समिति की ओर से जहां कुछ दिन पहले पार्वती वन मंडल के हुरला रेंज के भुईन-ठेला की पहाड़ी में लगभग 150 पौधे रोपित किए गए, जिसमें वन विभाग, ग्लोवल विलेज स्कूल हुरला, प्रेस क्लब कुल्लू व भुंतर ने सहयोग किया था। भुंतर सुधार समिति के सदस्य उसी दिन से लगातार उन पौधों की देखेरेख में लग गए। सुखे से बचाने के लिए समिति की टीम कंधों पर पानी उठाकर पौधों को सिंचाई के लिए जंगल तक पहुंचा रही है। उसी के साथ पौधरोपण की



मुहिम को भी लगातार जारी रखा है। इसी कड़ी में 75वें वन महोत्सव के अवसर पर भुंतर सुधार समिति के सदस्यों ने फिर से भूईन-ठेला की ऊंची पहाड़ियों में सुबह पांच बजे ही पौधरोपण शुरू कर दिया और सैकड़ों पौधे रोपित। भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि सामाजिक कार्यों के लिए समिति के सभी सदस्य दिल से जुड़े हैं और भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### घायल को डॉ. बिंदल ने पहुंचाया अस्पताल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** प्रदेश में सड़क हादसे लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं, जिला मुख्यालय नाहन के पौड़ीवाला के नजदीक नेशनल हाईवे कालाअंब-पांवटा साहिब पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने घायल को अपने वाहन में सवार कर नाहन के डॉ. परमार मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। डॉ. राजीव बिंदल ने बताया कि वह अपनी गाड़ी में नाहन की तरफ आ रहे थे। उन्होंने देखा कि नेशनल हाईवे पर पोड़ीवाला के नजदीक एक कार दुर्घटनाग्रस्त हुई है। कार में एक युवक विनोद घायल हुआ था, जिसे अन्य लोगों की मदद से मेडिकल कॉलेज अस्पताल नाहन में पहुंचाया गया है। अस्पताल में घायल का इलाज चल रहा है।

### वन महोत्सव पर वन रेंज भगानी में किया पौधरोपण



**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब।** प्रदेश स्तरीय 75वें वन महोत्सव के अवसर पर वन रेंज भगानी के गोजर में उपस्थित रहकर पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर डीएफओ पांवटा, वन अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, वन समितियां व अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुखराम चौधरी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान सुखराम चौधरी ने कहा कि हम सब भी इस वन महोत्सव के भागीदार बनें व 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शामिल होकर पौधा लगाएं व उनकी देखरेख करें।

### मां और बच्चे की सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित



**अनंत ज्ञान, नाहन।** विज्ञानं एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एनएसटीसी द्वारा संपोषित की जा रही परियोजना 'मां और बच्चे की सुरक्षा के लिए विज्ञान, वैज्ञानिक जीवन शैली विकल्पों के लिए जागरूकता अभियान और वैज्ञानिक सोच पैदा करना' के अंतर्गत हिम प्रोडक्टिव सोसायटी ऑफ सोशल वेलफेयर, जौणाजी रोड, जिला सोलन द्वारा ग्राम पंचायत देवनी विकास खंड नाहन में मां और बच्चे की सुरक्षा के लिए वैज्ञानिक जीवन शैली विकसित करने हेतु 'विज्ञान मीडिया प्रशंसा और चयन कार्यशाला' के लिए 25 महिला प्रतिभागियों के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के पांचवें दिन जगत राम ने प्रतिभागियों को शिक्षा, संवाद और सूचना की अवधारणा, भूमिका एवं महत्व पर परिचर्चा विषय पर जानकारी प्रदान की। कार्यशाला के समापन अवसर पर पंचायत प्रधान चिंता देवी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र आवंटित किए गए।

### कल बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**दाड़लाघाट।** विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट के तहत 11 केवी दाड़लाघाट, ग्याना व चंडी फीडर में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते दो अगस्त को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली बोर्ड दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि इस दौरान दो अगस्त को बिजली अनुभाग दाड़लाघाट, ग्याना व चंडी के सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी संबंधित लोगों से असुविधा हेतु सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि बिजली लाइनों का मरम्मत का कार्य मौसम पर निर्भर करेगा। उन्होंने बताया कि समय सीमा को रखरखाव के कार्य अनुसार समायोजित किया जा सकता है।

### नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक




**दाड़लाघाट।** ग्राम पंचायत दाउटी के गांव दात्ती घमराडूआ में भगत सिंह विकास युवा क्लब शिवनगर के तत्वावधान में नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत दात्ती घमराडूआ वार्ड सदस्य हेमलता विशेष तौर पर उपस्थित रही। क्लब के प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि युवा सेवा एवं खेल विभाग सोलन के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य गांव के युवाओं और बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। बच्चों ने नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए स्लोगन और पोस्टर बनाए। वार्ड सदस्य हेमलता ने समाज में नशे की समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए सभी से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी उपस्थित जनों ने नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया। शिविर में शालिनी, नमन, महेश, हितेश, निशांत, तरुण, नीरज, राज, लक्ष्य, काजल, पायल, जागृति सहित अन्य बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# किसानों और आढ़तियों को मिलेगा ऑक्शन यार्ड

## सब्जी मंडी सोलन में बनेगा 40 मीटर लंबा और 40 फुट ऊंचा व 20 मीटर चौड़ा शेड, दो करोड़ की आएगी लागत

**आर मोहन चौहान, सोलन**

एपीएमसी ने सब्जी मंडी सोलन में किसानों, आढ़तियों और व्यापारियों की सुविधा के लिए 40 मीटर लंबा 40 फुट ऊंचा 20 मीटर चौड़ा शेड बनाने का निर्णय लिया है। इस पर करीब दो करोड़ रुपए की लागत आएगी। इस संबंध में एपीएमसी ने निजी कंपनी को टेंडर का आवंटन कर दिया है।

दरअसल सब्जी मंडी में रोज लाखों टमाटर और सब्जियों का कारोबार होता है, लेकिन ऑक्शन यार्ड में छत नहीं होने से किसानों की सब्जियां धूप और बारिश में खराब होने का खतरा रहता है। इससे किसानों को उचित दाम भी नहीं मिल पाते हैं। इसको लेकर आढ़तियों और किसानों की लंबे समय से मांग चल रही थी, जो अब पूरी हो गई है।

**किसानों को मिलेगा लाभ :** बाहरी राज्यों से आने वाली व्यापारियों का कहना है कि गीली फसल दूसरे राज्य तक पहुंचने से पहले खराब हो जाने का भय रहता था। इस कारण व्यापारी फसल खरीदने में संकोच करते थे, लेकिन शेड के निर्माण से किसानों की फसलें सुरक्षित रहेंगी और खराब होने का डर नहीं रहेगा। व्यापारी भी बिना चिंता के फसल खरीद सकेंगे।

विशेषज्ञों का मानना है कि शेड निर्माण से न केवल किसानों की समस्याओं का समाधान होगा, बल्कि इससे कृषि क्षेत्र में भी सुधार आएगा। सरकार और स्थानीय प्रशासन को इस दिशा में और अधिक प्रयास करने चाहिएं ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके।

शेड निर्माण की इस पहल से न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, बल्कि इससे कृषि क्षेत्र में स्थिरता और विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।



सोलन सब्जी मंडी का बाहरी दृश्य।

> सब्जी मंडी में किसानों की फसलों की नीलामी खुले में हो रही है जिसके कारण किसानों को अपनी फसल बेचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। खास तौर पर बारिश के दौरान फसल गीली होने के कारण किसानों को उनकी फसलों का सही दाम नहीं मिल पाते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए एपीएमसी ने मण्डी में शेड निर्माण का निर्माण लिया है। जिसपर करीब 2 करोड़ रूपये की राशि खर्च होगी।
>
> **रोशन ठाकुर, चेयरमैन एपीएमसी सोलन।**

### फसलें हर मौसम में रहेंगी सुरक्षित

नए शेड के निर्माण से किसानों की फसलें हर मौसम में सुरक्षित रहेंगी। इससे न केवल फसल की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि व्यापारियों को भी लाभ होगा। एपीएमसी के अधिकारियों का कहना है कि मंडी में किसानों की फसलें सुरक्षित रखने के लिए एक बड़े शेड की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। एपीएमसी सोलन ने इस मुद्दे को सरकार के समक्ष जोरदार तरीके से उठाया, जिसके परिणामस्वरूप मंडी बोर्ड ने इस शेड के निर्माण को मंजूरी दी है। इससे बारिश के दौरान फसलों को खुले में रखने की समस्या का समाधान होगा। गीली फसलों के कारण किसानों को सही दाम नहीं मिल पाता था। बाहरी राज्यों से आने वाले व्यापारी गीली फसल खरीदने में आनाकानी करते थे और फसल के कम दाम लगाते थे, जिससे किसानों को नुकसान होता था।

किसान और व्यापारी दोनों ही इससे लाभान्वित होंगे और उनकी समस्याओं का स्थायी समाधान मिलेगा। (अनंत ज्ञान)

### बंद न किया जाए बनकला में चल रहा क्रशर, डीसी से मिले ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला मुख्यालय नाहन के साथ लगती ग्राम पंचायत बनकला में चल रहे क्रशर को बंद न करने की मांग को लेकर स्थानीय लोगों ने डीसी सिरमौर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में क्षेत्र में चल रहे क्रशर को सुचारु रूप से चलाने और क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोग अवैध खनन का कारोबार प्रफुल्लित करने के लिए क्षेत्र में चल रहे क्रशर को बंद करवाना चाहते हैं, जिसमें दर्जनों लोगों का रोजगार जुड़ा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में एक क्रशर लंबे समय से संचालित है, जिसको बंद करवाने के लिए यहां अवैध खनन माफिया सक्रिय हुआ है, ताकि क्रशर बंद होने के बाद क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार प्रफुल्लित हो सके।

**बोले-अवैध खनन में लगे लोग कुछ लोग ही क्रशर का कर रहे विरोध**

स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त क्रशर से यहां गांव के दर्जनों लोग जुड़े हैं और घर-द्वार पर उन्हें रोजगार मिल रहा है। उन्होंने बताया कि नियमानुसार क्रशर संचालित किया जा रहा है, बावजूद इसके कुछ लोग क्षेत्र में अवैध खनन बढ़ाने को लेकर क्रशर बंद करवाना चाहते हैं। डीसी को शिकायत सौंपते हुए ग्रामीणों ने क्षेत्र में चल रहे क्रशर को सुचारु रूप से चलाने की गुहार लगाई है, ताकि क्षेत्र के लोगों का रोजगार बना रहे।

# टेट कैडर की अधिसूचना बारे पुनः विचार करे सरकार : यूनियन

## उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारी यूनियन की सरकार से बैठक की मांग

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मिनिस्ट्रियल स्टाफ के स्टेट कैडर उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ ने सरकार से अनुरोध किया कि 3 अक्तूबर, 2023 को स्टेट कैडर की अधिसूचना बारे पुनः विचार किया जाए। संघ के पदाधिकारियों ने निराशा जाहिर कि लगभग 10 महीने से वह सरकार से शांतिपूर्वक अनुरोध कर रहे हैं कि सरकार इस बारे उनसे वार्तालाप करे तथा उनके जो शिकायतें हैं, उनका निराकरण करे। संघ ने कहा कि उन्हें स्टेट कैडर से दिक्कत नही है परंतु इसके कारण उनके जो प्रमोशन, वरिष्ठता का नुकसान हो रहा है, उस बारे उनसे सार्थक बातचीत कर निराकरण करे।

संघ ने यह भी अनुरोध किया कि उनकी सीनियोरिटी व वरिष्ठता को पहले की तरह ही रखा जाए ताकि किसी भी कर्मचारी साथी को नुकसान न हो। संघ ने कहा कि उन्होंने कभी भी अपने मांगों को लेकर आंदोलन नही किया है परंतु हमेशा शांतिपूर्वक तरीके से ही अपनी मांगें मनवाने के प्रयास किया है। संघ ने कहा कि अगर उनकी मांगों को लेकर सरकार कोई सार्थक प्रयास नहीं करती तो उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। सरकार द्वारा जनहित में लिए गए फैसलों के लिए वे सरकार के साथ खड़े हैं, साथ ही यह भी अनुरोध किया कि सरकार उनकी जायज मांगों पर विचार करे।

संघ ने यह भी अनुरोध किया कि उनके प्रोमोशनल कोटा में किसी प्रकार की छेड़छाड़ न की जाए। इस अवसर सुदेश तोमर, महासचिव, उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ एवं प्रधान उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ, सिरमौर, महासचिव विजय पल सिंह, नाहन सिटी यूनिट के प्रधान सुमित कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान कीर्ति अग्रवाल, सलाहकार प्रदीप सिंह, राम लाल शर्मा, ददाहू यूनिट के प्रधान गौरव पाठक, पच्छाद यूनिट के प्रधान नरेश शर्मा, अनिल सैनी, कुब्जा देवी सहित अन्य उपस्थित थे।



उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारी पत्रकार वार्ता करते हुए।

### महिलाओं ने ध्यानपुर डैम के आसपास किया पौधरोपण

**दाड़लाघाट।** घणागुघाट पंचायत के अंतर्गत महिला मंडल छिब्बर की महिलाओं ने ध्यानपुर गांव के डैम के आसपास खाली पड़ी भूमि पर पौधरोपण का कार्य किया। महिला मंडल छिब्बर की प्रधान सरला ठाकुर ने बताया कि इन दिनों वन महोत्सव कार्यक्रम के चलते महिला मंडल की समस्त महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण की योजना बनाई और ध्यानपुर गांव के पास बने डैम के समीप खाली पड़ी भूमि पर उन्होंने बीडीसी सदस्य दीपिका तथा पंचायत उपप्रधान प्रवीण कुमार की देखरेख में विभिन्न प्रकार के पौधे रोपे।

इन पौधों में कायल (केलो), डोडणो, झड़िनु तथा दाड़ू के लगभग 150 पौधे लगाए गए। सरला ठाकुर ने कहा कि उनका महिला मंडल ऐसे सामाजिक तथा जागरूकता कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहता है, ताकि पर्यावरण संरक्षण हेतु अपना योगदान दे सकें। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुसुम लता, रीता, लीला, ज्योति,जया, वीना, सरला ठाकुर, दीपिका तथा प्रवीण कुमार ने अपना सहयोग दिया।

### नाहन में किसान सभा ने फूंकी केंद्र सरकार के बजट की प्रतियां



नाहन में केंद्र सरकार के बजट की प्रतियां जलाते किसान सभा के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला मुख्यालय नाहन में किसान सभा ने केंद्र सरकार के बजट की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। किसान सभा के राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि केंद्र सरकार ने चुनाव के समय किए गए वादों को भुला दिया है और किसानों को बजट में दरकिनार किया गया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया बजट आम लोगों के हित में नहीं है। किसानों, बागवानों और मजदूरों के लिए कोई खास योजनाएं नहीं लाई गई हैं। किसानों की समस्याओं और मांगों को बजट में नहीं सुना गया और सभी मांगों को दरकिनार किया गया है। इस दौरान किसान सभा ने केंद्र सरकार के खिलाफ अपना आक्रोश जाहिर किया और बजट की प्रतियां जलाकर विरोध जताया।

राजेंद्र ठाकुर ने कहा कि किसान लंबे समय से अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर संघर्षरत रहे हैं, लेकिन बजट में उनकी अनदेखी की गई है। राजेंद्र ने कहा कि किसान सभा केंद्र सरकार से मांग करती है कि किसानों की समस्याओं और मांगों को बजट में शामिल किया जाए और उनके हितों की रक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि अगर किसानों की मांगों को पूरा नहीं किया गया तो किसान सभा आंदोलन और तेज करेगी।

### हिमकेयर सुविधा को बंद करने का फैसला गरीबों के खिलाफ : नरेंद्र

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला सोलन के उपाध्यक्ष नरेंद्र चौधरी ने कहा कि हिमकेयर सुविधा का बंद करना जनता के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हिमकेयर कार्ड की सुविधा हिमाचल प्रदेश के गरीब परिवारों के लिए अहम थी।

इसके तहत लगभग 31 लाख कार्ड रजिस्टर थे, जिसको हिमाचल की वर्तमान सरकार ने बंद कर दिया है, जिससे हिमाचल की जनता को मिलने वाला लाभ बंद हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बहुत से ऐसे परिवार हैं, जो ऐसी स्थिति में इस कार्ड का लाभ लेते थे और अपने परिवार का इलाज करवाते थे, लेकिन अब यह सुविधा सिर्फ सरकारी हॉस्पिटल में रह गई है।

# सोलन में महिला के पर्स से उड़ाए 8 हजार रुपए

## सीसीटीवी में कैद हुई घटना, पुलिस ने की अनजान लोगों से सावधान रहने की अपील



सोलन में महिला के पर्स से आठ हजार रुपए चोरी करने वाली आरोपी महिलाएं, जो सीसीटीवी में कैद हो गईं।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन के अपर बाजार स्थित कृष्णा जनरल स्टोर में दो महिलाओं ने एक महिला के पर्स से करीब 8 हजार रुपए चोरी कर लिए। घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। मामला एक दिन पहले के बताया जा रहा है। महिलाएं जो हरे और लाल कपड़े पहने हुए हैं, ने बड़ी सफाई से चोरी को अंजाम देते हुए महिला के बैग से छोटा पर्स साफ कर दिया। इसमें करीब 8 हजार रुपए थे। मामले की शिकायत पुलिस को कर दी है। वहीं पुलिस ने अनजान लोगों से सावधान रहने और संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना निकटतम थाना चौकी में देने की अपील की है।

### जनकल्याण योजनाओं के लिए जयराम को आज भी याद करती है जनता : रावत



**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा के जिला सह-मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए प्रदेश की गरीब जनता पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को आज भी याद करती है क्योंकि उन्होंने मुख्यमंत्री का पद संभालते ही अपनी पहली कैबिनेट बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन की आयु सीमा पहले 80 वर्ष से घटाकर 70 वर्ष की और फिर 70 वर्ष से घटाकर 60 वर्ष कर दी है, जिनकी उम्र 70 वर्ष है, उनको प्रति माह 1700 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिल रही है और जिनकी उम्र 60 वर्ष हो गई है, उनको भी बिना आय प्रमाण पत्र 1150 रुपए सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिल रही है। रावत ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री रहते हुए और भी बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं, जिसमें मुख्यमंत्री गृहिणी सुविधा योजना, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, शगुन योजना, सहारा योजना, हिम केयर जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई हैं, जिसका लाभ जनता को मिल रहा है लेकिन सीएम सुक्खू इन जन कल्याणकारी योजनाओं को धीरे-धीरे बंद कर रहे हैं, जिससे गरीब लोगों को बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है।

### 'नई सोच' समूह ने दी शिक्षिका जीवन रीता को विदाई पार्टी



**अनंत ज्ञान, नाहन।** 'नई सोच' ने ठाकुरद्वारा स्कूल से सेवानिवृत्त होने जा रही शिक्षिका जीवन रीता के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह का आयोजन नैना टिक्कर स्थित होटल में किया गया। गौरतलब है कि जीवन रीता एक मृदु भाषी, कर्मठ एवं अनुभवी अध्यापिका रही। अपने जीवन साथी संस्था के निदेशक अनिल शर्मा, पूर्व में मुख्यमंत्री कार्यालय में कार्यरत अधिकारी गीता शर्मा, इंद्रजीत शर्मा व प्राची शर्मा सहित समारोह में बतौर शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने शिक्षा गुणवत्ता के साथ-साथ शिक्षक संगठन को और सशक्त करने का आह्वान किया।

### 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 6 को

**सोलन।** जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने बताया कि एसआईएसलि आरटीए बिलासपुर में सिक्योरटी गार्ड व सिक्योरटी सुपरवाइजर के कुल 50 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू 6 अगस्त को उपरोजगार कार्यालय कसौली में प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किए जाएंगे। जगदीश कुमार ने कहा कि इन पदों के लिए उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता दसवीं और विशिष्ट शारीरिक मापदंड ऊंचाई 168 सेंमी, वजन 56 किलोग्राम तथा आयु 19 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उक्त पदों की विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक विभागीय पोर्टल ई.ई.एम.आई.एस. पर लॉगइन प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को ईईएमआईएस. पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-227242 तथा मोबाइल नंबर 70180-23273 तथा 78768-26291 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

**आयोजन** आध्यात्मिक शिविर से शूलिनी विश्वविद्यालय में बना उत्साहवर्धक वातावरण

# परमहंस योगानंद की शिक्षाएं करती हैं प्रेरित : खोसला

**अनंत ज्ञान, सोलन**

योगदा सत्संग सोसायटी (वाईएसएस) ने हाल ही में शूलिनी विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय आध्यात्मिक शिविर का आयोजन किया, जिसका समापन एक पवित्र क्रिया दीक्षा समारोह के साथ हुआ और लगभग 200 साधकों ने भाग लिया। शिविर का नेतृत्व स्वामी कृष्णानंद गिरि, स्वामी आलोकानंद गिरि और ब्रह्मचारी हरिप्रियानंद ने किया। उनके उत्साहवर्धन और आध्यात्मिक मार्गदर्शन में सभी साधक तरोताजा और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध महसूस कर रहे थे।

स्वामी कृष्णानंद गिरि ने अंतिम दिन प्रार्थना और ध्यान का नेतृत्व किया, जिससे एक पवित्र और उत्साहवर्धक वातावरण बना। आध्यात्मिक स्पंदनों से ओत-प्रोत इस शिविर में भजन और प्राथनाएं हुईं, जो पूरे परिसर में गूंजती रहीं। क्रिया योग में दीक्षित भक्तों ने परिवर्तनकारी अनुभव के लिए गहरा आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम ने 'ऑटोबायोग्राफी ऑफ ए योगी' के लेखक और वाईएसएस के संस्थापक परमहंस योगानंद की शिक्षाओं से प्रेरणा ली गई।

प्रतिभागियों ने शूलिनी विश्वविद्यालय के शांत वातावरण और प्रदान की गई उत्कृष्ट सुविधाओं की प्रशंसा की। वाईएसएस के एक भक्त और लंबे समय से सहयोगी, चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला ने इस अवसर पर कहा कि भक्तों के समर्पण और आध्यात्मिक प्रतिबद्धता को देखकर खुशी होती है। परमहंस योगानंद की शिक्षाएं हम सभी को प्रेरित करती रहती हैं और यह शूलिनी विश्वविद्यालय में इस तरह के पवित्र कार्यक्रम की मेजबानी करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।



शूलिनी विश्वविद्यालय में आध्यात्मिक शिविर के समापन पर स्वामी कृष्णानंद गिरि के साथ साधक।

### कसौली गड़खल पंचायत में सूखा कचरा संग्रहण के लिए वेस्ट बैंक का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन**

वेस्ट वॉरियर संस्था के सहयोग से आज सोलन जिला के कसौली उपमंडल की ग्राम पंचायत कसौली गड़खल में उपमंडलाधिकारी (ना.) कसौली नारायण सिंह चौहान ने सूखा कचरा संग्रहण के लिए वेस्ट बैंक का शुभारंभ किया। उन्होंने सूखा कचरा संग्रहण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

नारायण सिंह चौहान ने कहा कि वेस्ट बैंक का उद्देश्य कचरा संग्रहण करना है। उन्होंने कहा कि वेस्ट वॉरियर संस्था ने ग्राम पंचायत कसौली गड़खल के साथ मिलकर सांझा प्रयासों से पंचायत के 3 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए कचरा प्रबंधन की आदत को अपनाना नितांत आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अग्राह किया कि नष्ट होने योग्य कचरे और नष्ट नहीं होने योग्य कचरे को अलग-अलग कर कचरा उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें, ताकि क्षेत्र को स्वच्छ व सुंदर रखा जा सके।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत कसौली गड़खल के प्रधान राम सिंह, पंचायत सचिव पवन कुमार, एसईबीपीओ धर्मपुर राम स्वरूप वर्मा, वेस्ट वॉरियर संस्था से दीपक बुमरा, सुनील कटवाल, आरजु शर्मा, आशीष ठाकुर, पलक शर्मा, मुकदर सिंह, ईशा, भारती सहित ग्रामीण उपस्थित थे।




सूखा कचरा संग्रहण का शुभारंभ करते एसडीएम कसौली।

## न्यूज ब्रीफ

### बोइंग को दूसरी तिमाही में 1.4 अरब डॉलर का घाटा

**शिकागो (अमेरिका)।** अमेरिका की विमान बनाने वाली कंपनी बोइंग को दूसरी तिमाही में 1.4 अरब डॉलर से अधिक का घाटा हुआ है। इसके साथ ही कंपनी ने अपने



नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) की नियुक्ति की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि रॉकवेल कॉलिन्स के पूर्व सीईओ 64 वर्षीय रॉबर्ट 'केली' ऑर्टबर्ग अगले सप्ताह बोइंग के सीईओ के रूप में कामकाज संभालेंगे। बोइंग का घाटा काफी अधिक रहा है जबकि आमदनी वॉल स्ट्रीट की उम्मीदों से कम रही है। राजस्व में एक साल पहले की तुलना में 15 प्रतिशत की गिरावट आई है और इसके वाणिज्यिक-विमान कारोबार और रक्षा इकाई दोनों को नुकसान हुआ। निराशाजनक परिणाम बोइंग के लिए उथल-पुथल भरे समय में आए हैं। कंपनी ने 'मैक्स' के संबंध में धोखाधड़ी के लिए दोषी होने की दलील पर सहमति व्यक्त की है। इनमें से दो विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए थे, जिसमें 346 लोग मारे गए थे।

### कांग्रेस दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि पार्टी आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) के साथ गठबंधन के कारण पार्टी को लोकसभा चुनाव में नुकसान हुआ है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) प्रमुख देवेंद्र यादव ने कहा कि पार्टी शहर में लोगों तक पहुंच बनाने के लिए 'भारत जोड़ो यात्रा' की तर्ज पर 'दिल्ली जोड़ो यात्रा' निकालने की भी योजना बना रही है। यादव ने कहा, "गठबंधन (आप के साथ) देश के व्यापक हित में किया गया था, लेकिन अब जब हमने इसका मूल्यांकन किया है, तो हमें लगता है कि इससे कहीं न कहीं हमें नुकसान हुआ है।" उन्होंने कहा, "लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने फैसला किया है कि वह विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। हम विभिन्न कार्यक्रमों पर काम कर रहे हैं, चाहे वह संगठन को मजबूत करना हो या जनता से जुड़ने का कार्यक्रम हो। 'दिल्ली जोड़ो यात्रा' इन कार्यक्रमों के तहत निकाली जाएगी।

### चीन ने वायनाड घटना पर संवेदना व्यक्त की

**बीजिंग।** चीन ने केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन की घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के प्रति बुधवार को संवेदना व्यक्त की तथा घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने प्रेस वार्ता में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, "हम पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।" उन्होंने कहा कि इन घटनाओं में अभी तक किसी चीनी नागरिक के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। लिन ने कहा कि भारत स्थित चीनी दूतावास ने पुष्टि की है कि इस घटना में किसी चीनी नागरिक के घायल होने या मौत होने की सूचना नहीं मिली है।

### ब्रिटेन : हिंसक भीड़ ने पुलिस पर किया पथराव

लंदन। उत्तर पश्चिम इंग्लैंड में एक मस्जिद के बाहर ऑनलाइन फैली अफवाहों से भड़के दक्षिणपंथी प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार को पुलिस पर बोतलें फेंकी तथा पथराव किया। इससे एक दिन पहले इसी मस्जिद के समीप चाकूबाजी की घटना में तीन लड़कियों की हत्या कर दी गई थी। प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने इस घटना की निंदा की और कहा कि भीड़ ने उस स्थान पर भी कब्जा जमा लिया है जहां चाकूबाजी की घटना में तीन लड़कियों की मौत और 10 लोगों के घायल होने के बाद शांतिपूर्ण रैली आयोजित की गयी थी। घायलों में से सात की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि हिंसक भीड़ ने एक पुलिस वैन तथा कई गाड़ियों को फूंक दिया। ऐसा माना जा रहा है कि ये लोग दक्षिणपंथी समूह 'इंग्लिश डिफेंस लीग' के समर्थक हैं और यह झड़प हत्या तथा हत्या के प्रयास के संदेह में गिरफ्तार किए गए किशोर की पहचान को लेकर फैली अफवाहों का नतीजा है। मर्सीसाइड पुलिस के सहायक मुख्य कांस्टेबल एलेक्स गॉस ने कहा, "17 वर्षीय एक युवक की स्थिति के बारे में बहुत सी अटकलें लगाई गई हैं जो वर्तमान में पुलिस हिरासत में है और कुछ व्यक्ति इसका इस्तेमाल सड़कों पर हिंसा और अव्यवस्था फैलाने के लिए कर रहे हैं।"

### मध्य प्रदेश में 56 मदरसों की मान्यता रद्द

**भोपाल।** मध्य प्रदेश मदरसा बोर्ड ने राज्य के श्योपुर जिले में बंद पड़े 56 मदरसों की मान्यता रद्द कर दी है। एक अधिकारी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर यह कदम उठाया गया है।मध्य प्रदेश सरकार के मदरसा बोर्ड ने 80 मदरसों में से 56 की मान्यता रद्द कर दी है। इनमें से 54 मदरसे राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त कर रहे थे। शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि राज्य भर के सभी डीईओ को निर्देश दिया गया है कि वे कर्मचारियों से अपने-अपने क्षेत्राधिकार में संचालित मदरसों का निरीक्षण करवाएं। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा है कि स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिले और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।

### नोएडा में झुग्गी में लगी आग, 3 बच्चियों की मौत

**नई दिल्ली।** यूपी के नोएडा में बुधवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया, जब झुग्गी में आग लगने से तीन बच्चियों की मौत हो गई है। पिता बुरी तरह झुलस गया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस मामले का संज्ञान लिया है और हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पीड़ित परिवार की सहायता के निर्देश दिए हैं। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। नोएडा सेक्टर 8 में स्थित झुग्गी में तड़के 4 बजे आग लगी, उस समय सब सो रहे थे। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है।

### ब्रिटेन में इस्लामी प्रचारक अंजेम चौधरी को उम्रकैद

**वूलविच।** ब्रिटेन में इस्लामी कट्टरपंथी नेता अंजेम चौधरी को आजीवन कैद की सजा सुनाई गई है। वूलविच क्राउन कोर्ट ने बीते सप्ताह अंजेम चौधरी को नफरती भाषणों के जरिए लोगों को उकसाने और आंतकी संगठन अल-मुहाजिरोन को चलाने के लिए दोषी पाया था। ब्रिटिश अदालत ने कहा कि अंजेम चौधरी एक आतंकी संगठन चलाता है, जिसका मकसद हिंसक तरीकों से शरिया कानून को पूरी दुनिया में फैलाना है। अल-मुहाजिरोन को एक दशक पहले ही ब्रिटेन में बैन कर दिया गया था। इसके बावजूद वह अलग-अलग नामों से इस संगठन को चला रहा था।

### बंगाल में मालगाड़ी पटरी से उतरी, कोई हताहत नहीं



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी रेल मंडल में रंगापानी स्टेशन के पास बुधवार को एक मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अधिकारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

# वायनाड की जनता के साथ सरकार चट्टान की तरह खड़ी : अमित शाह

## गृह मंत्री ने कहा–आपदा प्रबंधन पर इसी सत्र में आएगा विधेयक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि यह समय केरल के वायनाड की जनता के साथ चट्टान की तरह खड़े रहने का है, इसके लिए मोदी सरकार प्रतिबद्ध है तथा राहत, बचाव एवं पुनर्वास के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

शाह ने सदन को यह भी अवगत कराया कि वह आपदा प्रबंधन पर इसी सत्र में एक विधेयक लाएंगे। उन्होंने प्राकृतिक आपदा पर सदन में लाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भले ही भारत सरकार हो या कोई राजनीतिक दल, (सभी के लिए) आपदा का यह वक्त वायनाड के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़े रहने का है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस दुखद आपदा में जिन लोगों ने अपने स्वजन गंवाए या जो घायल हुए हैं,



उनके प्रति गहरी संवेदनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि भारत के पास दुनिया की सबसे आधुनिक "समय–पूर्व चेतावनी प्रणाली" मौजूद है और 2014 के बाद भारत उन तीन–चार देशों में से एक है, जो आपदा से सात दिन पहले ही पूर्वानुमान साझा करते हैं एवं इस प्रणाली पर कुल 2300 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं।

शाह ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले आपदा के समय सिर्फ बचाव और पुनर्वास होता था, लेकिन मोदी सरकार के समय में इस तरह से बचाव कार्य करने पर ध्यान दिया गया है कि किसी की जान न जाए और नुकसान कम से कम हो।

उन्होंने कहा कि संबंधित तकनीक को विकसित करना और उसमें सुधार लाना केंद्र सरकार का काम है, लेकिन सहकारी संघवाद के तहत लोगों को हटाने का काम तो राज्य सरकार का है। केरल में भारी बारिश की चेतावनी राज्य सरकार को वायनाड में हुए घातक भूस्खलन से कम से कम एक सप्ताह पहले ही दे दी गई थी।

### राहुल ने सरकार से वायनाड के लोगों की मदद का आग्रह किया

**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह केरल के वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों की मदद करे तथा पारिस्थितिकी से जुड़े मुद्दों के समाधान पर ध्यान दे।



उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान सरकार से यह अनुरोध किया। कांग्रेस नेता ने कहा, "यह एक भयावह त्रासदी है। सेना अच्छा काम कर रही है। यह बहुत जरूरी है कि हम वायनाड के लोगों की मदद करें। सरकार से आग्रह है कि इस मुश्किल समय में वायनाड के लोगों की मदद करें।"

# आतंकियों का सफाया करने के लिए इंफ्रारेड लेजर को होगा इस्तेमाल

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

आतंकियों के खिलाफ पुलिस ऑपरेशन में नई धार लाई जाएगी। रात के समय ऑपरेशन चलाते वक्त अपने साथियों की पहचान करने और दुश्मन पर सटीक निशाना लगाने के लिए विशेष उपकरण मंगवाए जा रहे हैं। पुलिस पांच हजार टैक्टिकल (सामरिक उपकरण) खरीदने जा रही है।



इसमें एक हजार इंफ्रारेड लाइट लेजर और 4 हजार इंफ्रारेड पैच शामिल हैं। इंफ्रारेड लेजर जहां रात के समय 800 मीटर दूरी तक दुश्मन को देख लेगा। वहीं इंफ्रारेड पैच रात के समय दुश्मन और अपने साथी के बीच अंतर दिखाएगा। बता दें कि इंफ्रारेड एक तरह का चश्मा होता है। सुरक्षाबल रात के समय इन्हें पहनते हैं। इससे निकलने वाली रोशनी दुश्मन को देख कर उसपर सटीक निशाना लगाती है।

दूसरी तरफ इंफ्रारेड पैच एक जैकेट की तरह होता है, जिस पर एक विशेष स्टीकर चिपकाया जाता है, जो इंफ्रारेड से जुड़ा होता है। स्टीकर और इंफ्रारेड यह अपने साथी और दुश्मन के बीच अंतर बताता है। दूर से ही पता चल जाता है कि पैच पर लगा स्टीकर अपनी यूनिट का है। सूत्रों का कहना है कि रात के समय आपरेशन चलाते वक्त पुलिस आपस में ही न उलझ जाए, इसलिए यह उपकरण मंगवाए जा रहे हैं। यह दोनों आइटम माइनस 30 डिग्री और अधिकतम 50 डिग्री में काम करेंगी। यह किसी भी मौसम में काम करेंगी।

पुलिस ने टैक्टिकल उपकरणों में 40 लाइट मोटर व्हीकल भी मंगवाए हैं। इन्हें टेक्टिकल आपरेशन के हिसाब से डिजाइन किया जाएगा। इन वाहनों की विशेषताओं को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# अग्निवीर योजना राष्ट्रीय हित में : निर्मला सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि अग्निवीर योजना से सशस्त्र बलों को युवा एवं युद्ध के लिए तैयार रखने में मदद मिलेगी और इस विषय पर राजनीति करने की कोई जरूरत नहीं है।



इस योजना की आलोचना को खारिज करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 17.5–21 वर्ष की आयु के युवाओं की भर्ती से वास्तव में सुनिश्चित होगा कि अग्रिम पंक्ति में भारतीय सैनिक हर तरह से तत्पर हैं। उन्होंने उच्च सदन में वित्त वर्ष 2024–25 के बजट पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा, 'योजना का एक अपेक्षित परिणाम यह है कि 17.5–21 वर्ष की आयु के युवकों की भर्ती करने से सशस्त्र बलों के पास बहुत युवा बल होगा। मुझे नहीं लगता कि हमें अनावश्यक रूप से चिंता करने की आवश्यकता है कि इससे किसी प्रकार की विकृति पैदा होगी। बिल्कुल नहीं। सशस्त्र बलों की स्वीकृति के साथ ही इसे लागू किया गया है।'

उन्होंने कहा, 'अग्निवीर ऐसी योजना है जिसे हमने अपने सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रखने और युवा एवं फिट (तंदुरूस्त) लोगों को सेना में लाने की प्रतिबद्धता के साथ लेकर आए हैं।'

### बायजू–बीसीसीआई समझौता मामले में सुनवाई टाली

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने बायजू और बीसीसीआई के बीच मामले के निपटान को लेकर समझौते पर अपना फैसला टाल दिया।

बायजू को कर्ज उपलब्ध कराने वाली अमेरिकी कंपनी के शिक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी के संस्थापक पर पैसे की हेराफेरी के आरोप के बाद न्यायाधिकरण ने फैसला टाल दिया।एनसीएलएटी की चेन्नई पीठ ने बायजू के निलंबित प्रवर्तकों को गुरुवार तक एक हलफनामा देकर यह बताने को कहा है कि रिजू रवींद्रन (बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन के भाई) की तरफ से किया जाने वाला 158 करोड़ से अधिक का भुगतान अवैध तरीके से प्राप्त राशि नहीं है।

**सुप्रीम कोर्ट ने खनिजों पर रॉयल्टी राज्यों को लौटाने के मामले पर सुरक्षित रखा फैसला**

# केंद्र बोला– इस फैसले से आम आदमी पर पड़ेगा व्यापक प्रभाव

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने 1989 से खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर केंद्र की ओर से लगाई गई रॉयल्टी राज्यों को लौटाने के मुद्दे पर फैसला सुरक्षित रख लिया।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने 25 जुलाई को 8:1 के बहुमत वाले फैसले में कहा था कि राज्यों के पास खदानों और खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का विधायी अधिकार है और खनिजों पर दी जाने वाली रॉयल्टी कोई कर नहीं है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से खनिज संपन्न राज्यों के राजस्व में भारी वृद्धि होगी।

**कंपनियां डालेंगी वित्तीय बोझ**

इस फैसले के क्रियान्वयन के संबंध में एक और विवाद खड़ा हो गया। शीर्ष पीठ ने केंद्र, राज्यों तथा खनन कंपनियों की दलीलों को सुनने के बाद इस विषय पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि क्या 25 जुलाई के उसके फैसले को आगे लागू किया जाएगा या पूर्वव्यापी प्रभाव से। केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि 25 जुलाई के फैसले को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू करने से आम आदमी पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि कंपनियां उन पर वित्तीय बोझ डालेंगी। केंद्र ने उस याचिका का विरोध किया, जिसमें खनिज संपन्न राज्यों ने 1989 से खनिजों और खनिज युक्त भूमि पर लगाई रॉयल्टी वापस करने का अनुरोध किया गया है।

रॉयल्टी वह भुगतान है जो उपयोगकर्ता पक्ष बौद्धिक संपदा या अचल संपत्ति परिसंपत्ति के मालिक को अदा करता है।

### आईपीईएफ ने भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उप प्रमुख चुना

**नई दिल्ली।** भारत को आपूर्ति श्रृंखला परिषद का उप प्रमुख चुना गया है। यह परिषद 14 सदस्यीय आईपीईएफ ब्लॉक द्वारा गठित तीन निकायों में से एक है। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत और इंडो–पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क (आईपीईएफ) के 13 अन्य साझेदारों ने आपूर्ति श्रृंखला को जुझारू बनाने के आईपीईएफ के समझौते के तहत तीन निकायों की स्थापना की है। यह समझौता इस साल फरवरी में लागू हुआ। आपूर्ति श्रृंखला परिषद, संकट प्रतिक्रिया तंत्र और श्रम अधिकार सलाहकार बोर्ड की ऑनलाइन हुई उद्घाटन बैठकों ने क्षेत्र में साझेदार देशों के बीच सहयोग के लिए एक कदम आगे बढ़ाया।

# मिसाइल हमले में हमास चीफ इस्माइल हानिया मारा गया

## ईरान का आरोप- इसराइल ने घर पर मिसाइल दागी, एक बॉडीगार्ड की भी मौत

**एजेंसी तेहरान**

**हमास** का पॉलिटिकल चीफ इस्माइल हानिया मारा गया। ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआजीसी) ने इसकी पुष्टि की है। आईआजीसी ने बुधवार सुबह बताया कि तेहरान में हानिया के ठिकाने पर रात 2 बजे (भारतीय समय के मुताबिक सुबह 4 बजे) मिसाइल से हमला किया गया।



इसमें हानिया और उसके एक बॉडीगार्ड की मौत हो गई। हानिया मंगलवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए तेहरान में था। हमास ने हानिया की मौत की पुष्टि कर दी है। ईरान ने इसराइल पर हानिया की हत्या के आरोप लगाए हैं। हालांकि, इसराइल का कोई बयान नहीं आया है। हमास चीफ को कतर की राजधानी दोहा में सुपुर्द–ए–खाक किया जाएगा। हानिया की अगुवाई में ही हमास ने पिछले साल 7 अक्तूबर को इसराइल पर 75 सालों का सबसे बड़ा हमला किया था। इसमें 1,200 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। हानिया की मौत के बाद ईरान में 3 दिन के शोक की घोषणा की गई है। ईरान के स्टेट मीडिया आईआरएनए ने इसकी जानकारी दी। वहीं, हानिया की मौत की खबर सामने आने के बाद ऑयल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड और वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट में बुधवार को उछाल आया है।

### खामेनेई बोले– हानिया की मौत का लेंगे बदला

ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने हानिया की हत्या का जिम्मेदार इसराइल को ठहराया है। उन्होंने कहा कि इसराइल ने हमला करके अपने लिए मुसीबत बढ़ाई है। हानिया को ईरान की जमीन पर मारा गया है इसलिए उसका बदला लेना हमारा फर्ज है।

### लेबनान पर एयर स्ट्राइक, 3 की मौत

**गाजा/तेल अवीव।** इसराइल ने मंगलवार को लेबनान की राजधानी बेरूत पर जवाबी एयरस्ट्राइक की। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 74 लोग घायल हुए हैं। इजराइली सेना का दावा है कि इसमें ईरान समर्थक आतंकी संगठन हिजबुल्लाह के एक आतंकी को निशाना बनाया गया। बताया जा रहा है कि मारा गया आतंकी हिजबुल्लाह कमांडर हज मोहसिन उर्फ फुआद शुकर था।

### पाकिस्तान बोला– इसराइल ने किया आतंकी हमला

पाकिस्तान ने पड़ोसी देश ईरान में हानिया की मौत के लिए इसराइल को जिम्मेदार ठहराया है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इसराइल ने ईरान पर आतंकी हमला किया। इससे शांति की कोशिशें कमजोर पड़ेंगी।

### लोकसभा में भारतीय वायुयान विधेयक पेश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को लोकसभा में भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 पेश किया, जो 90 साल पुराने विमान अधिनियम की जगह लेगा तथा विमानन क्षेत्र के प्रमुख निकायों को ज्यादा शक्ति प्रदान करने वाला होगा। नागर विमानन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने यह विधेयक सदन में पेश किया। रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी (आरएसपी) के सांसद एनके प्रेमचंद्रन ने इस विधेयक का नाम सिर्फ हिंदी में होने को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि यह संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। नायडू ने कहा कि हिंदी में नाम लेकर किसी संवैधानिक प्रावधान का उल्लंघन नहीं किया गया है। हम अपनी पहचान को लेकर आगे बढ़े हैं और इसमें कोई समस्या नहीं होनी चाहिए।

### जातिवार जनगणना पर कांग्रेस व भाजपा कर रही ओबीसी समाज को छलने की कोशिश : मायावती

**एजेंसी, लखनऊ**

**31** जुलाई (भाषा) बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने बुधवार को कहा कि जातिवार जनगणना को लेकर कांग्रेस और भाजपा के सदस्यों के बीच मंगलवार को संसद में हुई तकरार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज को छलने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि जाति आधारित जनगणना जैसे राष्ट्रीय मुद्दे पर केन्द्र सरकार को गम्भीरता दिखाने की जरूरत है। 'एक्स' पर कहा,कि में खासकर जाति व जातीय जनगणना को लेकर कांग्रेस और भाजपा में हुई तकरार (दरअसल) नाटकबाजी व ओबीसी समाज को छलने की कोशिश है।



# गडकरी ने किया चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18% जीएसटी हटाने का आग्रह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से जीवन एवं चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत की दर से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) हटाने का अनुरोध किया है।



वित्त मंत्री को लिखे पत्र में गडकरी ने नागपुर मंडल जीवन बीमा निगम कर्मचारी संघ की चिंताओं को उठाया, जिसने बीमा उद्योग के मुद्दों के संबंध में उन्हें एक ज्ञापन सौंपा था।

उन्होंने कहा, कि जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी लगाना जीवन की अनिश्चितताओं पर कर लगाने के समान है। कर्मचारी संघ का मानना है कि जो व्यक्ति परिवार को सुरक्षा देने के लिए जीवन की अनिश्चितताओं के जोखिम को 'कवर' करता है, उससे 'कवर' खरीदने के लिए प्रीमियम पर कर नहीं लेना चाहिए। इसके अलावा कर्मचारी संघ की ओर से उठाया गया मुख्य मुद्दा जीवन तथा चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को हटाने से संबंधित है। जीवन बीमा और चिकित्सा बीमा प्रीमियम दोनों पर 18 प्रतिशत जीएसटी दर लागू है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी इस व्यवसाय खंड के विकास में बाधक साबित हो रहा है, जो सामाजिक रूप से आवश्यक है। उन्होंने अनुरोध किया कि जीवन तथा चिकित्सा बीमा प्रीमियम पर जीएसटी हटाने के सुझाव पर प्राथमिकता से विचार करें।

# भारत जलवायु संकट के लिए जिम्मेदार नहीं : स्कॉटलैंड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रमंडल** महासचिव पैट्रीशिया स्कॉटलैंड ने कहा कि भारत जलवायु संकट के लिए ऐतिहासिक रूप से जिम्मेदार नहीं है, लेकिन उसे अपने विकास के दौरान पश्चिमी देशों की 19वीं सदी की प्रदूषणकारी प्रथाओं का अनुकरण नहीं करना चाहिए।



स्कॉटलैंड ने कहा कि भारत के पास 2.7 अरब लोगों का प्रतिनिधित्व करने वाले राष्ट्रमंडल नामक 56 देशों के समूह के भीतर विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकी साझा करके एक न्यायसंगत ऊर्जा परिवर्तन का नेतृत्व करने का अवसर है। भारत एक नए, स्वच्छ और सुरक्षित विकास मॉडल का उदाहरण पेश कर सकता है, जो 'ग्लोबल साउथ' के लिए आशा की किरण के रूप में काम कर सकता है। 'ग्लोबल साउथ' शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है।

राष्ट्रमंडल महासचिव ने कहा कि भारत एक विकासशील देश है, जो इस (जलवायु) संकट को पैदा करने के लिए ऐतिहासिक रूप से जिम्मेदार नहीं है, इसलिए भारत की स्थिति 'ग्लोबल साउथ' के कई देशों के समान है और यह बिलकुल सच है।

**अमरनाथ यात्रा** | सुरक्षा काफिलों की निगरानी में 1,654 यात्रियों का एक और जत्था रवाना

# रिकॉर्ड 4.71 लाख भक्तों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

**एजेंसी, जम्मू**

**अमरनाथ** यात्रा को संपन्न होने में अभी कुछ समय है, लेकिन इस बार रिकार्ड संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए। पिछले साल 4.45 लाख श्रद्धालुओं के मुकाबले इस साल अब तक 4.71 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं।

**यात्रा के 19 दिन शेष**



इस वर्ष यात्रा के 19 दिन अभी बाकी हैं। बुधवार सुबह 1,654 यात्रियों का एक और जत्था सुरक्षाकाफिलों की निगरानी में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल पूरी यात्रा के दौरान 4.45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए थे। मंगलवार को पांच हजार श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए थे। इस वर्ष अभी तक रिकार्ड संख्या में 4.71 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इस वर्ष की यात्रा 52 दिनों के बाद 19 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन त्योहार के दिन संपन्न होगी।

# विपक्ष पर वित्त मंत्री का आरोप उनकी हताशा का प्रमाण : जयराम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह दावा उनकी हताशा को दर्शाता है कि निजी निवेश को रोकने के लिए कांग्रेस द्वारा दुष्प्रचार किया जा रहा है।



लोकसभा में बजट पर चर्चा का जवाब दे रहीं सीतारमण ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा था कि भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने व विदेशी निवेशकों को यह संदेश देने की साजिश रची जा रही है कि देश निवेश के लिए सुरक्षित नहीं है। जयराम रमेश ने वित्त मंत्री पर पलटवार करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि भारत में निजी निवेश (घरेलू और विदेशी दोनों) जो भारत के आर्थिक विकास की गति को तेज करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, अभी भी बेहद सुस्त है और इसमें वृद्धि नहीं हो रही है। कॉरपोरेट कर में भारी कटौती और नॉन–बायलॉजिकल पीएम एवं उनके 'चीयरलीडर्स' और उनके लिए ढोल पीटने वालों के आक्रामक पीआर के बावजूद यह स्थिति है। निजी निवेश को रोकने के लिए कांग्रेस के तथाकथित दुष्प्रचार को जिम्मेदार ठहराया है, यह उनकी हताशा को दर्शाता है।

## पदक तालिक (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 08 | 06 | 02 | 16 |
| 02. | जापान | 07 | 02 | 04 | 13 |
| 03. | फ्रांस | 06 | 09 | 06 | 21 |
| 04. | ग्रेट ब्रिटेन | 06 | 06 | 05 | 17 |
| 05. | ऑस्ट्रेलिया | 06 | 04 | 02 | 12 |
| 06. | कोरिया | 05 | 03 | 03 | 11 |
| 07. | अमेरिका | 04 | 12 | 11 | 17 |
| 08. | इटली | 03 | 05 | 04 | 12 |
| 09. | कनाडा | 02 | 02 | 02 | 06 |
| 10. | जर्मनी | 02 | 00 | 01 | 03 |
| 36. | भारत | 00 | 00 | 02 | 02 |

## पेरिस ब्रीफ



स्वर्ण पदक जीतने के बाद खुशी व्यक्त करतीं अमेरिका की महिला जिम्नास्टिक टीम।

### अमेरिकी महिला जिम्नास्टिक टीम को गोल्ड

**पेरिस।** मानसिक स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर टोक्यो ओलंपिक में कई स्पर्धाओं के फाइनल से पीछे हटने वाली सिमोन बाइल्स की अगुवाई में अमेरिकी महिला जिम्नास्टिक टीम ने टोक्यो में स्वर्ण पदक जीतकर आलोचकों के मुंह बंद कर दिए। बाइल्स, जोर्डन चिलेस और सुनिसा ली पहले भी ओलंपिक में पदक जीत चुकी हैं, लेकिन इसी मंच ने उन्हें शारीरिक और मनोवैज्ञानिक घाव भी दिए जो शायद कभी भरेंगे तो नहीं, लेकिन उनकी टीस जरूर इस स्वर्ण से कम हो जाएगी।
अपने कैरियर में इन तीनों ने कई चुनौतियों का सामना किया। तीन साल पहले अपने कैरियर के शिखर पर मानसिक स्वास्थ्य का हवाला देकर टोक्यो ओलंपिक में कई स्पर्धाओं से हटने वाली बाइल्स पर सभी की नजरें थी। टोक्यो में उन्होंने टीम वर्ग का रजत पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक में फाइनल में पहुंचते ही पिछली सारी बुरी यादें तिरोहित हो गई और आखिर में पीले तमगे के साथ खुशी के आंसू थे। अमेरिका की टीम ने 171.296 स्कोर करके इटली और ब्राजील को पछाड़ा। इसके साथ ही बाइल्स ने खेलों के इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज करा लिया। बाइल्स के पास अब बड़ी स्पर्धाओं के 38 पदक हैं जिनमें से 8 ओलंपिक पदक है ।

### जॉर्जियाई निशानेबाज का 10वां ओलंपिक

**शेटराउ (फ्रांस)।** जॉर्जिया की निशानेबाज नीनो सालुकवद्जे ने नौ ओलंपिक में तीन पदक जीतने के बाद खेल को अलविदा कहने का मन बना दिया था, लेकिन अपने



दिवंगत पिता की आखिरी इच्छा पूरी करने के लिए वह यहां लगातार 10वें ओलंपिक खेलों में भाग ले रही है जो महिला वर्ग में रिकॉर्ड है। यह 55 वर्षीय खिलाड़ी उद्घाटन समारोह में जॉर्जिया की ध्वजवाहक थीं। वह लगातार 10वें ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाली पहली महिला और घुड़सवार इयान मिलर के बाद दूसरी खिलाड़ी है। सालुकवद्जे ने 1988 में सियोल ओलंपिक खेलों में सोवियत संघ का प्रतिनिधित्व करते हुए महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में एक स्वर्ण और रजत पदक जीते थे। इसके 20 साल बाद उन्होंने बीजिंग ओलंपिक 2008 में कांस्य पदक जीता था।

### सुरक्षा में फिर चूक, मैदान में घुसा दर्शक

**सेंट एटीने (फ्रांस)।** पेरिस ओलंपिक खेलों में फुटबॉल मैच के दौरान फिर से सुरक्षा में चूक हुई जब अमेरिका और गिनी के बीच खेले गए मैच के दौरान एक दर्शक मैदान में घुस गया। यहां मंगलवार को स्टेड जियोफरॉय गुइचार्ड में अमेरिका की गिनी पर 3-0 की जीत के आखिर में एक व्यक्ति ने मैदान पर दौड़ लगाई। इसी स्टेडियम में अर्जेंटीना और मोरक्को के बीच खेले गए मैच के दौरान दर्शकों ने उपद्रव मचाया था। मोरक्को के प्रशंसक तब मैदान में घुस आए थे जिससे खेल दो घंटे तक रोकना पड़ा था। अमेरिका और गिनी के बीच मैच के दौरान मैदान पर दौड़ लगाने वाला दर्शक गिनी के अलीउ बाल्डे से भिड़ गया था। सुरक्षा कर्मियों ने बाद में उसे पकड़ कर बाहर निकाला।

# सेन प्री-क्वार्टर फाइनल में

## दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी क्रिस्टी को 50 मिनट में 21-18, 21-12 से हराया

**एजेंसी, पेरिस**

अपना पहला ओलंपिक खेल रहे भारतीय बैडमिंटन के 'वंडर ब्वॉय' लक्ष्य सेन ने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेमों में हराकर पेरिस ओलंपिक पुरुष एकल वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता अलमोड़ा के 23 वर्ष के लक्ष्य ने मौजूदा आल इंग्लैंड और एशियाई खेल चैंपियन के खिलाफ यह मुकाबला 50 मिनट में 21-18, 21-12 से जीता।

लक्ष्य का सामना प्री-क्वार्टर फाइनल में हमवतन एच एस प्रणय से हो सकता है जो आखिरी ग्रुप मैच में वियतनाम के ली डुक फाट से खेलेंगे। लक्ष्य के ग्रुप से गुआटेमाला के खिलाड़ी केविन कोर्डन के कोहनी की चोट के कारण प्रतियोगिता से हटने के बाद उनके सभी नतीजों को 'डिलीट' कर दिया गया। लक्ष्य ने रविवार को केविन कोर्डन को हराया था। ग्रुप-एल में अब सिर्फ तीन खिलाड़ियों के बीच चुनौती बाकी थी जबकि पहले चार खिलाड़ी दावेदारी पेश कर रहे थे। इसलिए यह मुकाबला भी नॉकआउट की तरह ही था।

दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी 2022 राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य ने पिछले मैच में दुनिया के 52वें नंबर के खिलाड़ी बेल्जियम के जूलियन कैरेगी को 21-19, 21-14 से शिकस्त दी थी। लक्ष्य ने इससे पहले क्रिस्टी को सिर्फ एक बार चार साल पहले बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में हराया था। दोनों के बीच ओलंपिक मुकाबले से पहले हुए पांच में से चार मुकाबले क्रिस्टी ने जीते थे।



मुकाबले के दौरान शॉट खेलते लक्ष्य सेन।

### ... इधर सिंधू भी प्री-क्वार्टर फाइनल में

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने पेरिस ओलंपिक की महिला एकल स्पर्धा में एस्तोनिया के क्रिस्टीन कूबा को सीधे गेमों में 21-5, 21-10 से हराकर नॉकआउट दौर में प्रवेश कर लिया। रियो ओलंपिक में रजत और टोक्यो में कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू ने यह एकतरफा मुकाबला 33 मिनट में जीता।



इससे पहले उन्होंने ग्रुपएम के पिछले मैच में मालदीव की फातिमा अब्दुल रज्जाक को 21-9, 21-6 से हराया था। सभी 16 ग्रुप से शीर्ष खिलाड़ी प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचते हैं।

पहले मैच की ही तरह सिंधू को इस मुकाबले में ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 73वें स्थान पर काबिज एस्तोनिया की खिलाड़ी 13वीं रैंकिंग वाली भारतीय का सामना नहीं कर सकी।

### हॉकी टीम के सामने बेल्जियम की चुनौती



**पेरिस।** क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर चुकी भारतीय टीम पेरिस ओलंपिक के पूल-बी के मैच में गुरुवार को मौजूदा चैंपयन बेल्जियम के रूप पहली कठिन चुनौती का सामना करेगी तो उसे प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी। बेल्जियम पूल-बी में तीनों मैच जीतकर शीर्ष पर है जबकि भारत दो जीत और एक ड्रॉ के साथ दूसरे स्थान पर है।

### स्वप्निल 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस के फाइनल में

भारत के स्वप्निल कुसाले ने पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है लेकिन ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर चूक गए।

कुसाले क्वालीफाइंग दौर में 590 (38 एक्स) का स्कोर करके 7वें स्थान पर रहे। वहीं ऐश्वर्य प्रताप 589 (33 एक्स) का स्कोर करके 11वें स्थान पर रहे। शीर्ष-8 निशानेबाज ही फाइनल के लिए क्वालीफाई करते हैं।



कुसाले ने नीलिंग में 198 (99 और 99), प्रोन में 197 (98 और 99) और स्टैंडिंग पोजिशन में 195 ( 98 और 97 ) स्कोर किया। वहीं ऐश्वर्य प्रताप ने नीलिंग में 197 (98 और 99), प्रोन में 199 (100 और 99) और स्टैंडिंग पोजिशन में 193 ( 95 और 98 ) स्कोर किया। चीन के लियू युकून 594 स्कोर करके शीर्ष पर रहे जो ओलंपिक क्वालीफिकेशन का रिकॉर्ड है। स्पर्धा का फाइनल गुरुवार को खेला जाएगा।

### तूफान के कारण पेरिस में हाई-स्पीड ट्रेनों की सेवा बाधित

**पेरिस।** स्थानीय तूफान ने पेरिस को देश के दक्षिण-पूर्व के साथ-साथ स्विट्जरलैंड से दोनों दिशाओं में जोड़ने वाली सभी हाई-स्पीड ट्रेन यातायात को बुधवार को बाधित कर दिया। फ्रांस की रेल कंपनी 'एसएनसीएफ' ने कहा कि इससे ओलंपिक और गर्मियों की छुट्टियों के दौरान यात्रा करने वाले वाले हजारों यात्री फंसे हुए हैं।

'एसएनसीएफ' ने कहा कि रेल पटरियों पर पेड़ गिरने के कारण फ्रांस की राजधानी के गारे डे ल्योन ट्रेन स्टेशन से रवाना होने वाली और वहां पहुंचने वाली सभी हाई-स्पीड ट्रेनों की सेवाओं को रोकना पड़ा है। पेरिस के दक्षिण-पूर्व में बरगंडी में एक ट्रेन पेड़ से टकरा गई।

नियमित गति वाली ट्रेन अलग-अलग ट्रैक का उपयोग करती हैं और उनकी सेवा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

### दीपिका महिला व्यक्तिगत वर्ग के अंतिम-32 में



**पेरिस।** भारत की अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी ने एस्तोनिया की रीना परनाट को शूटआफ में 6-5 से हराकर पेरिस ओलंपिक महिला व्यक्तिगत वर्ग के अंतिम-32 में प्रवेश कर लिया। कुछ दिन पहले भारतीय महिला तीरंदाजों की टीम क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड से हार गई थी, जिसमें दीपिका कुमारी के प्रदर्शन की काफी आलोचना हुई थी।

### पदक से एक जीत दूर लवलीना

**पेरिस।** टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) ने ओलंपिक खेलों की मुक्केबाजी स्पर्धा में अपने पहले मुकाबले में नॉर्वे की सुन्निवा होफस्टाड को 5-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। वह लगातार दूसरे ओलंपिक में पदक जीतने और भारतीय मुक्कबाजी में अभूतपूर्व उपलब्धि अपने नाम करने से महज एक जीत दूर हैं।

### टेबल टेनिस : श्रीजा प्री-क्वार्टर फाइनल में



**पेरिस।** भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी श्रीजा अकुला सिंगापुर की जियान झेंग को कड़े मुकाबले में 4-2 से हराकर पेरिस ओलंपिक महिला एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई। श्रीजा ने 9-11, 12-10, 11-4, 11-5, 10-12, 12-10 से जीत दर्ज की। इससे पहले मनिका बत्रा भी अंतिम-16 में जगह बना चुकी हैं। श्रीजा ने 51 मिनट तक चला यह मुकाबला पहला गेम गंवाने के बाद जीता।

## 'बड़े दिल वाला' कप्तान है सूर्यकुमार जो जोखिम लेने से नहीं डरता : सुंदर

**एजेंसी, पालेकल्ल**

ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने सूर्यकुमार यादव को 'बड़े दिल वाला' कप्तान करार देते हुए कहा कि जोखिम लेने की उनकी अद्भुत क्षमता के कारण ही भारत तीसरे और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में श्रीलंका को हराने में सफल रहा।

सूर्यकुमार ने मंगलवार को खेले गए मैच में श्रीलंका की पारी के अंतिम क्षणों में कुछ दिलचस्प बदलाव किए। श्रीलंका को जब 138 रन के लक्ष्य के सामने अंतिम 2 ओवर में 12 रन चाहिए थे तब उन्होंने रिंकू सिंह को गेंद थमाई, जिन्होंने तीन रन देकर दो विकेट लिए। इसके बाद सूर्यकुमार अंतिम ओवर करने के लिए स्वयं आए और उन्होंने भी दो विकेट हासिल करके स्कोर बराबर करवा दिया। सुपर ओवर में श्रीलंका ने केवल चार गेंदों के भीतर दो विकेट खो दिए और भारत ने पहली ही गेंद पर सूर्यकुमार के चौके की मदद से तीन रन का लक्ष्य हासिल कर सीरीज में 'क्लीन स्वीप' किया।



सुंदर ने मैच के बाद कहा," ईमानदारी से कहूं तो यह उनका कमाल है। यह उनकी नेतृत्व क्षमता का कमाल है क्योंकि जीत के लिए जब 12 गेंद पर 12 रन चाहिए थे सब रिंकू सिंह को गेंद सौंपना और वह भी तब जब कुसल परेरा बल्लेबाजी कर रहे हों। रिंकू ने उन्हें आउट किया और सूर्याकुमार स्वयं आखिरी ओवर करने के लिए आए और उन्होंने हमें मैच जिता दिया।''

ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर ने 25 रन बनाने के अलावा दो विकेट भी लिए और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

### मुक्केबाज प्रीति पवार पेरिस ओलंपिक से बाहर

**पेरिस।** भारतीय मुक्केबाजों का पेरिस ओलंपिक खेलों में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा तथा अनुभवी अमित पंघाल और जैस्मीन लम्बोरिया के बाद प्रीति पवार भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार कर बाहर हो गई।



प्रीति ने महिलाओं के 54 किग्रा प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया की पैन अमेरिकन खेलों की चैंपियन और विश्व रजत पदक विजेता येनी मार्सेला एरियास को कड़ी चुनौती दी, लेकिन इसके बावजूद उन्हें 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले पंघाल पुरुष 51 किग्रा वर्ग में और पदार्पण करने वाली महिला मुक्केबाज जैस्मीन 57 किग्रा वर्ग में हारकर बाहर हो गए थे।

### बिलासपुर की 5 वुमंस हैंडबॉल खिलाड़ियों का चयन यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए



यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चयनित हैंडबॉल खिलाड़ी कोच के साथ ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हैंडबॉल खेल में एक अलग मुकाम हासिल कर चुकी बिलासपुर की हैंडबॉल नर्सरी मोरसिंघी की पांच होनहार खिलाड़ियों का चयन अंडर-18 वुमंस यूथ वर्ल्ड चैंपियनशिप के कैंप के लिए हुआ है। यह कैंप साई सेंटर गांधीनगर गुजरात में 31 जुलाई से 9 अगस्त तक आयोजित होगा।

कैंप में चयनित खिलाड़ियों में काजल, खुशी, मुस्कान, आरुषि चैहान और कनिका कुमारी शामिल है। एड हॉक कमेटी हिमाचल हैंडबॉल की सदस्य व इंटरनेशनल कोच एवं हैंडबॉल नर्सरी मोरसिंघी की संचालिका स्नेहलता ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों ने यूथ एशियन चैंपियनशिप से क्वालीफाई किया था। इससे पहले इन सभी खिलाड़ियों ने आईएचएफ ट्रॉफी ढाका में गोल्ड मेडल जीता है। साथ ही सब जूनियर नेशनल्स में गोल्ड मेडल हासिल किया है।

**ओलंपिक टेनिस** अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हार का करना पड़ा सामना

# स्वियातेक ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, पेरिस**

विश्व की नंबर-1 महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बाद चीन की विश्व में 52वें नंबर की खिलाड़ी वांग जियू को सीधे सेटों में हराकर ओलंपिक खेलों की टेनिस प्रतियोगिता के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। फ्रैंच ओपन में चार बार की चैंपियन स्वियातेक ने वांग को 6-2, 6-4 से हराने के बाद कहा कि यह जीत आसान नहीं थी।

स्वियातेक की क्वार्टर फाइनल प्रतिद्वंद्वी आठवीं वरीयता प्राप्त अमेरिकी डेनिएल कोलिन्स होंगी, जिन्होंने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को 6-0, 4-6, 6-3 से हराया। अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गॉफ को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। उन्हें क्रोएशिया की डोना वेकिच ने 7-6 (7), 6-2 से हराया। पुरुष वर्ग में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सी पोपिरिन ने तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्टेन वावरिंका को 6-4, 7-5 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला जर्मनी के टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने टॉमस मचाक को 6-3, 7-5 से हराया।




अमेरिका के टेलर फिट्ज और टॉमी पॉल दोनों आगे बढ़ने में सफल रहे। फ्रिट्ज ने ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को 6-7 (3), 6-3, 6-2 से जबकि पॉल ने चेक गणराज्य के18 वर्षीय जैकब मेन्सिक को 6-3, 6-1 से हराया। पुरुष युगल में स्पेन के राफेल नदाल और कार्लोस अल्काराज ने नीदरलैंड के टालोन ग्रिक्सपुर और वेस्ले कूलहोफ पर 6-4, 6-7 (2), 10-2 से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

एंडी मरे ने भी युगल में भी जीत हासिल की। ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने अपने साथी डैन इवांस के साथ मिलकर दो मैच प्वाइंट बचाने के बाद बेल्जियम के सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 6-3, 6-7 (8), 11-9 से हराया। मरे पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वह ओलंपिक के बाद संन्यास ले लेंगे।

### एंजेलिक कर्बर ने बनाया रिकॉर्ड

**जर्मनी** की 36 वर्षीय एंजेलिक कर्बर ओलंपिक के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई है। उन्होंने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को 6-4, 6-3 से पराजित किया। वह पहले ही घोषणा कर चुकी है कि पेरिस ओलंपिक उनके करियर का अंतिम टूर्नामेंट होगा।



महिला एकल के अन्य मैचों में स्लोवाकिया की अन्ना करोलिना श्मिडलोवा ने इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन में उपविजेता रहीं इटली की जैस्मीन पाओलिनी को 7-5, 3-6, 7-5 से जबकि यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक ने यूनान की 7वीं वरीयता प्राप्त मारिया सककारी को 4-6, 7-6 (5), 6-4 से हराया।

